

रानी ने साइबर अपराध...

7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



व्यक्ति को सरल, सहृदय...

11

■ वर्ष 31 अंक 104 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर रविवार 05 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

## यूपीआईसे से टोल पेमेंट करने पर नहीं लगेगा दोगुना टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने और टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट को कम करने के लिए नया नियम पेश किया है, जो 15 नवंबर से लागू होगा। बदले नियम के तहत नेशनल हाईवे पर बिना फास्टैग वाले किसी भी वाहनों के एंट्री पर उसके पेमेंट के आधार पर अलग-अलग तरह का चार्ज वसूला जाएगा। अगर यूजर्स कैश पेमेंट करता है तो उसे लागू टोल टैक्स का दोगुना भुगतान करना होगा। हालांकि अगर वही यूजर्स यूपीआई या किसी अन्य डिजिटल पेमेंट करता है तो यह टैक्स 1.25 गुना होगा। वर्तमान में कैश और यूपीआई दोनों तरह के पेमेंट से डबल टैक्स लिया जाता है।

## छोटे बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट फ्री

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू-1) के लिए सभी शुल्क माफ कर दिए हैं। इस फैसले से लगभग 6 करोड़ बच्चों को फायदा होने की उम्मीद है। 1 अक्टूबर 2025 से यह छूट प्रभावी हो चुकी है और एक वर्ष तक लागू रहेगी। यह कदम बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा को अपडेट रखने में मदद करेगा।

## पिता ने 4 बच्चों संग नदी में लगाई छलांग

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। कैराना के खेलकला मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदकर जान दे दी। यह दर्दनाक कदम उसने अपनी पत्नी के प्रेमी संग फरार हो जाने से आहत होकर उठाया। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है।

## अमेरिका में हैदराबाद के छात्र की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक दुखद घटना में हैदराबाद के छात्र चंद्रशेखर पोले की गोलीबारी में मौत हो गई। इस घटना की जानकारी पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने शनिवार को दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि चंद्रशेखर, जो एल.बी. नगर का रहने वाला था और दलित समुदाय से संबंधित था, ने भारत में बीडीएस की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद वह अपनी उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका के डालास शहर गए थे।

## कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, 2 की मौत

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद में एक कोचिंग सेंटर में विस्फोट हो गया है। भीषण धमाके से बिल्डिंग के हिस्से उड़ गए। इस हादसे में 2 लोगो की मौत हो गई है, 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिला प्रशासन जांच में जुट गया है। विस्फोट के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। धमाका इतना जोरदार था कि बिल्डिंग के हिस्से 20 मीटर दूर जाकर गिरे।

## मीनाक्षी मंदिर में बम ब्लास्ट की धमकी

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के मदुरै में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर को शनिवार को ईमेल से बम ब्लास्ट की धमकी मिली। मदुरै सिटी पुलिस ने बताया कि सुबह डीजीपी कार्यालय को एक ईमेल मिला, जिसमें दावा किया गया कि मंदिर के अंदर बम लगाया गया है। इसके बाद मदुरै सिटी बम डिस्पोजल यूनिट के पुलिसकर्मी और स्निफर डॉग्स ने मंदिर के अंदर गहन तलाशी ली।

# जीवनभर का जख्म दे रही दवा

## छिंदवाड़ा में एक महीने में अब तक 11 बच्चों की चली गई जान

छिंदवाड़ा/भोपाल

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में किडनी फेल होने से बच्चों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। शनिवार को नागपुर में इलाज के दौरान डेढ़ साल की योगिता ठाकरे ने दम तोड़ दिया। कुल मिलाकर एक महीने में अब तक 11 बच्चों की जान जा चुकी है। बड़कुई गांव की योगिता पिछले 10 दिनों से एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। उसे पेशाब न आने की समस्या (किडनी फेलियर) के चलते पहले परासिया अस्पताल लाया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया था। जानकारी के मुताबिक, जबलपुर के कटारिया फार्मास्यूटिकल ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप सप्लाई की थी। बता दें, इस मामले में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने पहले कहा था कि सिरप से मौतें नहीं हुई हैं। वहीं, जब सरकार ने सिरप पर बैन लगा दिया तब डिप्टी सीएम कह रहे हैं कि- इनमें जहरीले रसायन मिले हैं, जहां भी दिखे जब्त करो। ज्ञात हो कि, साल 2023 में डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस ने सभी राज्यों को पत्र भेजकर बताया था कि इस फॉर्मूले की दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए। इसके बावजूद छिंदवाड़ा के डॉक्टरों द्वारा यह दवा लिखी गई। जिन 11 मासूमों की मौत हुई है, उनमें से 8 की उम्र 4 साल या उससे कम है। जबकि 2 बच्चे 5 साल के ही हैं। इस बीच खुलासा हुआ है कि जो कोल्ड्रिफ सिरप सप्लाई की गई थी, उन्हें जबलपुर से भेजा गया था। हालात की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर ने पहले ही कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस सिरप पर बैन लगा दिया था। छिंदवाड़ा में श्री सन फार्मा कंपनी के मैनेजर की डिमांड पर महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल से इस कफ सिरप की सप्लाई होती थी। खास बात यह है कि कोल्ड्रिफ सिरप के लिए पूरे महाकौशल में सिर्फ छिंदवाड़ा से ही डिमांड आती थी।




### मप्र में भी दो कफ सिरप बैन

इससे पहले तमिलनाडु के बाद मध्यप्रदेश में भी कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस कफ सिरप को बैन कर दिया गया है। इन्हीं सिरप की वजह से छिंदवाड़ा में 11 बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हुई है। सीएम मोहन यादव ने इसकी जानकारी दी है। स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर बच्चों को कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस कफ सिरप देने की बात सामने आई थी। बच्चों की मौत के बाद जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। अब एसआईटी बनाकर राज्य स्तर पर जांच की जाएगी।

## आज सुबह जांच रिपोर्ट मिली: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि छिंदवाड़ा में कोल्ड्रिफ सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस सिरप की बिक्री को पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दिया है। सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है। सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है। इसलिए घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था। आज सुबह जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट के आधार पर कड़ा एक्शन लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा में इस सिरप के कारण जिन 11 बच्चों की मृत्यु हुई है, उनके परिजन को 4-4 लाख रूपये आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। साथ ही उपचाररत बच्चों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी।

## 50-50 लाख का मुआवजा दें: कमलनाथ



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को एक्स पर लिखा है कि जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक छिंदवाड़ा में 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। दुख की इस घड़ी में मेरी भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। यह याद रखना होगा कि यह महज दुर्घटना नहीं बल्कि मानव निर्मित त्रासदी है। मैं मध्यप्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि एक-एक मृत बच्चे के परिजनों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

# बच्चों की कथित मौत के कारण का खुलासा करे सरकार: कांग्रेस

भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने छिंदवाड़ा जिले में अज्ञात बीमारी से 11 बच्चों की मौत पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। गुप्ता ने कहा कि एक तरफ तमिलनाडु की लैब बता रही है कि सीरप में लगभग 48 परसेंट डीईजी पाया गया है जो मौत का कारण हो सकता है। दूसरी तरफ प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री उसे क्लीन चिट दे चुका है। तमिलनाडु सरकार ने फैक्ट्री पर छापा डालकर उत्पादन भी बंद करवा दिया है। तब मध्य प्रदेश सरकार की आंख खुली और उसने सीरप पर प्रतिबंध लगाया। मध्य प्रदेश सरकार के लिए इससे अधिक शर्मनाक क्या हो सकता है कि उसका स्वास्थ्य मंत्री पहले ही सीरप बनाने वाली कंपनी को क्लीन चिट दे चुका है। गुप्ता ने कहा कि सरकार ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कौन सी जांच कराई है? क्या सरकार ने मृतक बच्चों की डेथ ऑडिट कराई है क्या रीनल बायोप्सी से काज आफ डेथ पर पहुंचा जा सकता है? गुप्ता ने कहा कि मध्य प्रदेश में जन स्वास्थ्य की इतनी दुरावस्था है कि बच्चों को छिंदवाड़ा में मेडिकल कॉलेज के होते हुए भी नागपुर इलाज के लिए रेफर करना पड़ता है। सरकार बिल्डिंग बनाने में लगी है लेकिन न तो चिकित्सक हैं ना ही पढ़ाने वाले प्रोफेसर। फिर इन मेडिकल कॉलेज की भीड़ इसलिए लगाई जा रही है ताकि सूखी जलेबियां को शीरा मिलता रहे, कमीशन खोरी जारी रहे। गुप्ता ने कहा कि इतने संगीन मामले में बिना जांच करवाये स्वास्थ्य मंत्री बयान देकर अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। विधानसभा में जिन 200 दवाओं के अमानक होने का जबाब आया था सरकार उनके पुन: परीक्षण की रिपोर्ट जारी करे। गुप्ता ने मांग की है कि स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला तत्काल अपने पद से त्यागपत्र दें।



## जेईई-नीट की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर्स पर नहीं रहना पड़ेगा निर्भर




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अब छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों पर निर्भर नहीं रहने देना चाहता है। इसके लिए बोर्ड ने नई योजना के तहत अपने संबद्ध स्कूलों में ही तैयारी की सुविधा देने की रूपरेखा तैयार की है। सीबीएसई के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड की एक समिति ने सुझाव दिया है कि स्कूलों में विशेष सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज स्थापित किए जाएं। जहां छात्रों को जेईई मेन्स, नीट-यूजी और सीयूईटी-यूजी की प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग नियमित पढ़ाई के साथ ही उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को महंगी कोचिंग का सहारा न लेना पड़े और वे स्कूल स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन पा सकें। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भी इस समय यह समीक्षा कर रहा है कि जेईई और नीट जैसे पेपर 12वीं के पाठ्यक्रम से किस हद तक मेल खाते हैं और कठिनाई स्तर कहीं छात्रों को अतिरिक्त कोचिंग लेने के लिए तो बाध्य नहीं कर रहा। प्रधानाचार्यों के मुताबिक यदि यह योजना लागू होती है तो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और बोर्ड परीक्षाओं की पढ़ाई के बीच संतुलन बनाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# निर्लज्ज हो चुका है चुनाव आयोग

## बिहार मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस का तीखा हमला

नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को बिहार की अंतिम मतदाता सूची में कई गड़बड़ियां होने का दावा किया और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी की 'बी टीम' के रूप में काम करते हुए पूरी तरह से 'निर्लज्जता' पर उतारू है और एसआईआर की प्रक्रिया का मकसद भाजपा व उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आयोग को भाजपा की कठपुतली की तरह नहीं दिखना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद बिहार की अंतिम मतदाता सूची गत 30 सितंबर को प्रकाशित कर दी, जिसके अनुसार राज्य में कुल 7.42 करोड़ मतदाता हैं। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा व उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है।' उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि निर्वाचन आयोग को सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है और भाजपा की 'बी टीम' के रूप में काम कर रहा यह आयोग पूरी तरह से निर्लज्जता पर उतर चुका है।



### कांग्रेस नेता का चुनाव आयोग से सवाल

रमेश ने सवाल किया, 'क्या मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है? अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं, या वह पहले की तरह ही चुप्पी साधे रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'चिंताजनक बात यह है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम कटने की संख्या पिछले चुनावों में जीत के अंतर से अधिक है। हमने पहले दिन से कहा है कि भारत का निर्वाचन आयोग पूरे देश का है और उसे सत्ताधारी दल की कठपुतली की तरह नहीं दिखना चाहिए।

# भारत 6 एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा

नई दिल्ली

भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड को टेंडर जारी किया है। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा, जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है।

**एक मिनट में करेगा 3000 राउंड फायर**



## यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद प्रोविजनल आंसर-की जारी करेगा

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर बताया है कि अब सिविल सेवा की प्रीलिम्स परीक्षा के तुरंत बाद ही प्रोविजनल आंसर-की जारी की जाएगी। यह फैसला उन याचिकाओं के बाद आया है, जिनमें यूपीएससी की पुरानी प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। दरअसल, पहले आयोग आंसर की, कट-ऑफ और नंबर्स की जानकारी पूरी परीक्षा प्रक्रिया खत्म होने के बाद ही जारी करता था। पहले ये जानकारी मेन्स परीक्षा और इंटरव्यू समेत पूरी सिलेक्शन प्रोसेस पूरी होने के बाद दी जाती थी। यानि रिजल्ट आने के कई महीनों बाद जानकारी मिलती थी। 2024 में हिमांशु कुमार और विदुषी पांडे समेत 17 यूपीएससी अभ्यर्थियों ने यह याचिका दाखिल की थी। याचिकाकर्ताओं ने आयोग पर आरोप लगाया था कि वह सिविल सेवा की प्रिलिम्स परीक्षा के बाद उत्तर कुंजी, कट ऑफ अंक और उम्मीदवारों को प्राप्त अंक तुरंत सार्वजनिक नहीं करता। इन सभी बातों की जानकारी पूरी परीक्षा प्रक्रिया खत्म हो जाने के बाद दी जाती है।

## पुलिस को चकमा देकर बरेली पहुंचे सपा सांसद

बरेली/लखनऊ

बरेली में बवाल के 8 दिन बाद पीड़ितों से मिलने जा रहे सपा के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को जाने नहीं दिया गया। हालांकि, आंवला से सांसद नीरज मौर्य पुलिस को चकमा देकर सर्किट हाउस पहुंच गए। इसका पता चलते ही पुलिसवाले पहुंच गए और उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा- तौकीर रजा भाजपा के एजेंट की तरह काम करते हैं। इधर, दिल्ली से बरेली जा रहे सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन और मोहिबुल्लाह नदवी को गाजियाबाद बॉर्डर पर रोका गया। तीनों सांसद करीब 40 मिनट तक अड़े रहे, लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें लौटा दिया। इकरा हसन ने कहा- यूपी में अघोषित इमरजेंसी दिख रही है। कल कोई 'आई लव महादेव' या 'आई लव श्रीराम' लिखेगा तो किसी को आपत्ति नहीं होगी, तो फिर 'आई लव मोहम्मद' में क्या गलत है? लखनऊ में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को पुलिस ने उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क जब बरेली के लिए निकले, तो इंस्पेक्टर राजीव कुमार मलिक उनके सामने खड़े हो गए। काफी देर तक सांसद जाने पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर नहीं जाने दिया। बर्क ने कहा- बरेली में जिनको गिरफ्तार किया गया, उनका क्या दोष है? अगर पुलिस के पास कोई सबूत है कि उन्होंने कोई कानून तोड़ा है, तो वे मीडिया में सबूत पेश क्यों नहीं करते?

# छतरपुर के तालाब में मिले सैकड़ों वोटर कार्ड

## कांग्रेस बोली- यह राहुल गांधी की मुहिम को सही ठहराने वाली घटना

छतरपुर

छतरपुर जिले के बिजावर नगर में शनिवार सुबह राजा तालाब की सफाई के दौरान सैकड़ों असली मतदाता परिचय पत्र पानी में मिले हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी मतदाता परिचय पत्र वार्ड नंबर 15 के हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, सफाईकर्मी जब राजा तालाब की सफाई कर रहे थे, तभी पानी में एक बैग तैरता हुआ दिखाई दिया। बैग को बाहर निकाला गया तो उसमें सैकड़ों ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नगर परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों को दी। प्रत्यक्षदर्शी हीरालाल साहू ने बताया, बैग में करीब 400 से 500 वोटर आईडी कार्ड थे, जिनमें मेरे बेटे का कार्ड भी शामिल है। वहीं मतदाता रितेश अग्निहोत्री ने कहा, ये सभी कार्ड वार्ड नंबर 15 के हैं और पूरी तरह असली हैं। मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष एवं संभागीय प्रवक्ता दीप्ति पांडे ने कहा, बिजावर की यह तस्वीर राहुल गांधी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' मुहिम को साफ तौर पर दर्शा रही है। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव ने कहा, छतरपुर जिला भी अब वोट चोरी की घटनाओं से अछूता नहीं रहा। बिजावर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों वोटर कार्ड तालाब में मिले हैं। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग को तत्काल जांच कर स्पष्ट करना चाहिए कि ये कार्ड कहां से आए और किसने फेंके। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।



### अब तक नहीं बांटे गए ये कार्ड

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ये वही वोटर कार्ड हैं, जो अब तक नागरिकों को बांटे नहीं गए थे। इससे बड़ा सवाल उठ रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटर कार्ड तालाब में कैसे पहुंचे और इन्हें किसने फेंका? प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है और संबंधित बीएलओ से पूछताछ की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जबलपुर-भोपाल-अनूपपुर-शहडोल-उमरिया-कटनी-पन्ना-सतना-रीवा-सिंगरौली-सीधी-दमोह-सागर-नरसिंहपुर-सिवनी-छिन्दवाड़ा-बालाघाट-मण्डला-डिण्डौरी जिलों में प्रसारित

# दुर्गा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं पर पथराव की घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल, प्रशासन की लापरवाही पर उठ रहे सवाल





बुढार (स्वतंत्रमत)

शहडोल जिले के अंतिम छोर पर स्थित केशवाही क्षेत्र में दुर्गा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं पर पथराव होने से स्थिति तनाव पूर्ण हो गई लोगों ने आरोप लगाया कि मस्जिद क्षेत्र की तरफ से लोगों के द्वारा पथराव किया गया जिसमें तीन महिलाएं एवं कुछ पुरुष घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के पश्चात धीरे-धीरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित होने लगी और यह स्थिति अगले सुबह ही एक बड़े आंदोलन के रूप ले ली जिसमें पूरे केशवही क्षेत्र में तनातनी का माहौल निर्मित हो गया हजारों की संख्या में लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और थाना का घेराव किया। इस दौरान बीजेपी मंडल अध्यक्ष शिवम प्रिंस त्रिपाठी, भाजपा जनपद उपाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारी थाने में मौजूद रहे।

### घटना की लोगों ने की कड़ी निंदा, प्रशासन पर आरोप

घटना के पश्चात लोगों ने प्रशासन पर भी तिखी प्रतीक्रिया व्यक्त की लोगों ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा दुर्गा विसर्जन के दौरान जुलूस निकालना एवं प्रशासन का मौके पर उपस्थित न होना बड़े सवाल खड़े कर रही है।

**आमजन ने थाना प्रभारी मुर्दाबाद के लगाए नारे** - थाना प्रभारी झारिया की मुर्दाबाद के नारे लगाए गए लोगों ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी झारिया जितनी मुस्तैदी से पशु तस्करो को सुरक्षा प्रदान करते हैं उतनी मुस्तैदी से यदि दुर्गा जुलूस के दौरान अपने सिपाहियों को तैनात किये होते तो इतनी बड़ी घटना नहीं घटती। लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस की लापरवाही, इस घटना में प्रमुख तौर पर जिम्मेदार है।

### भीड़ ने पुलिस पर मारे पथर काबू करने के लिए पुलिस ने किया लाठी चार्ज

भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव तो पुलिस ने भीड़ को काबू करने के उद्देश्य भीड़ पर लाठी चार्ज किया जिससे भीड़ तीतर भीतर हो गई और पुलिस अपने मंसूबो पर कामयाब रही। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि जुलूस इतने बड़े पैमाने पर निकल रही थी तो पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की क्यों पुलिस मौके से नदारत थी ऐसे कई सवाल प्रशासन पर सवाल खड़े कर रही है।

## भक्ति और उमंग के बीच निकला मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस, गूंजे जय श्रीराम के नारे



**डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम करौंदी में शारदीय नवरात्रि उत्सव के उपरांत परंपरानुसार एकादशी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम से निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत शिवशक्ति चौक चौगान की प्रतिमा से हुई। इसके बाद क्रमशः स्कूल मोहल्ला समिति, आदिवासी समिति संजयनगर, फुटबॉल ग्राउंड समिति एवं बूढ़ी माई संजयनगर समिति की प्रतिमाएं भक्तों की जयकारों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच आगे बढ़ीं। सभी प्रतिमाएं अपने-अपने स्थानों से होते हुए श्री रूद्रेश्वर हनुमान मंदिर बस स्टैंड पहुंचीं, जहां से एक भव्य जुलूस दशहरा मैदान फुटबॉल ग्राउंड की ओर रवाना हुआ। दशहरा मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध और प्रतीकात्मक रावण दहन मुख्य आकर्षण रहा। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे गूंज उठे। इसके उपरांत मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पूरे ग्राम में भव्य भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी, पुष्प अर्पित किए और भक्ति गीतों व नृत्य के साथ विसर्जन यात्रा का स्वागत किया। पूरे ग्राम में धार्मिक उत्साह, भक्ति और उमंग का विशेष वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर माता रानी से ग्राम की सुख-समृद्धि और सभी के मंगल की कामना की।

# कलेक्टर ने गौशाला, विद्यालय, आंगनवाड़ी, उचित मूल्य दुकान स्वास्थ्य केंद्र और महिला प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर ने शनिवार को विकासखंड बजाग के ग्राम कारोपानी के गौशाला, प्राथमिक शाला बांसाटोला, शासकीय उचित मूल्य दुकान, आंगनवाड़ी केंद्र, चल चरखा महिला प्रशिक्षण केंद्र, प्रतिभाशाली विद्योदय ज्ञानदीप, सीएम राइज सांदीपनि स्कूल सुकुलपुरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ासरई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने मां अंबे स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला बांसा टोला का अवलोकन किया। जहां पर गौशाला की स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि 103 गायें दर्ज हैं जिनमें से 95 गाय उपलब्ध हैं, जिन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पशु चिकित्सा विभाग के ब्लॉक समन्वय, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव को गायों को चारा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक



निर्देश दिए। और गांव के समूह के द्वारा खेत में लगाई गई घास उपलब्ध न होने पर ग्राम पंचायत सचिव को लापरवाही करने पर हिदायत दी कि मैं पुनः गौशाला देखने 15 दिवस के अन्दर आउंगी। और गौशाला प्रांगण में कीचड़, साफ-सफाई न होने पर आरईएस सहायक यंत्री और एसडीएम बजाग को सुदृढ व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि गौशाला के पशुओं को चारा, पानी एवं किसी प्रकार की समस्या न हो सके। प्राथमिक शाला बांसाटोला में उपस्थित छात्र-छात्राओं से उपस्थित किताब पढाकर, गणित के प्रश्न पूछकर शैक्षणिक स्तर का जायजा लिया। और शाला प्रभारी को शिक्षा का स्तर बढाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, शौचालय, गणवेश वितरण आदि का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की। ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आधार कार्ड, गैस कनेक्शन, वृद्धा पेंशन आदि समस्याएं रखे जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम बजाग को शिविर आयोजित कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर को कारोपानी का निरीक्षण के दौरान गांव के किसानों ने हिरणों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की बात रखी। जिसपर कलेक्टर ने कहा कि वन वनमंडल अधिकारी के साथ समन्वय कर आपकी समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा। शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर स्टॉक रजिस्टर एवं खाद्य सामग्री का परीक्षण किया। आंगनवाड़ी केंद्र कारोपानी बांसा टोला का निरीक्षण के दौरान 8 बच्चे उपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने कार्यकर्ता को पोषण ट्रैकर में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए तथा महिला बाल विकास अधिकारी से जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों की अद्यतन जानकारी ली।

# कोतमा से मैहर के लिए निकाली गई 7 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा

## शहडोल नगर में मां भक्तों द्वारा पदयात्रियों का किया गया भव्य स्वागत

शहडोल (स्वतंत्रमत)

अनूपपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र कोतमा से माँ शारदा पद रथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब शहडोल में पद रथ यात्रा का आगमन होते ही मां भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया शारदा मां जयकारों से गूंज उठा नगर, जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा पदयात्रियो भक्तों के लिए बुढी माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पदयात्रियों के ठहराव, भोजन और विश्राम की उत्कृष्ट व्यवस्था शहडोल में की गई। भक्ति, श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत यह पदयात्रा न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक है बल्कि समाज में एकता, समर्पण और संस्कारों का संदेश भी देती है। मां के प्रति आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला मध्यप्रदेश में, जहां अनूपपुर जिले के कोतमा से माँ शारदा धाम मैहर तक निकली ऐतिहासिक पद रथ यात्रा में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इस यात्रा में बड़ी संख्या में माताएँ





बहनें और बुढ़े, बच्चे भी शामिल रहें। सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा में भक्तों में उत्साह समर्पण दिखा, हर साल की तरह इस वर्ष भी कोतमा नगर से माँ दुर्गा की प्रतिमा लेकर हजारों श्रद्धालु 300 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पर निकल पड़े। यह ऐतिहासिक यात्रा 2 अक्टूबर दशहरे के दिन कोतमा नगर भ्रमण के बाद सुबह 11 बजे माँ शारदा धाम मैहर के लिए शुरू हुई। यात्रा के दौरान भक्तजन लगातार चलो मैहर चलो मैहर के जयघोष के साथ माता के जयकारे लगाते रहे। 4 अक्टूबर को श्रद्धालुओं ने आरटीओ ऑफिस के पास नाश्ता, शहडोल में दोपहर का भोजन, और घुनघुटी में रात्रि विश्राम किया। यात्रा का समापन 8 अक्टूबर को माँ शारदा धाम मैहर में माता रानी के दरबार में प्रतिमा विसर्जन और आरती के साथ किया जाएगा इसके पश्चात भक्तों द्वारा मैहर नगर भ्रमण और माता के दर्शन के बाद वापसी की जाएगी। नगर में पद रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गांधी चौक और बुढ़ी माता मंदिर पर श्रद्धालुओं का अभिनंदन हुआ। इसी दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कोयला मजदूर संघ के तत्वाधान में 75 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, मांगे नहीं माने जाने पर होगा उग्र आंदोलन

बुढार (स्वतंत्रमत)

कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री नाथू लाल पांडे के निर्देशानुसार 75 सूत्रीय मांग पत्र के संदर्भ में सोहागपुर क्षेत्र में श्रमिकों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया गया। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्रमिकों की मांग को लेकर वरिष्ठ कार्यालय से नजरअंदाज किया जा रहा है श्रमिकों की मांग कई वर्षों से लंबित पड़े श्रमिक पीड़ित है और प्रबंधन ध्यान देने की वजह अपने नियम कायदों से परेशान कर रहा है। इन सभी विषयों को याद दिलाने के लिए संगठन ने हड़ताल का निर्णय लिया है। हड़ताल पर निम्न अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 17 अक्टूबर को सोहागपुर क्षेत्र के सभी खदानों, प्रतिष्ठानों के समक्ष धरना प्रदर्शन, 30 अक्टूबर को क्षेत्रीय मुख्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन, और 13 नवम्बर से चक्का जाम एवं डिस्पैच रोका जाएगा। इसके बाद भी अगर श्रमिकों की मांग का समाधान नहीं हुआ समस्याओं का तो हड़ताल की नोटिस देकर पूर्ण हड़ताल किया जाएगा। 75 सूत्रीय मांगों को लेकर महा प्रबंधक कार्यालय में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के प्रतिनिधि के रूप में महाप्रबंधक मानव संसाधन बलराम हेंब्रम एवं



आईआर प्रभारी सुरेश साहब ने आकर मांग पत्र को रिसीव किया। महामंत्री नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि सोहागपुर क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के प्रति सोहागपुर क्षेत्र की प्रबंधक एकदम उदासीन रवैया है जिसके कारण सभी श्रमिक परेशान हैं हमारे मांग पत्र में श्रमिकों की समस्याओं जैसे कि नए कर्मचारियों को आवास नहीं मिलना, कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं होना, कॉलोनी में साफ सफाई,नाली पेयजल की व्यवस्था नहीं होना, खदान एवं कॉलोनी की सड़कों की जर्जर हालत ,स्कूल बसों का संचालन बंद कर दिया गया, साथ ही श्रमिकों के लिए आवागमन के लिए जो बसें संचालित थी वह भी बंद कर दी गई हैं ऐसी कई गंभीर समस्याएं जो कि हर श्रमिक से जुड़ी हुई है इन्हीं समस्याओं को लेकर 75 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया है। प्रबंधन यदि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं करता है तो हमारे संगठन के द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार धरना प्रदर्शन चकाजाम एवं हड़ताल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कोयला मजदूर संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे जिसमें प्रमुख तौर पर सोहागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री नीरज चतुर्वेदी, अध्यक्ष राकेशकांत पांडे, जेसीसी मेंबर शिव नारायण मिश्रा, वेलफेयर बोर्ड के सदस्य मनोज द्विवेदी सुरक्षा समिति के सदस्य विनीत कुमार द्विवेदी, अमित सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष, हर प्रसाद पटेल उपाध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, आईआर प्रभारी बाबूलाल त्रिपाठी, अमलाई ओ.सी.एम. के सचिव प्रभुनाथ पांडे, जीसीसी आदित्य केवट, अनूप पाठक, खैरहा सचिव अनिल जायसवाल, रामपुर के जेसीसी सदस्य एवं सुरक्षा समिति के सदस्य, गौरव गुरिया दामिनी के सचिव, शिवरत्नाकर आकाश मिश्रा शारदा ओसियम, के जेसीसी प्रदीप पांडे अध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा क्षेत्रीय मुख्यालय के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी सचिव दिनकर त्रिपाठी अनुज दिनेश शर्मा अंकित सोनी बुढार ग्रुप के सचिव मनमोहन मिश्रा घनश्याम शर्मा धनपुरी ओसम से राहुल धोक महेश नारायण पाठक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व वसूली, किसान रजिस्ट्री एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण करने दिए दिशा-निर्देश

डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग के द्वारा तहसील कार्यालय बजाग में पटवारियों की एजेण्डा अनुसार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतें, पीएम किसान ई-केवाईसी, एनपीसीआई, आरओआर, फार्मर रजिस्ट्री, भू-राजस्व वसूली, गिरदावरी एवं भावांतर योजना सहित फसल कटाई प्रयोग संबंधी कार्यों की पटवारीवार समीक्षा की गई।एसडीएम बजाग ने निर्देश दिए कि यदि कोई सीएम हेल्पलाइन शिकायत बिना निराकरण दर्ज किए लेवल-01 से उच्च स्तर पर जाएगी तो संबंधित पटवारी के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। सभी पटवारी शिकायतों की जांच कर तथ्यपरक निराकरण



पोर्टल पर दर्ज करें। यदि शिकायत राजस्व प्रकरण से संबंधित हो, तो निराकरण में प्रकरण क्रमांक, आदेश दिनांक तथा न्यायालयीन प्रकरण होने की स्थिति में न्यायालय का क्रमांक अवश्य उल्लेख करें। उन्होंने कहा कि सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जाए, चाहे वे पीएम किसान योजना के हितग्राही हों या नहीं। इसके साथ ही भू-राजस्व वसूली शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विशेषकर कृषि भू-राजस्व की राशि तत्काल जमा कराने के लिए कहा गया। बैठक में उपस्थित पटवारियों को विभिन्न योजनाओं की प्रगति नियमित रूप से अद्यतन करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# ग्राम सभा के दौरान सचिव से मारपीट, आरोपी पर कार्रवाई की मांग, सचिव संघ ने दी हड़ताल की चेतावनी

डिण्डौरी (स्वतंत्र मत)

ग्राम सभा के दौरान सचिव से मारपीट करने के मामले में आरोपी पर कार्रवाई की मांग करते हुए सचिव संघ ने दी हड़ताल की चेतावनी दी। जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पलकी में आयोजित ग्राम सभा के दौरान ग्राम पंचायत सचिव नारायण प्रसाद बर्मन के साथ उपसरपंच दुर्गेश ठाकुर पिता विजय सिंह ठाकुर द्वारा अभद्रता, गाली-गलौच और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल यह घटना 3 अक्टूबर 2025 की बताई जा रही है, जब ग्राम पंचायत कार्यालय पलकी में शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान लगभग दोपहर 1ः30 बजे आरोपी दुर्गेश ठाकुर ने कार्यालय में प्रवेश कर सचिव से कहा कि 卐एजेंडा कहाँ है, तीन दिन पहले एजेंडा क्यों नहीं चिपकाया गया? इतना कहने के बाद उसने सचिव के हाथ से एजेंडा छीना, गाली-



गलौच की और मारपीट करते हुए गला दबाने का प्रयास किया।

सचिव नारायण बर्मन ने बताया कि आरोपी पेशे से वकील है और पूर्व में भी उनके साथ इसी प्रकार का व्यवहार कर चुका है। 12 दिसंबर 2024 को भी आरोपी द्वारा गाली-गलौच की घटना घटित हुई थी, जिसकी शिकायत संबंधित थाना शाहपुर में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस बार भी सचिव ने थाना शाहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है, परंतु कार्रवाई न होने से सचिव संघ में भारी आक्रोश और भय व्याप्त है। सचिव संघ ने कलेक्टर महोदया को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी पर कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है।

सचिव संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो जनपद पंचायत डिंडौरी के समस्त सचिव सामूहिक हड़ताल पर जाएंगे और शासकीय कार्यों का बहिष्कार करेंगे। सचिव संघ का कहना है कि यदि अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सब अपने आप को असुरक्षित महसूस करेंगे और शासन के कार्य स्वतंत्र रूप से नहीं कर पाएंगे।

# ब्यौहारी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की यात्रा

## तेरा वैभव अमर रहे माँ हम दिन चार रहे ना रहेः बृजवासी लाल गुप्ता

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

बृजवासी लाल गुप्ता सेवा निवृत शिक्षक व राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ ब्यौहारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 1 अक्टूबर को नई दिल्ली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री य नारेन्द्र मोदी के द्वारा आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूरे होने कें अवसर पर दिया गया उद्बोधन व भारत माता की फोटो के साथ स्वयं सेवक का राष्ट्र को नमन करते हुये जारी किया गया 100 रूपये का स्मारक सिक्का व डाक टिकट देखकर मन हर्षोल्लास से भर गया, और ब्यौहारी में संघ की सथापना, यात्रा की यादे हिलोरे मारने लगी, जिनमें कुछ यादे आज भी तरोताजा है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करतें हुए कहा कि ब्यौहारी में संघ की शूरूआत 1960 के दशक में जब मैं 11 वर्ष का था, तब मैं पूरानी तहसील के मैदान में जहॉ आज सिविल अस्पताल स्थापित है वहॉ स्व. श्यामलाल गुप्ता शहडोल के मार्गदर्शन में संघ शाखा की शुरूआत हुई। अल्प आयु होने के कारण संघ के उददेश्यों से उस समय अनभिग्य था, केवल खेल खेलने, गीत गाने की अभिरूचि में प्रतिदिन समय से शाखा में सहगामी रहता था। बहुत दिनो बाद विषम स्थिति के कारण अचानक शाखा लगनी बंद हो गयी, लेकिन श्री गुप्ता द्वारा बोया गया बीज एक दिन पुनः अंकुरित हो गया जब कृषि महाविद्यालय रीवा के सेवा निवृत प्रोफेसर रोशन लाल सक्सेना एवं कल्याण सिंह पवार के प्रवास व उनके प्रेरणा से सन् 1986 में जहॉ पी. श्री शास.कन्या उ.मा.वि. स्थापित है, जहॉ पहले पुलिस थाना भी था। वहॉ रामनरेश केशरवानी प्रथम नगर कार्यवाह (जो आज अस्वास्थता के कारण बेड पर है) द्वारा संघ की शाखा को पुर्नजीवित किया गया। उस समय शाखा में मुख्य रूप से मेरे साथ स्व. श्री बृजभूषण नामदेव एवं चन्द्रभान नामदेव उपस्थित रहते थे, उस समय अच्छी संख्या लगभग 50 के ऊपर रहती थी, मुझे उस समय का संघ का गीत युगो, यूगो से तथा प्रार्थना आज भी पूरा याद है। उक्त गीतो के साथ नगर में पथ संचलन के साथ-साथ नगर के तालाबों के घाटो की सफाई मुख्य मार्गों की सफाई करते थे। हम सभी स्वयं सेवक बडे उल्लास व समर्पण से यह पुनीत कार्य किया करते थे, मै अपने पुराने संघीय साथियों में जो अब नहीं रहे डॉ. रामनारायण गुप्ता, बाबू नंदन गुप्ता



भाईजी, बाल्मीक गुप्ता, रमेश गुप्ता (गॉधी भवन). गंगा श्प्रसाद गुप्ता प्रधान, बृजभूषण नामदेव, दामोदर प्रसाद खरे, रामसिपाही खरे के प्रति इस शताब्दी वर्ष में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। रामनरेश केशरवानी ने पूर्ण मनोयोग तन, मन, धन से समर्पित होकर शाखा का संचालन किया, उनके जीवन की मंगल कामना करता हूं। शाखा में अधिक संख्या बढ जाने के कारण मुझे सायं कालीन शाखा का दायित्व दिया गया, जिसकी शाखा जहॉ विटनरी अस्पताल है, उसके मैदान में लगाते हये संघ शिक्षक के दायित्व का निर्वहन किया। भारतीय जनसंघ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम आदरणीय पं. दीनदयाल उपाध्याय के अव्हान पर 1968 में कच्छ (गुजरात) में आदरणीय स्व. श्री लल्लू सिंह (पूर्व मंत्री) शहडोल के साथ सत्याग्रह किया व दी गई सजा काटी। सत्र 26 जून 1975 में 31 मीसाबंदियों की लच्छित सूची में 09 लोग गिरफ्तार हो गये, शेष मेरे सहित 22 लोग गिरफ्तारी से बच गये मुझे 1967 से 1972 तक भारतीय जनसंघ पार्टी के पुरोधा परम आदरणीय श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे, सुन्दर शिसंह भंडारी, सहस्त्रबुधो एवं रामहित का सानिद्ध एवं आशिर्वाद प्राप्त हुआ तथा उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी की पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से सेवा की। तथा 1969-70 में ब्यौहारी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की स्थापना के समय 01 वर्ष तक प्रथम अवैतनिक आचार्य के रूप में सेवा दी। आर्थिक विषम परिस्थिति होने पर 1972 से शासकीय सेवा में आने के वाद राजनैतिक द्वेवश दूरस्थ जिलों के वनवासी अंचलों में स्थानांतरण का वनवास 14 वर्ष तक झेलना पडा, मुझसे अनूपपुर में साप्ताहिक वर्ग व ब्यौहारी में भी साप्ताहिक वर्ग कराने का दायित्व निर्वहन का अवसर प्राप्त हुआ था। जिसमें रामचन्द्र कटारे कपूरचन्द्र कटारे तथा श्याम लाल गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त होता था। मैं इन पुण्य आत्माओं को भी श्रधांजलि अर्पित करता हूँ। उन्होंने कहा कि मै अपने जीवन के अंतिम पड़ाव मे (78 वर्ष पूर्ण होने पर) ब्यौहारी मे अनवरत संचालित संघ एवं संघीय विचारधारा को पुष्पपित पल्लवित होते देखकर मन हर्षोल्लासित है। मै समस्त स्वयं सेवकों तहसील एवं नगर कार्यवाह के प्रति अति अत्साह से आभार व साधुवाद ज्ञापित करता हूँ और संघ एवं संघ परिवार के उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

# प्रेम, करुणा और आशीर्वाद लुटाती हुई निकलीं मां दुर्गा

## भव्यता के साथ निकला कांचघर और गढ़ा दशहरा चल समारोह

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुरातन काल से भारतवासी मां जगत जननी दुर्गा काली का पर्व 10 दिनों तक पूर्ण आस्था हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव से मानते चले आ रहे हैं । इसी तारतम्य में शहर की उपनगरी कांचघर का दशहरा लगभग 39 वर्षों से मां की अगवानी करता चला आ रहा है । इस हेतु कांच घर दशहरा चल समारोह समिति 2025 का यह भव्य, आकर्षक दशहरा चल समारोह जीसीएफ स्टेट राम मंदिर से रात 8 बजे सबसे पहले भगवान राम का अयोध्या आगमन की खुशी में उनकी पूजा राम मंदिर में पूजा अर्चना कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया के द्वारा किया गया। इसके पश्चात चल समारोह में लगी प्रतिमाओं का फूल, मालाओं एवं श्रीफल भेंट कर शुरुआत की गई । इस अवसर पर दशहरा चल समारोह समिति 2025 के सरमन रजक, एड सुधीर शर्मा, डॉ रमाकांत रावत, मुरली धर राव आदि उपस्थित रहे।





### मप्र धनगर यादव समाज ने की महाआरती

मप्र धनगर यादव समाज द्वारा रामपुर में महाआरती का आयोजन किया गया । जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्य शंकर लाल, धनगर पूर्व कोषाध्यक्ष एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर निर्माण सहयोग राशि के अध्यक्ष रहे। साथ ही राजकुमार यादव पूर्व अध्यक्ष, विनोद यादव पूर्व अध्यक्ष, जगदीश यादव पूर्व कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें। महा आरती शुक्ल पक्ष की एकादशी में आयोजित होती है जिसमें समाज के सभी लोग पहुंच कर भगवान लक्ष्मी नारायण की पूजा अर्चना के बाद महाआरती का आयोजन किया जाता है । महाआरती की आयोजन से पूरे क्षेत्र में एक बड़ा धार्मिक वातावरण का निर्माण होता है और सभी लोग आरती के उपरांत प्रसाद ग्रहण करते हैं।



### शोभायात्रा के साथ माता की प्रतिमा का विर्सजन

जिले के बरगी तहसील के ग्राम पिपरिया में मां दुर्गा की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इसके साथ ही समीप के नदी में मां की प्रतिमा को धूमधाम से विसर्जित किया गया। पिपरिया गांव में पिछले वर्षों से आदिशक्ति मां जगदंबा की प्रतिमा पूजा का नौ दिवसीय उत्सव मनाया जाता है इस वर्ष भी धूमधाम से शारदीय नवरात्र पर मां की विशाल प्रतिमा स्थापित कर नौ दिवसीय पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, पुरुष व बच्चे विसर्जन जूलूस में शामिल हुए।



### क्षत्रिय सभा रानीताल में शस्त्र पूजन



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनाक 02 अक्टूबर को क्षत्रिय सभा रानीताल में शस्त्र पूजन एवं विजयदशमी पर्व का कार्यक्रम मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, सभा के अध्यक्ष ठाकुर रज्जन सिंह बैस, विशिष्ठ अतिथि डॉ अंजू सिंह बघेल एवं अन्य मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भवानी की पूजा अर्चना से प्रारम्भ हुआ। ऋषि जाबाली की तपोस्थली संस्कारधानी में गगनचुंबी अधोसंरचना फ्लाईओवर अन्य विकास कार्यों के लिए राकेश सिंह का सभा में शालख श्रीफल, तलवार, मेमेंटो, सम्मान पत्र एवं पुष्पहार से किया गया। साथ ही साथ समाज के क्षत्रिय संगठनों ग्रामीण क्षेत्र से पधारे सजातीय बंधुओं एवं शहर की सभी महिला संगठनों के पदाधिकारी, दानदाताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभा के सुभाष सिंह गौर, ज्ञानेन्द्र सिंह बघेल, एके सिंह, सरदार सिंह, श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### श्रीराम भरत मिलाप देखकर भावविभोर हुए दर्शक




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । श्री रामलीला समिति गढ़ा के सिद्ध मंच पर लंका पर विजय उपरांत अयोध्या वापस आने पर श्री राम लक्ष्मण एवं माता-सीता का नरेन्द्र तिवारी, दिनेश उपाध्याय, डॉ छाया अरुण मिश्रा, अमित यादव, जालिम सिंह आदि ने जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत श्रीराम भरत मिलाप की रोचक लीला मंच पर हुई इसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। परंपरागत रूप से भरत मिलाप समिति के सदस्यों पूर्व पार्षद दिलीप पटेल, भोलाराम खत्री, महेंद्र कर्ण ,अनिल शुक्ला द्वारा भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन किया गया।

### चल समारोह के दौरान टेंट गिरने से महिला की मौत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । गढ़ा में शुक्रवार को दुर्गा चल समारोह के दौरान गुलौआ चौक स्थित सेंट्रल बैंक के सामने बनाए गए मंच पर लाइट लगाने टेंट के अस्थाई खंबे गिरने से घायल हुई एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में बच्चों , महिलाओं सहित 15 से अधिक लोग घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक हादसे में घायल श्वेता वर्मा नामक महिला की शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि आयोजन समिति ने मंच निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की थी। लोहे के खंभे मजबूती से नहीं लगाए गए थे, जिससे यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे चल समारोह निकाला जा रहा था। मंच के पास बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अचानक जोरदार आवाज के साथ ट्रस (खंबे) गिर गई और लोग उसके नीचे दब गए। मौके पर भगदड़ मच गई, लोग चीखते-चिल्लाते इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### सिहोरा थाने में हुआ शस्त्र पूजन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)**। हिंदू धर्म में अनादि काल से ही विजयादशमी पर्व पर शस्त्रों के पूजन की परंपरा रही है। इसी कड़ी में विजयादशमी के अवसर पर सिहोरा थाना प्रांगण में शस्त्र पूजन किया गया। थाने में पदस्थ थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों ने विजयादशमी पर्व पर शस्त्रों का पूजन अर्चन कर मां दुर्गा से विजयी होने का आशीर्वाद मांगा। साथ ही समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। सिहोरा थाना प्रांगण में शस्त्र पूजन के दौरान माल खाने में रखे बंदूक, पिस्टल, राइफल एवं वाहनों की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजन अर्चन के दौरान माता महाकाली से यह भी आशीर्वाद मांगा की मां कभी ऐसी स्थिति न आए कि इनका इस्तेमाल करना पड़े। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एसडीओपी आईपीएस आदित्य सिंघारिया, थाना प्रभारी विपिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कांचघर दशहरा चल समारोह के दौरान चली गोलियां



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। शुक्रवार को कांचघर के दशहरा चल समारोह के दौरान हवाई फायरिंग से भगदड़ का माहौल निर्मित हो गया। बताया जाता है कि दशहरा चल समारोह के स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस नेताओं के मंच आजू-बाजू में लगे हुए थे, दोनों ओर से मंच का संचालन चल रहा था । इस बीच कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं में आपस में कुछ कहा सुनी हुई और गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दी। तत्काल ही पुलिस ने मोर्चा संभालते ही सभी को वहां से खदेड़ना शुरू कर दिया ।

### सूदखोर महिला की प्रताड़ना से दे दी जान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। सिहोरा थाने में विगत 23 सिंतबर को ग्राम डूंडी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाने की सूचना पर डबरी खेत रामदुलारे उपाध्याय के खेत में 40 वर्षीय बाबूलाल पटैल खेत में लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो पता चला कि सुषमा पटैल ने स्वंय के कथनों के दौरान एसबीआई बैंक एकाउण्ट स्टेटमेंट प्रस्तुत किया जिसमें विभिन्न दिनांकों को बाबूलाल पटैल को लगभग 6 लाख रूपये आनलाईन ट्रांसफर करना बतायी। सुषमा पटैल घटना से 12 दिन पूर्व तक मृतक बाबूलाल पटैल से मोबाइल कालिंग में लगातार सम्पर्क में रही तथा मृतक के मोबाइल पर सुषमा पटेल की फेसबुक आई डी से आपस में चेटिंग घटना के कुछ समय पूर्व तक चैटिंग करना पाया गया। फेस बुक चेटिंग में मृतक द्वारा सुषमा पटेल को उसके कारण फांसी लगाकर आत्महत्या करने का उल्लेख किया गया । जिस पर सुषमा पटैल द्वारा किये गये रिप्लाई मैसेज चेट को स्वंय की तरफ से डिलीट कर दिया गया है। जो पूर्ण रूप से संदेह पैदा करता है सुषमा पटैल द्वारा दी जा रही लगातार प्रताड़ना एवं दुष्प्रेरणा से मरने के लिये बाध्य कर देने से तंग आकर बाबूलाल पटैल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### पुरानी रंजिश भुनाने चाकू से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। सिविल लाईन थाने में घायल को उपचार हेतु मेडिकल कालेज लाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को आर्यन कुचबंधिया उम्र 18 वर्ष निवासी कुचबंधिया मोहल्ला घमापुर ने बताया कि वह रेल्वे स्टेशन में समीर वेंडर के पास प्लेटफार्म नम्बर 5 के कार्नर में काम करता है। रात के वक्त अपने दोस्त की गाड़ी से मोहल्ले के रंगा के साथ निकला था । रंगा के साथ पुल नम्बर 1 के बगल में रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 को जाने वाली रोड़ पर खड़ा था तभी वासु और राजा पटैल अपने अन्य साथियों के साथ आकर पुराने विवाद को लेकर उससे बहस करने लगे। तथा वासु एवं राजा ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर हाथ पैर जांघएवं पेट में चोटें पहुंचा दी । उसका साथी रंगा उसे बचनेलगा तो रंगा को भी चाकू लेकर मारने दौडे रंगा वहां से भाग गया। राजा एवं वासू अपनी मोटर साइकिल में उसे बैठाकर ले गये और मनमोहन होटल के पास फेंक कर भाग गये। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। बेलखेड़ा थाने में नारायण लोधी उम्र 67 वर्ष निवासी सालीवाड़ा ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है । सुबह लगभग 11 बजे उसका नाती राजवीर घर आकर बताया कि बड़े पापा धन सिंह लोधी उम्र 42 वर्ष का निधन ट्रैक्टर पलट जाने से हो गया है। सूचना पर वह घटनास्थल गुल्ला चौराहा के आगे पवन गलवले के खेत मे जाकर देखा उसके बेटे का शव पड़ा है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## आकर्षण का केन्द्र बनेगी उमरिया में बन रही हाईटेक गौशाला



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में उमरिया स्थित हाईटेक गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण शनिवार को महापौर श्री अन्नू ने स्वामी अच्युतानंद महाराज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ किया। इस अवसर पर महापौर ने स्वामी अच्युतानंद महाराज और निगमायुक्त को उमरिया हाईटेक गौशाला की विशेषताओं से अवगत कराया और कहा कि उमरिया हाईटेक गौशाला संस्कारधानी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगी। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि बहुत शीघ्र ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के हाईटेक गौशाला निर्माण की जो सपने हैं उन सपनों को संकल्प के साथ पूरा कर साकार किया जायेगा। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि गौशाला परिसर में गौवंश के लिए शेड (आश्रय गृह का निर्माण, गौवंश के विचरण के लिए खुला स्थान, भूसा नाद, सीसी फर्श, गौ सदन के निर्माण हेतु दीवार, ग्रिल, पानी टंकी का निर्माण, गौ सदन निर्माण के लिए गेट, दीवार की सुरक्षा एवं आर.सी.सी. कर्बड नाली, सुन्दर स्वच्छ तालाब, जिसमें वोटिंग की सुविधा, प्लांटेशन, कैफेटेरिया, और आकर्षक विद्युत साजसज्जा लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ 10 लाख रूपये से गौशाला का निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## पड़ोसियों ने घर से भागते हुए देखे चोर

**जबलपुर** । सिहोरा थाने में दीपचंद बर्मन उम्र 86 वर्ष निवासी वार्ड न.02 ज्वालामुखी सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उमारिया पान जिला कटनी मे सोसायटी मे प्राईवेट कार्य करता है । विगत दिन वह सोसायटी उमारिया पान कार्य करने के लिये चला गया था। उस समय घर पर उसका लडका शरद चंद एवं बहू सरला बर्मन थे। दोनो भी लगभग 02 बजे दोपहर रांझी जबलपुर रिश्तेदार के यहां घर पर ताला बंद करके चले गये थे। पडोस मे रहने वाली श्रीवास्तव परिवार की महिला ने उसकी बहू सरला को फोन करके बताया की आपके घर का दरवाजा खुला है और 2 लोगो को आपके घर से निकल कर भागते हुये देखा है ऐसा लग रहा है कि चोरी करके भागे है। उसकी बहू ने फोन करके चोरी के बारे मे बताया। लौटा और अंदर जाकर देखा घर मे रखी अलमारिया खुली थी। सोने चांदी के जेवर जिसमे सोने का मंगलसूत्र, चूडी, चैन, अंगुठी, कान की झुमकी कान के टॉप्स तथा चांदी के



करधन, पायल तथा नगद लगभग 7000 रुपये नही थे। कोई अज्ञात व्यक्ति दिन मे सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## ऋषि राज विज हुए सम्मानित



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सेठ गोविंद दास वार्ड के पार्षद राकेश पांडे द्वारा अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी एवं महाकौशल खेल रत्न पुरस्कार विजेता ऋषि राज विज की खेल उपलब्धियां को देखते हुए उन्हें शॉल उड़ाकर एवं पुष्प माला पहनकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मौजूद व्हीकल फैक्ट्री सुरक्षा विभाग में कार्यरत एवं ऑल इंडिया डिफेंस पदक विजेता खिलाड़ी रविंद्र कुमार दहायत अक्कू, गौरव डेहरिया, अमित रैकवार, अमित ठाकुर, लखन खाताबिया एवं उमेश यादव आदि ने बधाई दी।

## इथेनाल पर जीएसटी घटा, फिर क्यों नहीं घटे पेट्रोल के दाम

**नागरिक उपभोक्ता मंच ने केन्द्रीय वित्त मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय को भेजी आपत्ति**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने 17 सितंबर को भारत के राजपत्र में अधिसूचना जारी कर इथेनाल पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत घोषित किया है, यह अधिसूचना 22 सितंबर से लागू होकर अब लगभग 10 दिन बीत चुके हैं।, फिर भी केन्द्र सरकार ने पेट्रोल के रेट घटाने पर चुप्पी साधी है। यह आपत्ति डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने केन्द्रीय वित्त मंत्रालय तथा पेट्रोलियम मंत्रालय को भेजी है।




### इथेनाल उत्पादन लागत घटी

आपत्ति में दलील दी गई कि इथेनाल ब्लेंडेड पेट्रोल कार्यकम के तहत पेट्रोल में इथेनाल का 20 प्रतिशत तक मिश्रण किया जा रहा है, इथेनाल उत्पादन की लागत घटाने के लिए पूर्व के 18 प्रतिशत के जीएसटी को घटाकर वर्ष 2022 में उसे 5 प्रतिशत कर दिया था। उपभोक्ता मंच ने बताया कि ऐसी 13 प्रतिशत की कमी जीएसटी में होने के कारण इथेनाल उत्पादन की लागत एकदम घट गयी थी, ऐसे में इथेनाल मिश्रण के 20 प्रतिशत के हिसाब से पेट्रोल के रेट्स केन्द्र सरकार को घटाने चाहिए थे। फिर भी सरकार चुप बैठीं। अब तो पुनः जीएसटी घटाया गया, इथेनाल उत्पादन लागत फिर से और भी घटी है। से में उसका लाभ मिलना यह उपभोक्ताओं का हक बनता है। अब इथेनाल पर जीएसटी कुल 15.5 प्रतिशत घटा है ।

### ट्राले की टक्कर से युवक की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मझौली थाने में देर रात्रि रामसुम्मेर छोटे भैया पटैल उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम दौनी ने सूचना दी कि उसके 2 बेटे हैं । उसका छोटा बेटा वीरू उर्फ वीरेन्द्र पटैल उम्र 26 वर्ष सुबह से घर से बिना खाना खाये चला गया था रात लगभग 8-30 बजे गांव के बालमुकुन्द शुक्ला घर आकर बताये कि आपके लड़के वीरेन्द्र पटैल का राधा रानी ढाबा के पास मझौली में एक्सीडेंट हो गया है तो वह अपने बड़े बेटे सोनू पटैल के साथ घटनास्थल राधा रानी ढाबा के पास पहुॅचा। देखा वहां पर लोगों की भीड़ लगी थी जिसमें ट्राला के पीछे उसके बेटे वीरू की मोटर साइकिल पड़ी थी । वीरू मोटर सायकल के पास पड़ा था कुछ बोल नही रहा था सिर में चोट थी जिसे आटो से शासकीय अस्पताल मझौली लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर वीरू उर्फ वीरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। वीरू की मृत्यु ट्राला की टक्कर से आई चोटें के कारण हुयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# सीट बढ़ाने को लेकर नर्सिंग छात्राओं ने किया प्रदर्शन

## नगर में निकाली रैली, सांसद और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन






बालाघाट(स्वतंत्र मत)

नर्सिंग की पढ़ाई के लिए छात्राओं को हर मोड़ पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां लाख जतन के बावजूद भी उन्हें सरकारी कालेजो में एडमिशन नहीं मिल पा रहा है, तो वही आए दिन आवेदन निवेदन ज्ञापन सौपने के बावजूद भी सरकार द्वारा सरकारी कॉलेज में प्रवेश के लिए सीट नहीं बढ़ाई जा रही हैं। हलाकि सीट बढाए जाने की मांग को लेकर 3 दिन पूर्व बुधवार को किए गए प्रदर्शन में चार कॉलेज की जगह आठ कॉलेजो में चॉइस फिलिंग करके, 515 के अतिरिक्त 345 सीटे बढ़ाई गई है, जिनकी संख्या अब 860 हो चुकी है लेकिन इसपर भी छात्राएं नाराज हैं। जहां इस पढ़ाई के लिए परीक्षा में पास होने वाली छात्राओं की संख्या अधिक होने और सीट की संख्या अब भी काफी कम होने पर अपनी नाराजगी जताते हुए शनिवार को एक बार फिर नर्सिंग की छात्राओं ने नगर में एक रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जहां अपनी मांगों को लेकर छात्राओं ने सांसद निवास पर पहुंचकर सासंद भारती पारधी से मुलाकात की तो वही रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपनी इन मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी कर ज्ञापन भी सौपा हैं। जहां उन्होंने च्वाईस फिलिंग 6 अक्टूबर की समय सीमा को बढाए जाने के साथ-साथ च्वाइस फिलिंग के लिए प्रदेश के सभी 22 सरकारी कॉलेजो में 1800 के करीब सीटों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने मांग पूरी न होने पर उनका यह प्रदर्शन जारी रखने की भी चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि नर्सिंग कालेजो की सीट बढाए जाने की मांग को लेकर नगर में लगातार तीन दिनो में छात्राओं का यह दूसरा बड़ा आंदोलन था, जो हनुमान चौक से प्रोटेस्ट लेकर चली थी और सांसद भारती पारधी से मुलाकात करके, अपनी समस्या को लेकर, चर्चा की। सांसद भारती पारधी ने छात्राओं की मांगो को जायज बताते हुए हरसंभव, सरकार और विभाग से चर्चा कर, समस्या को दूर करने का भरोसा दिलाया हैं। वही छात्राओ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचकर पुनः इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौपा हैं। नर्सिंग छात्राओं ने प्रोटेस्ट करते हुए सरकार की नीति रीति पर सवाल खड़े किए हैं।छात्राओं ने सरकार से कहा कि बेटी पड़ाओ, बेटी बचाओ का नारा तभी सिद्ध होगा, जब नर्सिंग की छात्राओ को सरकारी कॉलेज आबंटित किया जाएगा, ना कि उन्हें प्रायवेट कॉलेजो में धकेला जाएगा। छात्राओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह बेटियो को शासकीय कॉलेज में पड़ने से वंचित कर रही हैं। यह स्थिति उस बालाघाट जिले की है, जहां सेक्स रेसो-दर, महिलाओं का ज्यादा होने और बड़ी संख्या में छात्राओं को अच्छे अंक लाने के बावजूद, उनका शासकीय कॉलेज में सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है, जिसके खिलाफ बालाघाट जिले की बेटियां पड़ने को लेकर अपनी आवाज उठा रही है। छात्राओ ने सरकार पर ,जानबूझकर उन्हें परेशान किए जाने का आरोप भी लगाया हैं।

छात्रा अंजली किरार ने बताया कि हमें, इतनी क्षमता नहीं है कि हम ज्यादा फीस देकर प्रायवेट में पड़ सके। हम केवल पड़ाना चाहते है और सरकार से मांग करते है कि जिस तरह से हमारे पहले प्रोटेस्ट के बाद सीटों को बड़ाने के साथ ही कॉलेजो की संख्या बड़ाई गई, उसी प्रकार, हम चाहते है कि सभी 22 कॉलेज को साईट पर डाला जाए, ताकि चयनित छात्राएं, वहां प्रवेश ले सके। छात्राओं ने बताया कि अच्छे अंको से पास होने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है।, 6 अक्टूबर का दिन, छात्राओं के लिए ब्लैक-डे ना बनने दे।

## वृद्धजन के लिए मददगार बनी आपातकालीन संजीवनी-108 सेवा



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

तिरोड़ी तहसील के ग्राम हथौड़ा निवासी वृद्ध जन धुवे प्रसाद लेदे पिता मारुती लेदे के लिए स्वास्थ्य विभाग की आपातकालीन सेवा संजीवनी-108 मददगार बन गई है और उनकी जीवन रक्षा में सहायक बनी है। इसमें संजीवनी-108 एम्बुलेंस के ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले एवं पायलेट प्रवीण का बहुत बड़ा योगदान रहा है। ग्राम हथौड़ा के बुजुर्ग व्यक्ति धुवे प्रसाद लेदे 03 अक्टूबर की रात्रि में माँ दुर्गा प्रतिमा विर्सजन देखने घर से बाहर निकले थे। तभी अचानक पैर फिसलने से वे नीचे गिर गये और उनके दांये कुल्हे के पास से पैर की हड्डी टूट गई। उनके पुत्र फागूलाल लेदे व चित्रसेन लेदे के द्वारा संजीवनी-108 में फोन किया गया। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले व पायलेट प्रवीण संजीवनी-108 एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल ग्राम हथौड़ा पहुंचे। लेकिन वृद्ध जन धुवे प्रसाद के घर तक का पहुँच मार्ग बहुत संकरा होने के कारण एम्बुलेंस का घर तक पहुंचना संभव नहीं था। तब ईएमटी डॉ गौरी शंकर पटले व ग्रामीण जन के सहयोग से मरीज को ईसपाईन बोर्ड में एम्बुलेंस तक पहुँचाया गया एवं मरीज की स्थिति को देखते हुए ईएमटी डॉ पटले द्वारा मरीज को जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया। समय पर अस्पताल पहुंच जाने से धुवे प्रसाद को बहुत राहत पहुंची है। यदि समय पर संजीवनी-108 एम्बुलेंस की सेवा नहीं मिलती को धुवे प्रसाद के साथ अनहोनी घटना हो सकती थी।

## कलकत्ता में पुलिस-नक्सली के बीच मुठभेड़ राशन लेने गांव में पहुंचे थे नक्सली

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के नक्सल प्रभावित गांव कलकत्ता में देर रात्रि को हाकफोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई हैं। नक्सली अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में कामयाब हुए हैं। पुलिस की माने तो कीचड़ में नक्सलियों के जूते के निशान मिले हैं, जिसके आधार पर उनके आधे दर्जन या उससे ज्यादा हाने का अनुमान हैं। जानकारी अनुसार, किरनापुर थाना के किन्हीं पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले नक्सल प्रभावित गांव कलकत्ता की घटना हैं। जहां देर रात 11 बजे करीब पुलिस और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुई हैं। बताया जा रहा हैं कि 10 से 12 राउंड पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई हैं। घटना के बाद पुलिस ने जंगल में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया हैं, हालांकि इस घटना की अधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। बता दें कि कलकत्ता गांव में राशन सामग्री लेने के लिए 05 नक्सली आने की पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने गांव में पहुंची और नक्सलियों को पुलिस की आहट लगते ही जंगल की ओर भागने लगे तभी नक्सलियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल मुठभेड़ में किसी नक्सली के मारे जाने की कोई जानकारी नहीं है। जिले में पिछले 15 दिनों के भीतर नक्सलियों की यह दूसरी मौजूदगी है। इससे पहले 17 सितम्बर को लांजी के चौरिया जंगल में नक्सलियों ने देवेन्द्र यादव नामक युवक की हत्या कर दी थीं। नक्सलियों ने देवेन्द्र को पुलिस मुखबिर बताया था, जबकि बालाघाट पुलिस ने उसे निर्दोष ग्रामीण युवक बताया था। परसवाड़ा-मलाजखंड दलम ने देवेन्द्र की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

## कटंगी-खैरलांजी क्षेत्र में दशहरा पर्व पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विधायक गौरव सिंह पारधी हुए सम्मिलित

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



दशहरा पर्व के पावन अवसर पर कटंगी-खैरलांजी जनपद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान जगह-जगह रामलीला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भंडारा का आयोजन हुआ। रात्रि में विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्राम अगासी, सालेबर्डी, जराहमोहगांव, तिजु टेकाड़ी, छतेरा, बमनी, आजनबिहरी और नीम चौक में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर उत्सव में भाग लिया और ग्रामवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें अमित अग्रवाल, राजेश बकोरी, प्रदीप सुराना, रमेश अग्रवाल, पीयूष दीक्षित, शैलेंद्र घरडे, सतीश असाटी, महावीर करनावट, प्रवीण दीक्षित, नरेश लुनावत, अमित सुराणा, विक्की अग्रवाल, विवेक शर्मा, नैतिक अग्रवाल, ऋषि सुराणा सहित अनेक लोग शामिल हुए। साथ ही सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति छतेरा रोड कटंगी, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के सभी सदस्य और जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोडे, सरपंच दीपक पुष्पतोडे, परदेसी गाड़ेकर, गेंदलाल पुष्पतोडे, रविन्द्र पुष्पतोडे, संजय गोपाले, राजू मेश्राम, जसवंत धुर्वे, संतोष मानेश्वर, सुभाष मेश्राम, गांधी रहांगडाले, संगीत हनवत, छोटू भैरम, अवलेश पारधी, अश्विनी हनवत, राज कटरे, रीतिक रहांगडाले, पप्पू मरठे, मोतीराम कावरे, मुन्ना मिश्रा, ठानेराम पंजरे, गणेश मातरे, जितेंद्र पंचेश्वर समेत समस्त आयोजन समिति के कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में दशहरा उत्सव हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया।

## खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** नरवाई अर्थात फसलों के अवशेष खेतों में जलाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही किसानों एवं खेती के लिए उपयोगी कीट नष्ट हो जाते है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण बालाघाट जिले में खरीफ-2025 की धान की फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर 2,500 से 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा लगाया जाएगा। नरवाई जलाने से आगजनी की घटनाओं के कारण जन-धन की हानि, वातावरण का तापमान बढ़ना, पर्यावरण प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति व लाभकारी सूक्ष्म जीवों का नष्ट होना जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पवन्न होती हैं। साथ ही खेत की जलधारण क्षमता भी प्रभावित होती है। कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई जलाने के स्थान पर सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर और रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें। इससे खेत में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ेगी, भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी और अगली फसल की उत्पादकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

# नगरीय प्रशासन आयुक्त ने मानपुर में की योजनाओं की समीक्षा

उमरिया (स्वतंत्रमत)



नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगर परिषद मानपुर सभागार में विभागों की समीक्षा की। इस दौरान सभी निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 व अमृत 1.0, 2.0 एवं समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं एवं सी.एम. हेल्पलाइन, लोक निर्माण में शासन द्वारा अमृत 2.0 के तहत् वाटर बॉडी, पार्क व कायाकल्प अभियान 1.0, 2.0 एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस-3 एवं 4 की समीक्षा की गई। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने निकाय द्वारा निर्मित वार्ड क्र. 07 की बी.टी. रोड में लगाये गए साइड पट्टी का निरीक्षण किया एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत् चल रहे वृक्षारोपण के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। अमृत 2.0 के तहत् वाटर बाडी तालाब का निरीक्षण वार्ड क्र.11 पुन्नहाई तालाब में किया गया एवं शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत फेस-4 में वार्ड क्र. 07 में बनाई गई सी.सी. रोड जो कि तहसील को जोड़ती है, का शहडोल से आई हुई लैब से कोर कटर टेस्ट करवाया गया जिसका आयुक्त द्वारा खुद अपने समक्ष पूरी जांच करवाई गई एवं अन्य निरीक्षण में संविदाकार एस.के. कंस्ट्रक्शन (प्रो.प्रा. शिवम कोल) रीवा जिला-रीवा (म.प्र.) को नोटिस काटने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि 5 लाख से ऊपर की समस्त सी.सी. एवं बी.टी. रोड का कार्य पूर्ण होने पर प्रीकास्ट बोर्ड लगवाया जाए एवं उसमें योजना का नाम व लागत राशि लिखी जाए जिसके बाद ही ठेकेदार का अंतिम भुगतान किया जाए। आयुक्त द्वारा नगरीय निकाय की आय बढ़ाने हेतु राजस्व वसूली में विभिन्न मदों में वसूली करने हेतु निर्देश दिए गए एवं नगर परिषद में चल रही विभिन्न योजनाओं को समय में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक आर.पी. मिश्रा एवं कार्यपालन यंत्री अरविंद शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा न. परि. मानपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया किशन सिंह ठाकुरएवं उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल न.परि. मानपुर व शहडोल की लैब टीम एवं नगर परिषद मानपुर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दशहरा पर्व पर विधायक मानपुर की उपस्थिति में आयोजित हुआ पुलिस शस्त्र पूजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



दशहरा पर्व के अवसर पर पुलिस लाईन उमरिया में विधायक मानपुर, कलेक्टर उमरिया एवं पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर गुरुवार दिनांक 02.10.2025 को पुलिस लाईन उमरिया में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सुश्री मीना सिंह माननीय विधायक (वि.स. क्षेत्र मानपुर), कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी की उपस्थिति में विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन किया गया इसके बाद वाहनो की भी पूजा की गई। पुलिस अधीक्षक उमरिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणो का आभार व्यक्त किया गया साथ ही सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी गई। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में माननीय विधायक, कलेक्टर उमरिया, पुलिस अधीक्षक उमरिया के साथ-साथ जिला पंचायत सीईओ, वन विभाग के फील्ड डायरेक्टर, अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया, अनु. अधि. पुलिस उमरिया, प्रभारी रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी महिला थाना, चौकी प्रभारी सिविल लाईन, प्रभारी आर्म्स शाखा पुलिस लाईन एवं अन्य अधिकारी ध् कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। 'उमरिया पुलिस की ओर से आप सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं साथ ही उमरिया पुलिस आप सभी से अपील करती है कि पर्व को शांति एवं आपसी सौहार्द के साथ मनावे, किसी भी भ्रामक खबरो ध् अफवाहों को प्रसारित न करें।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत पाली मंडल में भाजपा की बैठक संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन आत्मनिर्भर भारत को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी मंडल पाली की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न की गई। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व कार्य समिति सदस्य मिथलेश पयासी राजेंद्र तिवारी और पाली मंडल अध्यक्ष राधा तिवारी की मौजूदगी रही। बैठक कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का उद्देश्य जिले के हर नागरिक तक पहुंचाया जाए, साथ ही उन्हें स्वदेशी उत्पाद के उपयोग, स्वदेशी जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प दिलाया जाए। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दुकानों पर जाकर व्यापारियों को स्वदेशी उत्पाद बेचने की अपील करे। इसके अलावा व्यापारियों को कम की गई जीएसटी के बारे में व्यापारी और उपभोक्ताओ को होने वाले लाभ की भी जानकारी प्रदान करे।

## आदर्श कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वदेशी जागरूकता सप्ताह का समापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



म. प्र. शासन के उच्च शिक्षा विभाग के कैलेंडर के अनुसार आदर्श महाविद्यालय में17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत और 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत चित्रकला, स्वदेशी अपनाओ विकसित भारत बनाओ थीम पर भाषण ,प्रश्न मंच, परिचर्चा आदि का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीबी सोंदिया के मार्गदर्शन और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नियाज अहमद अंसारी के उत्साहवर्धन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी रेम सिंह हटिला के संयोजन में सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता ही सेवा,स्वच्छता ही संस्कार है के अंतर्गत,परिचर्चा, वृक्षारोपण,जैविक खेती के संबंध में जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों के प्रति नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित की गई। जिला चिकित्सालय के सहयोग से महाविद्यालय में रक्तदान एवं स्किल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर आयोजित हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा चित्रकला,निबंध एवं प्रश्नमंच आदि प्रतियोगिताओं के साथ-साथ,ऊर्जा संरक्षण एवं लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। 3 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का समापन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। समापन कार्यक्रम के साथ ही स्वामी विवेकानंद रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ . परमेश्वर सिंह मरावी के संयोजन में गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती पर सत्य, अहिंसा स्वावलंबन,स्वदेशी जागरूकता आदि पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभय पांडे, डॉ. अन्सारी,डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं डॉ नवीन उपाध्याय ने अपने विचार रखे स उक्त कार्यक्रमों में निशी कर्ण, डॉ राजीव तिवारी, डॉ. हरेन्द्र कुमार, डा. जुगुल किशोर, डा. विष्णुकांत, डा. रिचा तिवारी, डा. रश्मि साकेत, डा. वीरेन्द्र विश्वकर्मा,सुनील हिरवे,दिनेश विश्वकर्मा,उदित नारायण आदि का विशेष सहयोग रहा।

## 69वीं राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में 69वीं राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक तथा राष्ट्रीय स्तर पर शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर शालेय प्रतियोगिता का आयोजन के संबंध में खिलाड़ियो, अधिकारियों के आवागमन, आवास, खेल मैदान, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने आयोजन के पूर्व स्टेडियम ग्राउंड की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए।मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पीआईयू,आबकारी विभाग को आवास व्यवस्था, आवासीय क्रीडा परिसर भरौला में करने के निर्देश दिए। पीआईयू विभाग को फुटबाल खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत की लगभग 30 टीमें भाग लेगी। इसी तरह 69वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक वर्ग के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि 13 से 17 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए आवास व्यवस्था मंगल भवन, सामुदायिक भवन,उत्कृष्ट विद्यालय,कालरी स्कूल,नेहरू कान्वेंट स्कूल,बालक कैंप, कोरल पब्लिक स्कूल एवं आईपीएस स्कूल में की जाए। रेल्वे स्टेशन से आवास तक लाने के लिए स्कूल की बसों को लगाया जाए। उन्होने समितियो का गठन कर खेल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## पेंशनर की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आज वरिष्ठ नागरिक पेंशनर की जिला शाखा की बैठक महिष्मति घाट स्थित गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में दोपहर बाद 1 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें नवगठित शाखा चिरईडोंगरी के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण का सम्मान विगत 15 सितंबर को आयोजित रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम की समीक्षा विगत माह में सेवानिवृत हुए पेंशनरों का सम्मान व पेंशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे।

## बम्हनी में हुआ रावण दहन

**मण्डला/बम्हनी।** महावीर एशोसिएशन आजाद चौक समिति के द्वारा रावण का दहन किया गया दशहरा के दूसरे दिन आज चल समारोह का आयोजन महावीर एशोसिएशन आजाद चौक चौरसिया मोहल्ला समिति बम्हनी बंजर कर द्वारा बस स्टैंड बम्हनी बंजर में पहुंचकर आतिशबाजी का आयोजन किया गया ततपश्चात दशनन की पूजन कर दहन किया गया समिति द्वारा आयोजित आयोजन को देखने के लिए बम्हनी बंजर और आस-पास गांव का जनसमूह बस स्टैंड पहुंचकर आयोजन का आनंद लिया। इस पूरे आयोजन में पुलिस थाना बम्हनी बंजर के थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने अपने दलबल के साथ आयोजन को सफल बनाने में भूमिका रही।

## मिनी पार्क में किया पौधारोपण

**मंडला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** नगर परिषद भुआबिछिया के द्वारा शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा एवं अंगीकार हरित महा अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 13 के मिनी पार्क में वृहद वृक्षारोपण किया गया। यह कार्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस सारस एवं एचआर कुरैशी उपयंत्री के मार्गदर्शन में किया गया। यहां पर रजनी मरावी अध्यक्ष नगर परिषद भुआबिछिया पार्षद प्यारेलाल कोराम, शशिकांत श्रीवास्तव, अजयपुरी गोस्वामी, पूनम रजक सहित नगर के जनप्रतिनिधिगण एवं कर्मचारीगण के द्वारा वृक्षारोपण किया गया है।

## रक्त दान के साथ पौधारोपण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बीजाडांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर से प्रतिष्ठित विशेषज्ञों का दल आया और मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही जरूरतमंदों को चश्मे व अन्य सामग्री वितरण किए गए कार्यक्रम के पूर्व 75 पौधा रोपित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष रतन ठाकुर संयोजक डॉ विजय आनंद मरावी जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन एवं वेदप्रकाश कुलस्ते ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## केहरपुर में आम सभा की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत खापाकला आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केहरपुर में आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई मंच की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी उमेश शुक्ला ने की एवं पत्रकार जाकिर खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस बैठक में 28 ग्रामों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए मुख्य विषय आगामी धान फसल का क्रय-विक्रय रहा। इस अवसर पर हरेंद्र मसराम ने कहा कि धान की उपार्जन सुचारू रूप से हो सरकार को पत्र लिखकर जनजाति विकास योजना के अंतर्गत मांग की जाए कि कपिलधारा कूपों में शीघ्र ही विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि 28 ग्रामों के किसानों को लाभ मिल सके।

## प्रभावित किसानों को मिली राहत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अतिवृष्टि के कारण जिले में धान की फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावित किसानों को राहत राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री द्वारा निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राहत राशि का अंतरण किया गया। स्थानीय एनआईसी कक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में 12 किसानों को कुल सहायता राशि प्रदान की गई।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का शस्त्र पूजन सम्पन्न

# शस्त्र हमें धर्म समाज और परिवार की रक्षा का देता है संदेश



मण्डला(स्वतंत्रमत)।

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बिनैका के चांदनी चौक में नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयोजन स्थल के सामने शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया शस्त्र पूजन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमियों ने हिस्सा लिया सनातनी धर्म प्रेमियों के द्वारा शस्त्र पूजन किया गया ग्राम पंचायत बिनैका में दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसके चलते भागवत पुराण पंडाल में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण भी शस्त्र पूजन में सम्मिलित हुए सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम, श्री हनुमान और माँ दुर्गा का पूजा पाठ और मंत्रउच्चारण कर विधि विधान के साथ धर्म, देश, और परिवार की रक्षा के लिए उठाये जाने वाले शस्त्रों की पूजा की गई विभाग संगठन मंत्री अरविंद बघेल के द्वारा बताया गया कि शस्त्र हमे धर्म, समाज और परिवार की रक्षा के साथ देश की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा की असत्य पर सत्य की विजय जोकि रामायण काल से ही शस्त्र पूजा की परंपरा चली आ रही है। वहीं जिला मुख्यालय के बम्हनी नगर में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा गांधी चौक में शस्त्र पूजन का आयोजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता ने डीजे, बैंड बाजे और बजरंगियों के हाथों में भगवा ध्वज और जय श्री राम के नारों के साथ बम्हनी बंजर सिविल लाइन पेट्रोल पंप के सामने से रैली निकली गई और नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। बजरंग व्यायाम शाला कान्हीवाड़ा जिला सिवनी से आये युवाओं के द्वारा रैली में नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह शस्त्रों का जोरदार प्रदर्शन किया गया जिसे देखने के लिए बम्हनी नगर में दर्शकों एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई और रैली ने गाँधी चौक पहुंचकर प्रभु श्री राम, श्री हनुमान जी और माँ दुर्गा का पूजा पाठ और मंत्र उच्चारण कर विधि विधान के साथ धर्म, देश, और स्वयं की रक्षा के लिए उठाने वाले शस्त्रों की पूजा की गई वही कार्यक्रम में उपस्थित एवं कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। वक्ताओं ने शस्त्र पूजन को शौर्य का प्रतीक बताया और कहा मां दुर्गा की आठों भुजाओं में कोई न कोई शस्त्र हमे दिखाई देता है। जो हमे धर्म, समाज और परिवार की रक्षा के साथ देश की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा रामायण काल से ही शस्त्र पूजा की परंपरा चली आ रही है। विजया-दशमी के दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर लंका विजय की थी। मान्यता है कि रावण का वध करने से पहले भगवान राम ने शस्त्रों की पूजा की थी। तभी से इस दिन शस्त्र पूजन किया जाता है। वही जिला मुख्यालय के नेहरू स्मारक दुर्गा पंडाल में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके वहीं मुख्यवक्ता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय किसान मंत्री प्रमोद राय,और प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज बघेल उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन नेहरू स्मारक दुर्गा उत्सव समिति पंडाल में जगत जननी मां दुर्गा, एवं श्रीराम और भक्त बजरंग बली के तैल्यचित्र पर मध्य प्रदेश शासन की मंत्री संपत्तियां उइके माल्यार्पण करते हुए शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया गया। उसके बाद शस्त्र पूजन में आए अतिथियों को तिलक लगाते हुए भगवा वस्त्र भेंट किए गये और गुरुकुल से आई मां दुर्गा का स्वरूप कन्याओं के द्वारा शस्त्रों का जोरदार प्रदर्शन किया गया वही रामभक्तों को संबोधित करते हुए कार्यकारिणी अध्यक्ष स्वराज बघेल ने कहा कि नवरात्रि आरंभ से लेकर विजयदशमी तक पूरे भारत वर्ष में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल शस्त्र पूजन का आयोजन करता है। मंत्री उईके ने कहा कि शस्त्र पूजन शौर्यता का प्रतीक है उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की अराधना का पर्व चल रहा है उनकी आठों भुजाओं में कोई न कोई शस्त्र हमे दिखाई देता है जो हमे धर्म की रक्षा, समाज की रक्षा, परिवार की रक्षा के साथ देश की रक्षा का संदेश देता है। वहीं मुख्य वक्ता ने कहा की अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांत अध्यक्ष स्वराज बघेल ने कहा कि 14 अगस्त 1947 को देश का विभाजन किया गया और जनसंख्या से अधिक जमीन का आवंटन किया गया। यह सामाजिक सेवा परियोजनाओं में शामिल रहा है। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा, प्रदेशमंत्री शशि पटेल, मंडला, अनीता तिवारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के राष्ट्रीय किसान मंत्री प्रमोद राय, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज बघेल, संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव, विभाग मंत्री अरविंद बघेल, जिलाध्यक्ष रामगोपाल यादव, महामंत्री सागर पटेल, जिला मंत्री सुमित लांजीवार, अध्यक्ष विशाल चन्द्रोल, महामंत्री प्रवीण यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष राहुल कछवाहा, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुशवाहा जिला गौ रक्षा प्रमुख सुमित सोनी, नगर अध्यक्ष कैलाश कछवाहा, प्रांत संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव जिला अध्यक्ष विशाल चंदौल, जिला महामंत्री प्रवीण यादव, महामंत्री सागर पटेल, कार्य अध्यक्ष सुनील कछवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कछवाहा उपाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, सह संगठन मंत्री प्रकाश यादव, जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वन्यजीव संरक्षण सप्ताह में कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में क्षेत्र संचालक उपसंचालक तथा सहायक संचालक के निर्देशानुसार पंडरापानी ईको विकास समिति द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति सदस्यों के साथ जागरूकता रैली से हुई जिसमें वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से नारे एवं पोस्टरों के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया। रैली के उपरांत एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वन्यजीवों की सुरक्षा उनके संरक्षण के उपाय तथा मानव वन्यजीव संघर्ष की चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक सहभागिता के रूप में ग्राम के दुर्गा पंडाल में 51 फीट की चुनरी चढ़ाई गई। समिति सदस्यों एवं आमजन के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें क्षेत्र के समस्त वन विभागीय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर कन्या भोजन तथा हवन-पूजन का आयोजन भी किया गया जिसमें स्थानीय जनता की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वन्यजीव संरक्षण तक सीमित न होकर समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहित करना रहा।

# दुग्ध समृद्धि संकल्प अभियान में दे रहे जानकारी

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

शासन के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संकल्प अभियान का आयोजन जिले भर में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों को पशुपालन से होने वाले आर्थिक एवं पोषण संबंधी लाभों के प्रति जागरूक करना है।

पशु पालन विभाग के उप संचालक यूएस तिवारी ने बताया कि कलेक्टर मण्डला सोमेश मिश्रा मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित यह विशेष अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है जिसमें विभाग की टीम गांव-गांव जाकर पशुपालकों को जागरूक कर रही है। अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को मुख्यत: तीन प्रमुख विषयों पर जानकारी दी जा रही है पशु पोषण उचित आहार से दूध उत्पादन कैसे बढ़ाया जा सकता है। पशुओं का



स्वास्थ्य टीकाकरण बीमारियों की पहचान और समय पर इलाज की जानकारी नस्ल सुधार कृत्रिम गर्भाधान व उच्च नस्लों के उपयोग से उत्पादन क्षमता में वृद्धि तीन चरणों में चयन यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है प्रथम चरण ऐसे पशुपालकों का चयन किया गया है जिनके पास 10 या उससे अधिक दूध देने वाले पशु हैं।

द्वितीय चरण इसमें 5 से 10 दूधारू पशु रखने वाले पशुपालक शामिल किए गए हैं। तृतीय चरण अंत में 1 से 5 पशुओं वाले छोटे पशुपालकों को जोड़ा गया है। 150 पशुपालन विभाग के कर्मचारी इस अभियान में लगे हुए हैं। कुल 5000 दूधारू पशुओं को इस मुहिम में शामिल किया गया है। यह अभियान ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभाग का अमला घर-घर जाकर जानकारी दे रहा है।

पशुपालकों को यह बताया जा रहा है कि किस तरह से थोड़े से संसाधनों में भी वे पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बना सकते हैं। साथ ही सरकार की योजनाओं अनुदानों मुफ्त टीकाकरण शिविरों और नस्ल सुधार कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जा रही है। यह अभियान पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देकर न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि पोषण स्तर में भी सुधार होगा। शासन की यह पहल आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

# भावांतर योजना को लेकर मंडी में बैठक सम्पन्न

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

मुख्य सचिव के आदेश अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी में किसान व्यापारियों, प्रतिनिधियो के बीच मंडी सचिव कन्हैया मरकाम की अध्यक्षता मैं बैठक संपन्न हुई श्री मरकाम ने बताया भावांतर योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 विपणन वर्ष 25-26 में ई उपार्जन पोर्टल पर 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सोयाबीन के पंजीयन किए जाने का राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है इस हेतु खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा धान ज्वार एवं बाजार की ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन किए



जाने के संबंध में विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है सोयाबीन फसल का ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की व्यवस्था पंजीयन केन्द्रो के निर्धारण की बात के साथ ही अधिक से अधिक सोयाबीन फसल का पंजीयन करवाने सोयाबीन का भावांतर मूल्य 5328 प्राप्त करने की अपील किया किसानों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा खेत सड़क योजना चालू किए जाने मक्का का समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने या भावांतर भुगतान योजना से जोड़े जाने हलोन परियोजना से 19 ग्राम पंचायत एवं एक नगर परिषद को उद्वाहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से जोड़े जाने मंडीक्षेत्र में व्यापारियों द्वारा किसानों का अनाज को कम तोले जाने से किसानों का हो रहा नुकसान को लेकर तोल कांटों का सतत निरीक्षण किए जाने मांग की गई भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष जमुना यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश राजपूत, भाजपा उपाध्यक्ष राकेश यादव, व्यापारी प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद साहू, युवराज साहू,अख्तर खान, प्रगतिशील किसान लेखन सिंह राजपूत, नरेंद्र धुर्वे,राजेंद्र यादव, भानु राजपूत,संजू यादव,रामराज राजपूत, दौलत राजपूत, अत्तू यादव, राजेश यादव, शिवरतन साहू पुरुषोत्तम पंजी साहू अमर सिंह भरोसा लाल डीहाराम धानु लाल, लल्लू सिंह छगन सिंह शिवरतन साहू ददन यादव, श्याम बरकडे, नीतू यादव, मंगल गोस्वामी,नागेश यादव सहित मंडी समिति के स्टाफ सहित नागरिक उपस्थित रहे।



## एकल नृत्य के साथ गरबा

**मण्डला/मोहगांव (स्वतंत्रमत)।** नवरंग उत्सव बालिका समिति की बालिकाओं के द्वारा बस स्टेंड रामलीला मैदान मोहगांव में सामूहिक गरबे का आयोजन किया गया जिसमें मां दुर्गा की आरती के पश्चात कन्या पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया बालिकाओं के द्वारा एकल नृत्य एवं गरबे की विशेष प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा जिला मंत्री श्रीमति रक्षा अग्रवाल, विमल अग्रवाल और अर्पित अग्रवाल का अहम योगदान रहा एवं ग्राम के सभी गणमान्य ना गरिक मौजूद रहे गरबा कार्यक्रम की आयोजक स्वयं नवरंग उत्सव बालिका समिति रही।

## मंदिर मठों में शरद पूर्णिमा मनाने तैयारी प्रारंभ



**नैनपुर( स्वतंत्र मत )।** शारदेव नौरात्र महापर्व के बाद शरद पूर्णिमा का धार्मिक पर्व नगर के प्रत्येक मंदिर मठों व शिवालयों मे पूजा आराधना कर मनाया जाता है। इस वर्ष भी नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलो एवं मंदिरों में शरद पूर्णिमा मनाने तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। आगामी मंगलवार 7 अक्टूबर को सार्वजनिक दुर्गा पूजा पण्डालो, मंदिर मठो व शिवालयो में दोपहर बाद से अनेक धार्मिक कार्यकमो के साथ देवी गीत, जस, भजन, कीर्तन, रामायण एवं सुन्दर काण्ड का पाठ किया जावेगा। धार्मिक स्थलो के साथ साथ अधिकांश घरों में पूजा हवन आरती कर उत्साह पूर्वक अमृत मवी खीर का वितरण किया जावेगा। शरद पूर्णिमा दिवस पर दूध चावल, दूध साबुतदाना, दूध राजगिर की सूखे मेवा का उपयोग कर खीर बनाई जाकर रात्रि में चन्द्रमा की किरणों के प्रकाश तले छत्तो में रखी जाती है। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि सोलह कलाओ से परिपूर्ण चन्द्र देव की शीतल किरणों से अमृत की वर्षा होती है।

# खप्पर महाआरती में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे श्रद्धालु

### महाकाली के दरबार में नित हो रहे अनेक धार्मिक कार्य म

### नैनपुर की बड़ी महाकाली का विदाई समारोह शरद पूर्णिमा को

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर के वार्ड क्रमांक 6 बड़ी महाकाली समिति द्वारा अनेक वर्षो से मां महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जाती आ रही है। जहा मां महाकाली की प्रति दिन विषेश पूजन विधि विधान से आरती प्रसाद वितरण किया जाता आ रहा।



समिति द्वारा मां के समक्ष अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

मां नर्मदा जी की महा आरती एंव महा काली के खप्पर महाआरती करने विद्वान वैदिक आचार्य भूपेंद्र तिवारी, विष्णु दुबे, सचिन रिछारिया, गौरव तिवारी, श्रीकांत दुबे, प्रथम वैष्णव को आमंत्रित किया गया है जिनके द्वारा पूजनपाठ कराया जा रहा है।4 अक्टूबर की रात्रि में खप्पर महाआरती की गई। आरती में छिंदवाड़ा से आए कलाकारों द्वारा अद्भुत 31 ढोलो की उपस्थिति में मां भगवती की महा आरती का आयोजन किया गया।

महाआरती में हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महा काली की आरती में सम्मिलित हुए और प्रसाद प्राप्त कर पुन लाभ अर्जित किया।

समिती सदस्य राम वैष्णव के द्वारा बताया गया कि 6 अक्टूबर के दोपहर 11 बजे हवन पूजन प्रारम्भ किया जावेगा और माता की प्रतिमा विसर्जन शरद पूर्णिमा के दिन 7 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे पूजा स्थल से मां महा काली की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाली जावेगी। महाकाली की प्रतिमा का नगर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कराते हुए मां महाकाली का विसर्जन बडी खैरमाई मंदिर के पीछे वार्ड क्रमांक 15 चकोर नदी में सुबह किया जावेगा।

शरद पूर्णिमा | सोमवार , 06 अक्टूबर | भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान



# चंद्रमा की किरणों से बरसता है अमृत

## खीर ग्रहण करने से मिलेगी रोगों से मुक्ति, प्राप्त होगी निरोगी काया

**आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को आश्विन पूर्णिमा मनाई जाएगी, जिसे शरद पूर्णिमा और कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह साल की सबसे महत्वपूर्ण तिथि होती, जब लोग विभिन्न तरह के पूजा अनुष्ठान का पालन करते हैं, क्योंकि इस दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होते हैं।**

सनातन धर्म में पूर्णिमा की तिथि का विशेष महत्व माना गया है। पूर्णिमा तिथि पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है। खासकर शरद पूर्णिमा को और भी पावन माना जाता है, क्योंकि मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है। यही कारण है कि इस रात को लोग खीर बनाकर चांदनी में रखते हैं और अगली सुबह उसका सेवन करते हैं। मान्यता है कि इस खीर को खाने से जातकों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

**हिंदू पंचांग के अनुसार**- आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 06 अक्टूबर को रात 12.23 मिनट पर होगी, वहीं इसका समापन अगले दिन यानी 07 अक्टूबर को रात को 09.16 मिनट पर होगा। पंचांग गणना के आधार पर इस साल शरद पूर्णिमा का पर्व 06 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

**स्नान-दान समय** -ब्रह्म मुहूर्त-04.39 मिनट से 05.28 मिनट तक

**लाभ-उन्नति मुहूर्त**-10.41 मिनट से 12.09 मिनट तक

**अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त**-12.09से 01.37 मिनट तक।

**सनातन धर्म के अनुसार**- शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है। ऐसा माना जाता है कि इस तिथि पर रात के समय चंद्रमा की चांदनी में खीर या दूध रखने से वह अमृत के समान हो जाता है। यह खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और निरोगी काया प्राप्त होती है। इस तिथि पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है, जिससे धन-धान्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### विधि-विधान से रखें व्रत

- इस दिन पवित्र नदी या फिर घर पर ही जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करें।
- साफ वस्त्र धारण करें।
- व्रत व पूजा का संकल्प लें।
- भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और चंद्र देव की पूजा करें।
- उन्हें सुंदर वस्त्र, फल, फूल, अक्षत, धूप, दीप आदि अर्पित करें।
- गाय के दूध से खीर बनाकर भोग तैयार करें।
- इस दिन चंद्र देव को अर्घ्य जरूर दें।
- अर्घ्य में दूध, चावल और सफेद फूल मिलाएं।
- अगले दिन सूर्योदय से पहले उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करें।
- पूर्णिमा के दिन अन्न, वस्त्र, चावल, दूध, मिठाई और  दान जरूर करें।

### हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार

शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की ठंडी और दिव्य किरणों से अमृत बरसता है। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों में खास ऊर्जा होती है, जो शरीर और मन दोनों को शुद्ध करती है। इसी वजह से इस रात खीर बनाने और उसे चांदनी में रखने की परंपरा है। आधी रात के बाद इस खीर को प्रसाद के रूप में खाने से माना जाता है कि इसमें अमृत का रस घुल जाता है। यह खीर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी मानी जाती है और इसे खाने से रोगों का नाश होता है।

### शरद पूर्णिमा पर ऐसे करें चंद्र पूजा



शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा को प्रसन्न करने के लिए स्नान करके साफ सफेद वस्त्र पहनें। खुले आकाश के नीचे चंद्रमा को दूध और जल मिलाकर अर्घ्य अर्पित करें। अर्घ्य देते समय चंद्र मंत्रों का जाप करें और सफेद फूल चढ़ाएं। परंपरा है कि इस दिन गाय के दूध से बनी खीर को चांदनी में रखकर बाद में प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### शरद पूर्णिमा पर खीर का महत्व

शास्त्रों में माना गया है कि शरद पूर्णिमा की रात चांदनी में खीर रखने से उसमें अमृत की वर्षा होती है। यह खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से शरीर और मन दोनों को शांति व शक्ति मिलती है और दुख-कष्ट दूर हो जाते हैं।

### चंद्रमा को दूध से दें अर्घ्य

इस दिन व्रत रखकर लक्ष्मी-नारायण और चंद्र देव की विधिवत पूजा करें। रात को घर की छत या आंगन में खीर बनाकर रखें और अगले दिन इसे परिवार और पड़ोसियों के साथ प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन दान करें। पवित्र नदियों या सरोवर में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। चंद्रमा को दूध या जल से अर्घ्य दें और स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना करें।

### इसलिए खास है शरद पूर्णिमा

नारद पुराण में बताया गया है कि शरद पूर्णिमा की रात माता लक्ष्मी अपने वाहन उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी पर आती हैं। उनके हाथों में आशीर्वाद और वरदान होता है। इस रात वे देखती हैं कि कौन जाग रहा है और कौन अपने कामों व जिम्मेदारियों के प्रति सचेत है। जो लोग इस रात जागकर मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं, उन पर उनकी विशेष कृपा बरसती है। माना जाता है कि अच्छे और धर्मपूर्ण जीवन जीने वालों को माता लक्ष्मी धन, यश, वैभव और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। इसी रात चंद्रमा भी अपनी बहन से मिलने धरती के और करीब आते हैं और अपनी ठंडी, अमृतमयी किरणों से पूरी पृथ्वी को भर देते हैं।

### शरद पूर्णिमा के लाभ

चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर खाने से शारीरिक कष्ट समाप्त होते हैं। इस दिन का व्रत करने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह दिन ध्यान और साधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और मन को शांत करने के लिए भी यह रात खास मानी जाती है।

### ऐसे करें मां लक्ष्मी को प्रसन्न

शास्त्रों में शरद पूर्णिमा के दिन कुछ खास उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त की जा सकती है। शरद पूर्णिमा की रात 11 पीली कौड़ियों को पीले कपड़े में बांधकर मां लक्ष्मी के सामने रख दें और अगले दिन इसे तिजोरी में रख दें। मान्यता है कि इससे धन में वृद्धि होती है और कभी कमी नहीं आती, वहीं इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, कपड़े और धन का दान करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है और देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है।

### शरद पूर्णिमा पर क्या न करें

तामसिक भोजन से बचें-शरद पूर्णिमा के दिन मांस, मछली, शराब और भारी भोजन से दूर रहें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

शाम के समय दान न करें-दान करना शुभ है, लेकिन शाम के समय दान करने से बचें। इससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

दूध का लेन-देन न करें-इस दिन दूध खरीदना या बेचना वर्जित माना गया है। पूर्णिमा तिथि माता लक्ष्मी को समर्पित होने के कारण ऐसा करना उचित नहीं है।

काले कपड़े न पहनें-पूर्णिमा को शुभ माना जाता है, इसलिए काले रंग के वस्त्र पहनने से बचें।

सुहागिन महिलाओं का सम्मान करें-इस दिन घर आई सुहागिन महिलाओं का अपमान न करें और उन्हें सम्मानपूर्वक उनका अधिकार दें।



### इसी दिन श्रीकृष्ण ने किया था महारास

शरद पूर्णिमा की उज्ज्वल चांदनी रात को भगवान श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ अद्भुत महारास रचाया था। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रत्येक गोपी के साथ नृत्य करने के लिए स्वयं के अनेक रूप बना लिए थे। यह रासलीला प्रेम, भक्ति और आनंद का अद्भुत प्रतीक मानी जाती है। शरद पूर्णिमा की पूजा भी इसी कारण जीवन में प्रेम और उमंग भर देती है।

### इसलिए रास पूर्णिमा भी कहते हैं

शरद पूर्णिमा की रात को भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महानंद रास किया था, इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागरण करने वालों को आशीर्वाद देती हैं। चंद्रमा को अर्घ्य देने से मानसिक शांति, संतोष और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



### क्यों रखी जाती है खुले आसमान के नीचे खीर

शरद पूर्णिमा की रात खुले आसमान के नीचे खीर रखने का खास विधान है। माना जाता है कि चंद्रमा की किरणें खीर को अमृत तुल्य बना देती हैं। जब 3-4 घंटे तक खीर पर चांदनी पड़ती है, तो उसका सेवन प्रसाद की तरह किया जाता है। इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है और सालभर निरोगी जीवन मिलता है। इस रात चांद को निहारना या सूई में धागा पिरोना आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी लाभकारी माना गया है।

# धन संबंधी समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

**स्कन्द पुराण में कोजागर व्रत को एक सर्वश्रेष्ठ व्रत बताया गया है। कोजागरी पूजा मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा असम आदि में मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि आश्विन पूर्णिमा की रात माता लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करने आती हैं और जो भी भक्त उन्हें जागता हुआ मिलता है, देवी मां उसे धन-धान्य का आशीर्वाद देती हैं।**



आश्विन महीने में पड़ने वाली पूर्णिमा के दिन कोजागर पूजा की जाती है, जिसे कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मुख्य रूप से मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। माना जाता है कि कोजागरी पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा और व्रत करने पर साधक को धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है।

### कोजागर पूजा शुभ मुहूर्त

आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को रात 12 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी, वहीं इस तिथि का समापन 7 अक्टूबर को रात 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। ऐसे में कोजागर व्रत सोमवार, 6 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दौरान शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार है-

कोजागर पूजा निशिता काल - रात 11 बजकर 45 मिनट से रात 12 बजकर 34 मिनट तक

कोजागर पूजा के दिन चन्द्रोदय का समय - शाम 5 बजकर 26 मिनट पर

### सनातन धर्म के अनुसार

कोजागर पूजा आश्विन पूर्णिमा के दिन पड़ती है, जिसे हम सभी शरद पूर्णिमा के रूप में जानते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस तिथि पर समुद्र मंथन के दौरान धन की देवी का प्राकट्य हुआ था। इसलिए इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन भक्त अपने घरों में मिट्टी का दीपक जलाते हैं। इसके साथ ही पूजा के दौरान दरवाजे और खिड़कियां खुली छोड़ दी जाती हैं, ताकि लक्ष्मीजी का आगमन हो सके।

### माता लक्ष्मी के मंत्र

श्री लक्ष्मी बीज मंत्र -

ॐ श्री ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्मयै नमः।।

### लक्ष्मी प्रार्थना मंत्र

नमस्ते सर्वगेवानां वरदासि हरेः प्रिया।

या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां या सा मे भूयात्वदर्चनात्।।

### श्री लक्ष्मी महामंत्र

ॐ श्रीं ल्कीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्येहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा।

### धार्मिक मान्यताओं के अनुसार

कोजागर पूजा आश्विन पूर्णिमा के दिन पड़ती है, जिसे हम सभी शरद पूर्णिमा के रूप में जानते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस तिथि पर समुद्र मंथन के दौरान धन की देवी का प्राकट्य हुआ था। इसलिए इस दिन पर मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन पर भक्त अपने घरों में मिट्टी का दीपक जलाते हैं। इसके साथ ही पूजा के दौरान दरवाजे और खिड़कियां खुली छोड़ दी जाती हैं, ताकि लक्ष्मी जी का आगमन हो सके।

# अखंड सौभाग्य और आरोग्य पाने का महाउपाय

शुभा दुबे

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं। इसे रास पूर्णिमा भी कहते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि संपूर्ण वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा षोडश कलाओं का होता है। धर्मशास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि रासोत्सव का यह दिन वास्तव में भगवान श्रीकृष्ण ने जगत की भलाई के लिए निर्धारित किया है क्योंकि इस रात्रि को चंद्रमा की किरणों से सुधा झरती है। कार्तिक का व्रत शरद पूर्णिमा से ही प्रारम्भ होता है। इस रात्रि में भ्रमण और चंद्रकिरणों का शरीर पर पड़ना बहुत ही शुभ माना जाता है। प्रति पूर्णिमा को व्रत करने वाले इस दिन भी चंद्रमा का पूजन करके भोजन करते हैं। इस दिन शिव-पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। यही पूर्णिमा कार्तिक स्नान के साथ, राधा-दामोदर पूजन व्रत धारण करने का भी दिन है।

इस दिन प्रातःकाल ही स्नान आदि से निवृत्त होकर अपने आराध्य देव को सुंदर वस्त्र और आभूषणों से सुसज्जित करना चाहिए। उन्हें अक्षत, पुष्प, दीप, नैवेद्य, पान, सुपारी, आसन और दक्षिणा प्रदान करें तथा विधि विधान से पूजन करें और प्रसाद बांटें। इस दिन खीर और पूरियां बनाकर भगवान को उनका अर्द्धरात्रि को भो लगाएं और रात्रि जागरण करें। भोग लगाए प्रसाद को चंद्रमा की रोशनी में रख दें। मान्यता है कि इस दिन अमृत बरसता है और भोग लगाए प्रसाद को खुले में रखने से वह भी अमृत रूपी हो जाता है। अगले दिन यह प्रसाद सभी को दें और खुद भी खाएं। इस दिन व्रत करने के पश्चात कथा अवश्य सुनें।

### चंद्रदेव को लगाते हैं खीर का भोग

पौराणिक कथाओं में चंद्र को शांति और पवित्रता का प्रतीक माना है। चंद्र सबसे तेज चलने वाला ग्रह है, ये करीब ढाई दिन में ही राशि बदल लेता है, इसी वजह से ज्योतिष में चंद्र को मन का कारक कहते हैं। ये ग्रह कर्क राशि का स्वामी है। पूर्णिमा की रात



चंद्र अपने पूरे प्रभाव में होता है। जिन लोगों की कुंडली में चंद्र से संबंधित दोष हैं, उन्हें पूर्णिमा की रात चंद्र देव की पूजा करनी चाहिए और खीर का भोग लगाना चाहिए। पंडितों के अनुसार चंद्र देव को खीर अर्पित करने से चंद्र के दोषों का असर कम होता है।

### शरद पूर्णिमा व्रत कथा

एक साहूकार की दो पुत्रियां थीं। दोनों पुत्रियां पूर्णिमा का व्रत रखती थीं। परन्तु बड़ी पुत्री पूर्णिमा का पूरा व्रत करती थी और छोटी पुत्री अधूरा व्रत करती थी। परिणामतः छोटी पुत्री की संतान पैदा होते ही मर जाती थी। उसने पंडितों से इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि तुम पूर्णिमा का अधूरा व्रत करती हो जिसके कारण तुम्हारी संतान पैदा होते ही मर जाती है। पूर्णिमा का पूरा व्रत विधिपूर्वक करने से तुम्हारी संतान जीवित रह सकती है। उसने पंडितों की सलाह पर पूर्णिमा का पूरा व्रत विधिपूर्वक किया। उसके लड़का हुआ परंतु शीघ्र मर गया। उसने लड़के को पीढ़े पर लिटाकर ऊपर से कपड़ा ढंक दिया। फिर बड़ी बहन को बुलाकर लाई और बैठने के लिए वही पीढ़ा दे दिया। बड़ी बहन जब पीढ़े पर बैठने लगी तो उसका घाघरा बच्चे को छू गया। बच्चा घाघरा छूते ही रोने लगा तो बड़ी बहन बोली- अरे तू मुझे कलंक लगाना चाहती थी। मेरे बैठने से यह बच्चा मर जाता।

इस पर छोटी बहन बोली- बहन यह तो पहले ही मरा हुआ था। तेरे ही भाग्य से यह जीवित हो गया है। तेरे पुण्य से ही यह जीवित हुआ है। इस घटना के बाद पूरे नगर में यह ढिंढोरा पिटवा दिया गया कि इस व्रत को पूरा करना चाहिए क्योंकि यह संतान सुख प्रदान करने वाला व्रत है। उसके बाद से इस व्रत को किसी ने भी अधूरा नहीं किया। विवाहित स्त्रियों को चाहिए कि वह विवाह होने के बाद पूर्णमासी के व्रत का नियम शरद पूर्णिमा से ही शुरू करें। इसके अलावा कार्तिक का व्रत भी शरद पूर्णिमा से ही शुरू किया जाना चाहिए।

### करें ये शुभ काम, मिलेगा लाभ

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी के साथ विष्णु जी का अभिषेक करें। श्रीसूक्त, लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें। पूजा में खीर का भोग लगाएं। हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करें। आप चाहें तो राम नाम मंत्र का जप भी कर सकते हैं। भगवान गणेश, शिव जी, देवी पार्वती की भी पूजा करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, दूर्वा, आंकड़े के फूल चढ़ाएं। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। जरूरतमंद लोगों को अनाज, धन, कपड़े, जूते-चप्पल का दान करें। छोटी कन्याओं को पढ़ाई की चीजें दान करें। किसी गौशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें। किसी तालाब में मछलियों को आटे से बनी गोलियां खिलाएं। किसी मंदिर में पूजन सामग्री भेंट करें। देवी मां को लाल चुनरी चढ़ाएं।

# करें पानी के ये उपाय, किस्मत चमक उठेगी और बुरा वक्त भी दूर भागेगा

अनन्या मिश्रा

जल हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। यह न सिर्फ हमारी प्यास को बुझाता है, बल्कि ज्योतिष और धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक भी जल से जुड़े कुछ आसान उपायों को करने से जीवन में चलने वाली कई तरह की परेशानियां दूर हो सकती हैं। यह उपाय बेहद सरल हैं और कोई भी इनको आसानी से कर सकता है। माना जाता है कि इन उपायों को करने से ग्रह दोष शांत होते हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पानी से जुड़े 5 ऐसे उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं और आपके बुरे समय को खत्म कर सकते हैं।



### पानी के उपाय

हर सुबह स्नान के बाद सूर्य देव को जल जरूर अर्पित करना चाहिए। एक तांबे के लोटे में जल भरकर उसमें थोड़ा सा कुमकुम या फिर लाल फूल डालकर सूर्य देव को अर्घ्य देना चाहिए। इस उपाय को करने से पद-प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि होती है। वहीं इस उपाय को करने से कुंडली में सूर्य मजबूत होता है। जिससे जातक को जीवन में तरक्की मिलती है।

जिन लोगों को बेचैनी या फिर मानसिक तनाव रहता है, उनको रात में चंद्र देव को अर्घ्य देना चाहिए। एक लोटे में सादा जल भरकर उसमें थोड़ा सा दूध मिला लें। फिर इससे चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए। इस उपाय को करने से मन शांत रहता है और मानसिक समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है।

घर की निगेविट एनर्जी को दूर करने के लिए यह प्रभावी उपाय है। सप्ताह में एक बार पानी में थोड़ा सा सेंधा नमक या समुद्री नमक मिलाकर घर में पोंछा लगाना चाहिए। ऐसा करने से घर में मौजूद निगेटिव एनर्जी खत्म होती है और घर का वातावरण शुद्ध होता है। यह उपाय घर सुख-शांति और समृद्धि बनाए रखने में सहायता करता है।

रात को सोने के दौरान अपने सिरहाने के पास एक गिलास पानी भरकर रख लें। फिर सुबह उठकर पानी को किसी पौधे में डाल दें। माना जाता है कि यह पानी आपके सभी बुरे विचारों और निगेटिन एनर्जी को सोख लेता है। साथ ही इस उपाय को करने से अच्छी नींद आती है और मानसिक शांति भी मिलती है। गर्मियों के दिनों में किसी प्यासे को पानी पिलाना या फिर पशु-पक्षियों के लिए पानी रखना चाहिए। यह एक बड़ा उपाय है और पुण्य का काम भी है। इस उपाय को करने से आपके कर्म शुद्ध होते हैं। वहीं आपकी कुंडली में राहु-केतु जैसे अशुभ ग्रहों के प्रभाव को कम करता है। साथ ही भाग्य भी आपका साथ देने लगता है।

# वीज़ा का चक्कर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

वह सुबह कुछ अलग थी। सूरज ने जैसे तय कर लिया था कि आज वह अमेरिका के कॉर्पोरेट टावरों पर नहीं, भारत के वीज़ा एप्लिकेशन फॉर्म पर चमकेगा। श्रीमान चिराग वर्मा, जो पिछले तीन साल से न्यू जर्सी की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में टेक्निकल एसेट की तरह काम कर रहे थे, आज अपने बॉस के केबिन में बुलाए गए थे। बॉस का नाम था मिस्टर ग्रेग थॉर्न-चेहरा ऐसा जैसे नैतिकता को पेंशन पर भेज चुका हो।

चिराग, हमें तुमसे एक बात करनी है, ग्रेग ने कहा, जैसे कोई डॉक्टर ऑपरेशन से पहले मरीज को बताता है कि एनेस्थीसिया महंगा है।

चिराग ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन मुस्कान वीज़ा की शर्तों में अटक गई।

तुमने उस ट्वीट को देखा? ग्रेग ने पूछा।

जी सर, देखा, चिराग ने कहा, जैसे कोई छात्र परीक्षा में वही सवाल देखता है जो उसने नहीं पढ़ा।

तो तुम्हें क्या लगता है? ग्रेग बोले।

सर, मुझे लगता है कि पीड़िता की बात सुननी चाहिए, चिराग ने कहा।

ग्रेग ने खिड़की की ओर देखा, जैसे नैतिकता बाहर खड़ी हो और अंदर आने की इजाज़त मांग रही हो।

देखो चिराग, हम एक कंपनी हैं। हमें टैलेंट चाहिए, ट्रायल नहीं, ग्रेग बोले।

लेकिन सर, कोर्ट ने उसे दोषी माना है, चिराग ने कहा।

कोर्ट? कोर्ट तो कानून देखता है, हम तो प्रॉफिट, ग्रेग ने कहा, और पानी का गिलास उठाया।

चिराग चुप रहा। उसकी चुप्पी में वीज़ा की वैधता, नैतिकता की असहमति और नौकरी की




मजबूरी एक साथ बैठी थीं।

तुम्हें समझना चाहिए, चिराग, कि हम सबको साथ लेकर चलते हैं। चाहे वह आरोपी हो या एच-1बी वीज़ा धारक, ग्रेग ने कहा।

सर, अगर पीड़िता मेरी बहन होती? चिराग ने पूछा।

ग्रेग ने गिलास को होंठों से लगाया, जैसे कोई नेता सवाल सुनकर पानी पीने लगता है।

खांसी उठी। नाक से पानी निकला। मगर जवाब नहीं निकला।

देखो चिराग, तुम इमोशनल हो रहे हो। ये कॉर्पोरेट है, यहाँ इमोशन नहीं, एक्सेल शीट चलती है, ग्रेग बोले।

सर, मुझे लगता है कि हम नैतिक रूप से गलत कर रहे हैं, चिराग ने कहा।

नैतिकता? वो तो छुट्टी पर है। और तुम भी चले जाओगे अगर ज्यादा बोले, ग्रेग ने कहा, और मुस्कुराया।

चिराग ने सोचा, क्या यही वह देश है जहाँ सपनों को बुलाया जाता है, और फिर उन्हें कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों में बाँध दिया जाता है?

बाहर बारिश शुरू हो गई थी। जैसे नैतिकता रो रही हो।

चिराग ने अपना लैपटॉप बंद किया, जैसे कोई उम्मीद का दरवाज़ा बंद करता है।

सर, मैं इस्तीफा देना चाहता हूँ, चिराग ने कहा।

ग्रेग ने चौंक कर देखा, जैसे कोई बैंक मैनेजर देखे कि ग्राहक ने लोन चुकता कर दिया। तुम्हें पता है, तुम्हारा वीज़ा इसी कंपनी से जुड़ा है? ग्रेग ने कहा। जी सर, पता है। लेकिन अब आत्मा को भी तो कहीं जुड़ना चाहिए, चिराग ने कहा।

ग्रेग चुप रहा। पहली बार उसकी चुप्पी में हार थी।

चिराग बाहर निकला। बारिश तेज़ हो गई थी। मगर अब वह भीगने से नहीं डर रहा था। उसने सोचा, शायद अब कोई नया सूरज उगेगा-जो वीज़ा नहीं, विवेक देगा।

**(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)**

# ट्रंप की शांति योजना को हमास ने ठुकराया, कहा फिलिस्तीन की गारंटी नहीं...तब तक जारी रहेगा युद्ध

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को डेडलाइन दे दी है। ट्रंप ने सीजफायर को लेकर इजरायल-हमास के सामने 20 सूत्रीय योजना रखा है। ट्रंप की चेतावनी के बाद हमास ने इसमें हामी तो भर दी। लेकिन अब हमास के सैन्य प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने ट्रंप के 20 सूत्रीय सीजफायर प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। हमास सैन्य प्रमुख इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद का साफ-साफ कहना है कि जब तक उसे फिलिस्तीन देश की गारंटी नहीं मिलेगी, तब तक हमास किसी भी स्थिति में हथियार नहीं डालेगा। बीबीसी और अरब न्यूज की रिपोर्टों के अनुसार, इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने कतर में मौजूद वार्ताकारों को निर्देश भेजा कि वे इस समझौते से पीछे हट जाएं और इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखें. गौरतलब है कि याह्या सिनवार और मोहम्मद सिनवार की मौत के बाद इज्ज अल दीन अल-हद्दाद को गाजा का कमांडर बनाया गया। इज्ज अल दीन अल-हद्दाद वर्तमान में हमास की सैन्य शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड्स के शीर्ष प्रमुख हैं। इनके बादे अभी 48 बंधकों और हमास की सैन्य रणनीति पर सीधा नियंत्रण है। जिसमें 20 लोगों के जिंदा होने की संभावना जताई जा रही है। यही वजह है कि



अल दीन अल-हद्दाद की बातों का इतना महत्व है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को डेडलाइन देते हुए चेतावनी दी है कि अगर हमास ने समझौता नहीं माना तो उसका बहुत दुखद अंत होगा। डेडलाइन से पहले ही इजरायल ने दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया। नेतन्याहू सरकार ने कहा था कि अब गाजा सिटी में जो भी बचेगा, उसे आतंकी माना जाएगा। अमेरिका और इजरायल द्वारा पहले ही हमास को चेतावनी दे दी गई है कि अगर वे शर्तों को नहीं मानते तो उन्हें पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। हमास फिलिस्तीन देश की गारंटी मांगता है और उसे नहीं दी जाती है, तो युद्ध बंद नहीं होगा। अमेरिका-इजरायल हमास पर हमले करेंगे, जो हमास के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। गाजा में युद्ध विराम को लेकर ट्रंप के एक तरफा पीस प्लान के विरोध में कई देशों में प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रंप के इस फैसले का अमेरिका, तुर्किये, दक्षिण अफ्रीका और कई यूरोपीय देशों में लोग विरोध कर रहे हैं। ट्रंप की यह 20 सूत्रीय योजना अमेरिकी इजराइली दस्तावेज जैसी है, जिसमें फिलिस्तीनियों को शामिल किए बिना गाजा को लेकर फैसला लिया जा रहा है। यही वजह है कि हमास भी इस शर्त को मानने से मना कर रहा है।

### गाजा में धुआंधार अटैक में गई 6 लोगों की जान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप जोर-शोर से इजरायल और हमास का युद्ध रुकवाने की कोशिशों में लगे हैं। रविवार को ट्रंप ने गाजा में बमबारी रोकने के आदेश दिए थे। मगर, इसी बीच इजरायल ने एक बार फिर गाजा पर हमला बोल दिया है। इस हमले में 6 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इजरायल ने गाजा पर फिर से एयर स्ट्राइक की। इस दौरान गाजा सिटी में 4 लोगों की मौत हो गई और खान यूनिस में 2 लोगों की जान चली गई। इजरायल ने शनिवार को ट्रंप के गाजा प्लान का पहला चरण लागू करने के आदेश दिए थे। इस दौरान इजरायली सरकार ने सेना को गाजा में नरमी बरतने और सैन्य गतिविधियों को कम करने के लिए कहा गया था। इजरायली सेना के चीफ ने भी इसकी पुष्टि की थी, लेकिन उन्होंने सैन्य गतिविधियों पर चुप्पी साध रखी थी। डोनल्ड ट्रंप ने गाजा पर 20 पॉइंट प्लान पेश करते हुए हमास को 2 दिन यानी रविवार तक का समय दिया है। ट्रंप का मानना है कि सिर्फ वही गाजा में शांति स्थापित कर सकते हैं।

# बिहार चुनाव : राजनीतिक दलों ने छठ पर्व के बाद मतदान की मांग की

पटना

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में, बिहार के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंज्याल और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सफलतापूर्वक चर्चा हुई। इस बातचीत के दौरान, चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की आधारशिला हैं और सभी दलों को पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं से चुनाव के उत्सव को सद्भाव और सम्मान के साथ मनाने और चुनावों की पारदर्शिता का अनुभव करने का आग्रह किया। इसने राजनीतिक दलों से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान अभिकर्ता नियुक्त करें। राजनीतिक दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए ऐतिहासिक, पारदर्शी



और दृढ़ कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया और चुनावी प्रक्रिया में अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता और विश्वास दोहराया। उन्होंने प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 निर्धारित करने के लिए भी चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया।

इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अधिकतम मतदाता भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने की माँग की और चुनाव को यथासंभव न्यूनतम चरणों में कराने का सुझाव दिया। दलों ने चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में की गई कई पहलों की भी सराहना की, जिनमें डाक मतपत्रों की गिनती और फॉर्म 17सी के उपयोग से संबंधित सुधार शामिल हैं। सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग पर अपना पूरा भरोसा दोहराया और विश्वास व्यक्त किया कि आगामी बिहार चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे।

इस बीच, जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने राज्य की बेहतर कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव एक ही चरण में कराने का आग्रह किया है।

# केजरीवाल का 'शीश महल' अब स्टेट गेस्ट हाऊस बनेगा, आमजन भी जा सकेंगे

नई दिल्ली

दिल्ली की भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विवादित बंगले को स्टेट गेस्ट हाउस में तब्दील करने का निर्णय लेने जा रही है। यह बंगला भ्रष्टाचार के आरोपों के केंद्र में था।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस गेस्ट हाउस में एक कैफेटेरिया भी होगा। सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड पर स्थित यह बंगला जल्द ही एक कैंटीन का घर बन सकता है, जहां शहर के अन्य राज्य भवनों की तरह पारंपरिक व्यंजन परोसा जाएगा। यह सुविधा आम जनता के लिए खुली होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव में पार्किंग स्थल,



वेटिंग रूम और अन्य सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा। सरकार इस बंगला नंबर 6 को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने के लिए अंतिम निर्णय के करीब है। उन्होंने बताया कि इसमें एक फूड आउटलेट, पार्किंग स्थल और अन्य सुविधाएं होंगी। अन्य स्टेट गेस्ट हाउसेस की तरह ही इसका प्रयोग किया जाएगा। यहां बैठकें आयोजित की जाएंगी। साथ ही, ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए आने वाले अधिकारी और मंत्री यहां भुगतान करके ठहर सकेंगे। इस योजना को अंतिम मंजूरी अभी उच्च अधिकारियों से मिलनी बाकी है। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बंगले के रखरखाव के लिए लगभग 10 कर्मचारियों की एक टीम मौजूद है, जो रोजाना झाड़ू-पोछा, सफाई और रेफ्रिजरेटर व एयर कंडीशनर जैसे विद्युत उपकरणों को चलाने का काम करती है।

### हेमकुंड साहिब के कपाट 10 अक्टूबर को होंगे बंद

**चमोली (वार्ता)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के हिमालयी तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट 10 अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे। एशिया में सबसे ऊंचाई पर स्थित ( 1550 फिट से अधिक) हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों के साथ ही विदेशों से भी श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचेंगे। हेमकुंड गोविन्द घाट गुरुद्वारा के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कपाट बंद होने के अवसर पर हेमकुंड साहिब गुरु द्वारा को विशेष रूप से सजाया जायेगा। बताया इस अवसर पर सेना गढ़वाल राइफल और पंजाब से आने वाले विशेष बंड टीम भी पहुंचेगी। बताया हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के अवसर पर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र जीत बिन्द्रा भी मौजूद रहेंगे।

# खादी स्वतंत्रता संग्राम में एक शक्तिशाली हथियार थी : नड्डा

शिमला, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि खादी केवल एक कपड़ा नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक शक्तिशाली हथियार रही है। श्री नड्डा हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बिलासपुर जिले के अपने पैतृक गांव विजयपुर में ठहरे हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने खादी के माध्यम से स्वदेशी आंदोलन का प्रसार किया और देश में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक खादी उपेक्षित रही, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी आंदोलन को पुनर्जीवित किया गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को बिलासपुर के चेतना चौक स्थित



खादी भंडार से खरीदारी की। उन्होंने 4632 रुपये मूल्य के कटिया मटिया सिल्क कुर्ता-पजामा खरीदे और स्वयं डिजिटल भुगतान किया। खादी को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बताते हुये श्री नड्डा ने देशवासियों से इसे अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2024-25 में खादी उद्योग ने 1.70 लाख करोड़ का रिकॉर्ड कारोबार किया, जो अब तक का सबसे अधिक कारोबार है। खादी उत्पादन में 337 प्रतिशत और बिक्री में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि खादी न केवल स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी से खादी अपनाने और स्वदेशी को मज़बूत करने का आग्रह किया। श्री नड्डा ने कहा, एक विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर भारत आवश्यक है, और आत्मनिर्भर भारत के लिए मज़बूत खादी उद्योग आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से खादी को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करती है।

### दक्षिण बेंगलुरु में एक हाथी की करंट लगने से मौत

**बेंगलुरु, (वार्ता)।** कर्नाटक के दक्षिण बेंगलुरु जिले के चेन्नापटना स्थित एक खेत में बिजली के तार के संपर्क में आने से एक 40 वर्षीय हाथी की मौत हो गयी। वन अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

वन अधिकारियों ने कहा कि हाथी कल नारियल के पेड़ के पत्ते खाने की कोशिश कर रहा था तभी वह ऊपर गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि हाथी की वहीं मौत हो गयी। सूचना मिलते ही वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की प्राथमिक जांच शुरू कर दी। यह मौत चामराजनगर जिले के माले मदेश्वरा हिल्स में एक बाघ के मृत पाये जाने के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिससे कर्नाटक में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

बीजिंग, (वार्ता)

चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर शनिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। रविवार को दिन के समय इसके दक्षिण चीन में स्थित ग्वांगडोंग प्रांत के डियानबाई से लेकर हैनान प्रांत के वानिंग तक के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देने की आशंका है। अधिकारियों से तूफान के लिए आपातकालीन सहायता को सक्रिय करने और भारी वर्षा से उत्पन्न पर्वतीय जलप्रपातों और भूवैज्ञानिक आपदाओं के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया है। चीन में तूफानों के लिए चार-स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है।

# भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में जल संरक्षण महत्वपूर्ण: योगी

लखनऊ, (वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पानी की बर्बादी को रोकने की अपील करते हुये शनिवार को कहा कि भूजल के स्तर को बनाये रखने के लिये जल संरक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होने राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि प्रदेश के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और वाटर कंजर्वेशन की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम इसके लिए सबसे उपयुक्त है। इससे भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और डार्क जोन वाले क्षेत्रों में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बाण सागर, मध्य गंगा जैसी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर उसमें कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी इलाकों में पानी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होने तराई क्षेत्र के



किसानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि रिजर्व वायर को डिसिल्ट कर उसे पुनर्जीवित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सके। साथ ही, कटान रोकने के लिए सिल्ट का उपयोग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नलकूपों का प्राथमिकता के आधार पर जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण किया जाए। इससे सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों की लागत घटेगी और उन्हें आधुनिक तकनीक आधारित सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया नलकूपों के आधुनिकीकरण व जीर्णोद्धार के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता न किया जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

### 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो : योगी

भूजल के स्तर को बनाये रखने के लिये वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवाये किया जाना चाहिये। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# निखिल द्विवेदी ने खोला अपनी आने वाली फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज



अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर / मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने खुलकर बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने 'बंदर' नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा। निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि 'बंदर' (मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है।निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सफ़र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूँ ही इसका ज़िक्र किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नहीं रख देते? बंदर का प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ है। इस फ़िल्म में बॉबी देओल एक ऐसे अवतार में नज़र आए हैं जैसा उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया है। ऐसे में क्रिटिक्स बॉबी के इस पूरे ट्रांसफॉर्मेशन की खूब तारीफ कर रहे हैं और मानते हैं कि यह उनके करियर के बेस्ट परफॉर्मेंसेस में से एक होने वाली है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी अहम किरदार में हैं।

# रवीना- राशा थडानी बनी रिलायंस ज्वेल्स की ब्रांड एंबेसडर



ज्वेलरी ब्रांड रिलायंस ज्वेल्स ने बॉलीवुड स्टार रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार की दिवाली को और भी खास बनाने के लिए अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का भव्य शुभारंभ किया है। इस अवसर को और यादगार बनाने के लिए ब्रांड ने पहली बार बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी को संयुक्त रूप से ब्रांड एंबेसडर के रूप में पेश किया। मां-बेटी की यह जोड़ी परंपरा और आधुनिकता के खूबसूरत संगम का प्रतीक मानी जा रही है, जो दर्शाती है कि आभूषण केवल सजावट ही नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और विरासत का हिस्सा होते हैं। रवीना टंडन ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा,रिलायंस ज्वेल्स के फेस्टिव कलेक्शन के लॉन्च के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। त्यौहार खुशी और एकजुटता का प्रतीक होते हैं, और यह कलेक्शन उस खूबसूरती से परंपरा और आधुनिक दृष्टिकोण का मिश्रण प्रस्तुत करता है। राशा थडानी ने कहा, मेरा मानना है कि आभूषणों को आपके व्यक्तित्व को दर्शाना चाहिए, चाहे अवसर कोई भी हो। यह कलेक्शन मुझे उत्सव की भावना को खूबसूरती से अपनाते हुए अपने व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है। प्रत्येक आभूषण मुझे अपना ही एक विस्तार लगता है, जो उत्सव के आकर्षण के साथ व्यक्तित्व और शैली का जश्न मनाता है।

# रानी ने साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई



अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने शुक्रवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में आयोजित साइबर अवेयरनेस मंथ 2025 के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। महिला-प्रधान फ्रैंचाइज़ी फिल्म मर्दानी में जाँबाज़ पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली रानी मुखर्जी, हमेशा भारतीय पुलिस बल और समाज की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की समर्थक रही हैं।आज रानी मुखर्जी ने इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार समेत कई गणमान्य अतिथियों के साथ भाग लिया। रानी मुखर्जी ने इस मौके पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते साइबर अपराधों पर जागरूकता बढ़ाई और महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल की सराहना की। रानी मुखर्जी ने कहा, मैं साइबर अवेयरनेस मंथ के उद्घाटन का हिस्सा बनकर वास्तव में सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। सालों से, अपनी फिल्मों के माध्यम से, मुझे ऐसे किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है जो अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं और कमजोरों की रक्षा करते हैं। वास्तव में, आज मैं मर्दानी 3 की शूटिंग से सीधे यहाँ पहुँची हूँ, तो यह सब बहुत ही अलौकिक लगता है। महाराष्ट्र पुलिस की यह पहल प्रशंसनीय है। रानी मुखर्जी ने कहा आज, साइबर अपराध खासकर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हमारे घरों के भीतर चुपचाप बढ़ रहे हैं। एक महिला और एक माँ होने के नाते, मैं समझती हूँ कि जागरूकता कितनी महत्वपूर्ण है। जब परिवार जानते हैं कि सुरक्षित कैसे रहना है और मदद कहाँ लेनी है, तभी असली सुरक्षा शुरू होती है।

# आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' का टीजर जारी




28 नवम्बर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'तेरे इश्क में' का आधिकारिक टीजर जारी हो चुका है। फिल्म हिंदी और तमिल में आएगी। शंकर और मुक्ती की इस सिनेमाई यात्रा में मंच तैयार है, भावनाएँ प्रखर हैं और मोहब्बत का रंग पहले से कहीं ज्यादा गहरा है। फिल्म के निर्माता आनंद एल राय, भूषण कुमार और कल येल्लो ने आज टीजर पेश किया। ए. आर. रहमान के आत्मीय संगीत और हिमांशु शर्मा व नीरज यादव की दमदार लेखनी से सजी यह फिल्म, नेशनल अवॉर्ड विजेता धनुष और कृति सेनन की अदाकारी को सामने लाती है। टीजर शंकर (धनुष) और मुक्ति (कृति सेनन) के बीच नई और अप्रत्याशित जोड़ी की दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री को दिखाता है। पहले सामने आई झलकियों के बाद अब टीजर यह स्पष्ट करता है कि कहानी गहरे जुनून, दर्द और अधूरी मोहब्बत की है। आनंद एल राय की संवेदनशील नजर और दृश्य कविता, हिमांशु शर्मा की लेखनी और बनारस की झलक इसे एक ऐसा अनुभव बनाते हैं, जहाँ प्यार तर्क से परे है, जो जितना तोड़ता है, उतना ही सँवारता भी है। यही कारण है कि शंकर और मुक्ती अब सिनेमा के अविस्मरणीय पात्रों में शामिल होने वाले हैं। संगीत का जिम्मा संभाला है ऑस्कर विजेता ए. आर. रहमान ने। यह उनका आनंद एल राय और धनुष के साथ तीसरा हिंदी सहयोग है। इरशाद कामिल के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज से सजा टीजर का गीत पहले ही चार्टबस्टर के रूप में सराहा जा रहा है। निर्देशक-निर्माता आनंद एल राय ने कहा, इश्क सिर्फ समर्पण है, जो आपको भरता भी है, तोड़ता भी है और बदलता भी है। टी-सीरीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार ने कहा, तेरे इश्क में एक ऐसी प्रेम कहानी लेकर आ रही है, जो तीव्र भावनाओं से भरी है। पहली बार दर्शक धनुष और कृति को एक साथ देखेंगे, एक नई जोड़ी, जो पर्दे पर दिल को छू लेने वाली है।

# कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

### शासन की योजनाओं का लाभ जिले के सभी हितग्राहियों को मिले



नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बताया कि स्वच्छता को संस्थागत रूप देने एवं शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्पेशल कैम्पेन 5.0 भारत सरकार के समस्त विभागों में आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा भी उक्त अभियान की तर्ज पर प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित करने का निर्णय लिया है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबित प्रकरणों, फाइलों और अपीलों का त्वरित व पारदर्शी निपटारा, कार्यालयों में स्वच्छता, कचरा निस्तारण तथा ई- कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा देना, अधिकारियों- कर्मचारियों में सेवा भाव जवाबदेही को सुदृढ़ करना है, जिससे योजनाओं और सेवाओं की सुगम व पारदर्शी प्रक्रिया से लाभांवितों की संख्या में वृद्धि होगी। आम जनता की शासन से की गई अपेक्षाओं का त्वरित निदान होने से शासन के प्रति भरोसा बढ़ेगा और कार्यालयों में बेहतर स्वच्छता और ई- कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण से स्वच्छ व हरित शासन व्यवस्था स्थापित होगी। इस संबंध में कलेक्टर ने शासन द्वारा जारी निर्देशों का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

## आदि कर्मयोगी पर कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आज जिले में सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिले से प्रत्येक ग्राम सभा के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। विशेष ग्राम सभा में ग्राम के लोग, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, एसएचजी, सीएसओ उपस्थित हुए। ग्राम सभा में शासन द्वारा निर्धारित एजेंडे पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत विलेज एक्शन प्लान 2030 जो की ग्राम के आदि साथी और आदि सहयोगी की मदद से ग्राम भ्रमण कर तैयार किया गया है उसका अनुमोदन किया है।

### ग्राम सभा में पहुंचे कलेक्टर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दो अक्टूबर को जिले की ग्राम सभाओं में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बरबसपुर में आयोजित विशेष ग्राम सभा में कलेक्टर शामिल हुए।



## प्रेस फोटोग्राफर संजय राय हुए सम्मानित

**नरसिंहपुर।** नगर के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को स्व. श्री किशनलाल नामदेव जी की स्मृति में जय भारत काली मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। स्मरण रहे कि प्रेसफोग्राफर संजय राय ने अपनी फोटोग्राफी से नगर में एक अलग की छवि बनाई है। वह फोटोग्राफी को लेकर काफी सजग और सक्रिय रहते हैं। इतना ही नही उनकी फोटोग्राफी को लेकर अनेक संगठनों से भी सम्मान मिल चुका है। श्री राय मिलन समिति संस्था के माध्यम से भी अनेक सामाजिक रचनात्मक कार्य करते रहते हैं। श्री राय की इसी सरल सहज और मिलनसार स्वभाव के चलते वह हमेशा किसी न किसी संगठनों के माध्यम से सम्मानित होते रहते हैं। आज उन्हे इस सम्मान को लेकर उनके इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां दी हैं।

## प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीएमएफ की बैठक में कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक नारायण सिंह पट्टा, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना सहित संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल एवं कार्यपालिक समिति ने की डीएमएफ मद से जिले में अनुमानित 3 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों की वार्षिक कार्य योजना के लिए बैठक एवं इनमें जिला खनिज मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सभी प्रस्तावों को शामिल किया गया है। बैठक में बताया कि कार्य योजना के लिए 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र के 1.74 करोड़ रुपये लागत के और 40 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता में 1.16 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त हुए हैं। जिनके अनुमोदन के लिए चर्चा की गई। बैठक में जिला खनिज अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद थे।

### पुरस्कार सर्टिफिकेट वितरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान जिले में चलाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर इसका समापन किया गया।

## आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष बने मधु पालीवाल

### राजीव खजांची बने सचिव





**करेली।** जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्था आदर्श शिक्षण समिति के नवीन चुनाव में सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में सदैव सशक्त आचरण और परमार्थ के साथ अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले मधुसूदन पालीवाल (मधु भैया) को अध्यक्ष एवं राजीव खजांची को सचिव निर्वाचित किया गया है। शनिवार को आदर्श शिक्षण समिति की कार्यकारिणी बैठक जिसमे द्विवार्षिक चुनाव प्रकाशचन्द्र पेठिया के सभापतित्व में समिति कार्यालय में सम्पन्न हुए। आदर्श शिक्षण समिति के सदस्यों द्वारा नवीन पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष पद पर मधुसूदन पालीवाल को मनोनीत किया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमितेन्द्र नारोलिया, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संत सिंह पटेल, सचिव राजीव अग्रवाल, सह सचिव अनिल पालीवाल, कोषाध्यक्ष अमित छेड़ा, सह कोषाध्यक्ष रविंदरपाल सिंघ लाम्बा को मनोनीत किया गया।

बैठक में कमलेश सोनी, संजीव खजांची, राजेन्द्र त्रिपाठी, सुधीर खजांची, मनीष राय, प्रमोद तिवारी, नलिन शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकरियों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं समिति की निरंतर प्रगति की कामना की।

## आध्यात्मिक उत्सव में जाएगे मण्डला से श्रद्धालु



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश का पावन तीर्थस्थल हरे माधव धाम माधव नगर एक बार फिर आध्यात्मिक उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। 9 से 10 अक्टूबर को यहां आयोजित होने वाला हरे माधव वर्सी पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मा का परमात्मा से मिलन कहलाता है। इस पावन पर्व में देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर सतगुरु साहिबान का पावन रूहानी दर्शन कर आत्मिक शान्ति का अनुभव करेंगे। यह पावन पर्व सतगुरु बाबा माधवशाह एवं सतगुरु बाबा नारायणशाह साहिब की पावन स्मृति को समर्पित है। वर्सी पर्व प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु परम श्रद्धेय जीवनमुक्त सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी के सानिध्य में इस पावन पर्व रूहानी महोत्सव का लाभ उठाएंगे। वास्तव में वर्सी पर्व केवल भक्ति का अवसर नहीं बल्कि आत्मा के भीतर जागरण का संदेश है। यहां वर्सी पर्व आने वाले श्रद्धालु सेवा सत्संग सिमरन-ध्यान और भजन-बन्दगी में लीन होकर अपने जीवन को पवित्र और निर्मल बनाने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। जैसे तपकर सोना कुंदन बनता है वैसे ही इस पर्व की साधना आत्मा को निखार देती है। श्रद्धालु सतगुरु की असीम कृपा प्रेम और रहमतों का अनुभव कर आत्मिक तृप्ति पाते हैं। कटनी का माधव नगर इस दौरान भजन-बंदगी की स्वर लहरियों सतगुरु वचनों की वाणी और नूर भरे दर्शन से गूंज उठेगा। निश्चित ही यह वर्सी पर्व हर श्रद्धालु के लिए एक अमूल्य सुअवसर होगा ।

## विद्युत विभाग के वरिष्ठ कर्मचारी ऋषि कुमार महोबिया सेवानिवृत्त

### सेवाकाल की हुई सराहना




नरसिंहपुर।

सिहोरा वितरण केंद्र में पदस्थ वरिष्ठ कार्यालय सहायक ऋषि कुमार महोबिया ने शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सम्मान समारोह में उनके कार्यकाल को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्री महोबिया ने अपने सेवाकाल में विभाग को महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री महोबिया का शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अधीक्षण अभियंता (सं/सं) नरसिंहपुर अमित कुमार चौहान ने कहा कि उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को विभाग सदैव स्मरण रखेगा।

कार्यपालन अभियंता (सं/सं) गाडरवारा आशुतोष कुमार ओझा ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में अच्छे कार्य और समन्वय के माध्यम से कार्यसंस्कृति को सकारात्मक और प्रेरणादायी बनाए रखा।

सहायक अभियंता पी.के. लोधी ने उनके व्यक्तित्व, कार्यशैली और व्यवहार की सराहना की।

कनिष्ठ अभियंता पुरुषोत्तम सिंह धुर्वे ने कहा कि राजस्व वसूली और उपभोक्ता सेवाओं में श्री महोबिया ने हमेशा टीम भावना से कार्य कर सराहनीय योगदान दिया। सरपंच पंकज शर्मा (हर्रई) एवं प्रभात नागपुरिया (सिहोरा) ने कहा कि महोबिया जी की सूझबूझ और व्यवहार कुशलता से उपभोक्ता कभी असंतुष्ट होकर कार्यालय से नहीं लौटे। पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई सुमित तिवारी ने भी उनके सेवाकाल की सराहना की। कार्यक्रम में लखन जाटव, रामनरेश त्रिपाठी, धनराज पटेल, पंडा जी (से.नि.), विवेक चौधरी, महेंद्र साहू, पंकज वर्मा, राकेश कहार, आशीष वर्मा, दुर्गेश साहू, सूरज नामदेव, बबलू पटेल, फिरोज खान, रोहित धुर्वे, संजय सारठे, मनोज लौड़े, वरुण भट्ट सहित अनेक कर्मचारी शामिल रहे। ऋषि कुमार महोबिया के पुत्र नीरज महोबिया एवं पुत्रियाँ प्रियंका महोबिया और रितु महोबिया ने कहा कि उन्होंने पिता के समर्पित सेवाकाल और निष्ठावान कार्यों को देखकर जीवन में हमेशा उन्हें अपना आदर्श माना। ऋषि कुमार महोबिया ने कहा कि मैं अपनी पत्नी, श्रीमती महोबिया, जो वीरांगना क्लब नरसिंहपुर की अध्यक्ष हैं, उनकी ओर से भी उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा सभी गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी पूरी सेवा अवधि में कार्य को पूजा मानते हुए निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यालय सहायक (से.नि.) आशोक गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन संदीप प्रजापति ने किया।



## कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नपा को दी 5 इलेक्ट्रिक कचरा वाहन की सौगात

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नगर पालिका को नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की मांग पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए 5 इलेक्ट्रिक कचरा वाहन की चाबियाँ सौंपी। यह सौगात नगर को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम विवेक एंटरप्राइज के शुभारंभ के मौके पर मंत्री ने यह वाहन नगर पालिका को भेंट किए। मंत्री ने ग्राहकों को भी वाहन की चाबियाँ सौंपते हुए उन्हें वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और सुरक्षित ड्राइविंग* का संदेश दिया। इन इलेक्ट्रिक कचरा वाहनों के माध्यम से नगर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण को बढ़ावा मिलेगा।

इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी आएगी।यह कदम स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेश पाठक, नपा पार्षद चंद्रकांत शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव, मंगल जाटव, भाजपा नेता हंसराज मालपानी, अनिल लूनावत,मिनेन्द्र डागा, मुकेश मरैया, मोहरकांत पटेल, महेश मालपानी, मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, राजेश गुर्जर, दिग्विजय सिंह, भाजपा नेता नारायण राजपूत,अशोक सराठे, नारायण उपाध्याय, दिनेश मालपानी, अनिल गुप्ता, कमल ठाकुर, यशवंत गुर्जर, राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।

## ग्राम सभा में दिलाई गई शपथ

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम पंचायत खड़देवरा और ग्राम पंचायत पदमी के ग्राम कुड़वान में आयोजित विशेष ग्रामसभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने यहां उपस्थित ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान जनपद पंचायत मंडला के पीसीओ राजाराम मरावी, एपीओ अनुपम दुबे, स्थानीय सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मण्डला(स्वतंत्रमत)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर और सेवा पखवाड़ा अभियान के समापन कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### विजयदशमी पर शस्त्र पूजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विजयदशमी पर्व के अवसर पर पुलिस लाइन मंडला में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की मंत्री विशेष रूप से उपस्थित हुईं और उन्होंने परंपरागत विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि शस्त्र पूजन हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। यह केवल शक्ति की आराधना नहीं बल्कि जनसेवा और सुरक्षा के संकल्प का भी प्रतीक है।

### अस्पृश्यता शिविर में सांसद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया विकासखंड निवास में आयोजित अस्पृश्यता सद्भावना निवारण शिविर का आयोजन सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की विशेष मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कुलस्ते ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज में आपसी भाईचारे सद्भावना और समरसता की भावना को बढ़ावा देते हैं।

### विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत पडरिया भीमा विकासखंड बिछिया में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के विकास के लिए 5 वर्ष के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन यंत्री मनोज भास्कर ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामसभा में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पेसा मोबलाइजर, ग्राम पंच, कोटवार एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## भगवान को व्यक्ति की कृति पसंद है, आकृति नहीं : जन्मेजय

**कटनी।** विद्वत्तवरण देवेंद्र प्रसन्नाचार्य महाराज एवं रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण महाराज के साथ पचास से अधिक संतो के साथ 9 व 10 अक्टूबर से 84 कोष चित्रकूट धाम की परिक्रमा की जावेगी। बाकल पहुंचे रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजयशरण महाराज ने बताया की परिक्रमा का अलग महत्व है। दुनिया में कूट अनेको है पर चित्रकूट सा कोई कूट नहीं, दुनिया में जूट अनेकों है, पर जटा जूट सा जूट नहीं दुनिया में लूट अनेकों है, पर राम नाम सा कोई नाम नहीं आगे उन्होने कहा कि जानकर अनजाने में कोई प्राणी कर्म पथ से विचलित हो गया हो। उस समय भगवान का नाम भगवान का रूप भगवान की लीला धाम की परिक्रमा प्रदक्षिणा करने से समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है। संत समागम के सानिध्य में 9 एवं 10 अक्टूबर को 84 कोष चित्रकूट की परिक्रमा होगी जिसमें सभी भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। महाराज शोक सभा में पहुंचे थे।

## सियाचिन यात्रा से लौटने पर अनुष्का को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

### बाकली की बेटी राष्ट्रीय ध्वज प्रश्नोत्तरी में विजेता बनी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सियाचिन की अपनी ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद, माई भारत राष्ट्रीय ध्वज प्रश्नोत्तरी की विजेता शिक्षक मनोज अग्रवाल की सुपुत्री अनुष्का अग्रवाल आज बाकल पहुंची। जहां ईष्ट मित्र परिजनो ने स्वागत कर मिठाइयां खिलाई बधाइयां दी। इसके पहले सियाचिन से नई दिल्ली पहुँचने पर केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

युवा प्रतिभागी ने कहा, इस यात्रा के दौरान, मैंने अनुशासन, दृढ़ता और सौहार्द का वास्तविक मूल्य सीखा। मैं अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक दायित्व की भावना और अपने समकालीनों के बीच इस संदेश को प्रसारित करने की प्रतिबद्धता के साथ लौट रहा हूँ। इस अवसर पर, युवाओं ने पूरे भारत में राष्ट्रीय गौरव, सेवा और शक्ति के संदेश का प्रचार करने की शपथ ली। उन्होंने मेरे भारत के सक्रिय स्वयंसेवक बने रहने और विकसित भारत के विजन में प्रभावी योगदान देने के अपने संकल्प को दोहराया अनुष्का ने बतलाया कि हमारी टीम मे मध्यप्रदेश मे वाकल कटनी से अनुष्का अग्रवाल दतिया से शीतल खरे भिंड से सौरभ चौधरी मात्र तीन लोग तथा पूरे भारत से सात युवा साथी रहे एक हफ्ते की यात्रा मे दिल्ली से लेह सियाचिन आदि जगहो का भ्रमण डायरेक्टर शैलेश कुमार एवं कीर्ति पाइस के साथ कराया गया वापसी पर सियाचिन आर्मी कैम से एक स्मृति चिन्ह युवा मामले के खेल एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को भेजा जिसे हम सभी साथियो द्वारा उन्हे भेट किया हम सभी साथियो का स्वागत किया गया।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग में बेहतर समन्वय जरूरी :कलेक्टर

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की ली संयुक्त बैठक, दिये जरूरी निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास को आपसी समन्वय से योजनाबद्ध स्वरूप में कार्य करने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को तदाशय के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत की नवपदस्थ सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।



बैठक में सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती, सभी बीएम ओ और परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों की ही तरह गंभीर कुपोषित बच्चों की भी देखभाल सुनिश्चित हो, ताकि संपर्क एप में पंजीयन हो और पोषण ट्रैकर के माध्यम से व्यवस्थित मानीटरिंग की जा सके। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में ताकीद किया कि जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में फुल बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित हो और यहां बच्चों का दाखिला कर बेहतर पोषण उपचार मिले। साथ ही यहां भर्ती बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु फॉलो-अप प्रोफाइल बनाकर नियमित निगरानी के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना की। जनांदोलन पोर्टल पर गतिविधियों की प्रविष्टि, आभा आई डी निर्माण एवं अपार आई डी निर्माण की समीक्षा कर प्रगति को संतोषजनक पाया गया एवं और अधिक प्रयास कर बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी परियोजना अधिकारी अपने परियोजना परिक्षेत्र के 20 आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन का सत्यापन कर अगली बैठक में तुलनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही पोषण ट्रैकर पर चिन्हांकित सैम एवं मैम बच्चो का शत-प्रतिशत फॉलो अप सुनिश्चित किया जाएँ।

कलेक्टर ने लाडली लक्ष्मी योजना में समस्त पात्र बालिकाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों को योजनांतर्गत लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने लाडली लक्ष्मी की समस्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा समय-सीमा बैठक में करने की बात कही। कलेक्टर ने एकीकृत बाल विकास परियोजना रीठी की समस्त सूचकांकों, योजनाओं एवं सेवा पखवाड़ा में प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेने की नसीहत दी। कलेक्टर ने अनमोल पोर्टल में गर्भवती महिलाओं की एएनसी पंजीयन बढ़ाने और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर, इनका नियमित फालोअप करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने बांडेड चिकित्सकों को कार्यस्थल पर नियमित उपस्थित होकर कार्य करने के निर्देश दिये गयें। टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीटी का भुगतान बड़वारा, रीठी में 55 प्रतिशत होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्टाफ के माध्यम से शत प्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये गये। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल समीक्षा समय सीमा की बैठक में की जायेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हार्ट सर्जरी कॉक्लियर इंप्लांट, सर्जरी चिन्हांकन कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाय। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में एएनसी पंजीयन कम पाये जाने पर नगर निगम से एवं प्रायवेट नर्सिंग होम क्लिनिकों में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का रिकार्ड लेकर पोर्टल में इंट्री कवाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सुक्ष्खी बाई ग्राम लमतरा की मातृ मृत्यु की समीक्षा किये जाने पर महिला का हाईरिस्क चिन्हांकन एएनएम द्वारा नही किया गया। संबंधित एएनएम को कारण बताओं नोटिस जारी कर बीएमओ के अभिमत से आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

# मां वीरासन देवी जागरण में उमड़ा जन सैलाब

## संत गोविंद सरकार के आगमन और आशीर्वाद से कार्यक्रम हुआ सफल



कटनी (स्वतंत्रमत)।

सिलौंडी के घने जंगलों में मां वीरासन मंदिर में भव्य भंडारा एवं देवी जागरण का आयोजन, सुबह श्रद्धा और भक्ति में मां वीरासन देवी का पूजन अर्चन कर हजारों कन्या का श्रृंगार कर उनका माता का प्रसाद खिलाया गया। और प्रत्येक कन्या को एक विशेष उपहार भी किया गया। कन्या भोज के बाद क्षेत्र के हजारों भक्त ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में 25 से 30 हजारों भक्तों की संख्या में भक्त देवी जागरण में शामिल हुए। रात्रि में लगभग 10 बजे पूज्य संत श्री 108 बनवारी दास महाराज भरभरा वालों का आगमन भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भक्त को पूजनीय संत का शुभ आशीष वचन सुनने को मिले। परम पूज्य बनवारी दास जी महाराज ने जिला पंचायत सदस्य को मां वीरासन देवी मंदिर में रंगमंच और सी सी रोड निर्माण कराने की बात कहीं। गोविंद सरकार महाराज ने तुरंत ही2 गाड़ी सीमेंट एवं 4 हाइवा रेत, गिट्टी देने का वचन देते हुए अपने भक्तो से अपनी अपनी शक्ति अनुसार दान कर मां वीरासन में कार्य शुरू करने का वादा किया एवं कविता पंकज राय को निर्माण कार्य को अगहन महीने से शुरू करने का आदेश दिया। प्राकृतिक सुंदरता और घने जंगलों के बीच स्थित मां वीरासन माता मंदिर में हर साल की इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने पिछले 22 साल से हर साल नवरात्र की अष्टमी को कन्या भोज, विशाल भंडारा और देवी जागरण का आयोजन किया जिसमें कटनी जिले सहित आस पास के जिलों के हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। दूर-दूर के शहरों गांवों से आए भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मां वीरासन से सुख-समृद्धि की कामना की। मां वीरासन देवी के दरबार में पहुंचे भक्त एवं दूरस्थ गांव से आई हुई कन्याओं का पूजन कर उन्हें स्वयं जिला पंचायत कविता पंकज राय ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण भोजन कराया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों जन प्रतिनिधी अधिकारी कर्मचारी पुलिस बल, राजस्व बल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी और जय वीरासन मां के जयघोषों से गूंजता रहा। देवी जागरण ने बांधा समाए संजो बघेल के भजनों ने झकझोर दी श्रद्धा शाम होते ही मां वीरासन मंदिर का वातावरण और भी भक्तिमय हो गया जब यहां देवी जागरण और जगराता का शुभारंभ हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल ने अपनी सुरमई आवाज़ और भक्ति से सराबोर गीतों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, सरपंच अनिल सिंह बागरी, सरपंच रिया राहुल दुबे, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, जिला पटवारी संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष आशिक सिंह बागरी, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन, थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल सहित पुलिस, कोटवार की मौजदूगी रही।



# प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी में चैतन्य झांकी और गरबा का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नवरात्री के पवन पर्व मे प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी नई बस्ती मे चैतन्य झांकी और गरबा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें बीके अर्निका ने बताया कि वर्तमान समय स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा इस कलियुग के घोर अंधकार में माताओ-कन्याओं द्वारा सभी को ज्ञान देकर फिर से स्वर्ग की स्थापना कर रहे हैं। परमात्मा द्वारा दिए गए इस ज्ञान को धारण कर अब हम ऐसी नवरात्रि मनायें जो अपने अंदर रावण अर्थात विकार है, वह खत्म हो जाये, मर जाये। यही है सच्चा-सच्चा दशहरा मानना। ऐसा दशहरा मनायें, तब ही दीवाली अर्थात भविष्य में आने वाली सतयुगी दुनिया के सुखों का अनुभव कर सकेंगे। इसलिए हे आत्माओ! अब जागो, केवल नवरात्रि का जागरण ही नहीं करो बल्कि इस अज्ञान नींद से भी जागो। यही सच्ची-सच्ची नवरात्रि मानना और जागरण करना है। ऐसी नवरात्रि की आप सभी को मुबारक हो। मायरा आहूजा चैतन्य माँ देवी के रूप में विराजमान रही सभी ने मिलकर देवी मां की आरती और गरबा किया। इस कार्यक्रम में सृष्टि बहन अभिलाष बहन, खुशी बहन, शोभा गुप्ता, उषा गुप्ता, प्रीती खरे, आशा गुप्ता, मेहर बहन, रोमा बहन, भव्य आहूजा, काम्या आहूजा, निर्मला आहूजा, दीपा बहन, इशिता आहूजा, सोनम बहन, राजरानी माता आदि बहनों और माता ने इस कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती के अवसर पर सायना स्कूल में तेरहवां ईकोथॉन संपन्न

## स्वच्छता ही सेवा का संदेश लेकर दौडे बच्चे

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर, 2025 को सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी में मैराथन का आयोजन किया गया। इस वर्ष मैराथन की थीम थी- स्वच्छता ही सेवा। इसका मुख्य उद्देश्य वातावरण को स्वच्छ करके अपने स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरुकता लाना था। यह मैराथन मुख्य बस स्टैंड कटनी से शुरू होकर सायना इंटरनेशनल स्कूल, झिंझरीए कटनी 14 कि.मी. की दूरी में संपन्न हुई।





इस दौड़ का शुभारंभ सायना के मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, हैडमास्टर डॉ लोकेश दुबे, कमल सरेचा एवं समन्वयक रीत मोंगा ने ध्वज दिखाकर किया। इस दौड़ में सायना के छात्रों के साथ सायना 4 एम. पी. आई कंपनी एन.सी.सी. कटनी के कैडिट्स ने भी पूरे जोश के साथ सहभागिता की और समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। ईकोथॉन में सायना सैनिक स्कूल के कैडिट्स ने न केवल सहभागिता की बल्कि जीत हासिल कर अपने निश्चय, कर्मठता एवं लक्ष्य प्राप्ति के उद्देश्य को सही सिद्ध कर दिखाया। ईकोथॉन के जो परिणाम सामने आए उनमें बालक वर्ग में सायना सैनिक स्कूल, कटनी के कैडिट अभिषेक राज ने प्रथम स्थान, कैडिट आरव कुमार ने द्वितीय स्थान एवं सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी के अनुराग पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में सायना स्कूल की वैभवी बंसली ने प्रथम, वैष्णवीं सिंह ने द्वितीय एवं सायना की ही श्रेया कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मि. ऋषि अरोरा ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हैडमास्टर कमल सरेचा ने प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रतियोगिता समाज में नव जागृति लाने के साथ बच्चों के संकल्प को प्रदर्शित करती है। प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि जब तक भारत की युवा शक्ति का सही उपयोग नहीं होगा तब तक हमें अपेक्षित सफलताएँ नहीं मिलेंगी। युवा शक्ति को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रकार के सामाजिक कार्यो में अधिक से अधिक लोग भाग लें तथा अन्य लोगों को भी देशहित के प्रति जागरूक करें। सायना स्कूल की चेयरपर्सन निधि पाठक ने अपने संदेश में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि सायना का प्रयास बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ समाज में जागरूकता लाना भी है।

सायना के क्रीड़ा विभागाध्यक्ष दीपक बलियानी ने प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी शारीरिक क्षमताओं का विकास करते हैं जिससे बुद्धि भी विकसित होती है और छात्र एकाग्रता से अध्ययन कर पाते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# नगर निगम प्रांगण के नव निर्मित मंदिर में विधि-विधान से माता दुर्गा की प्रतिमा हुई स्थापित

**महापौर ने निगम पार्षदों एवं कर्मचारियों के साथ माता की आरती कर लिया आशीर्वाद**

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम प्रांगण के नव निर्मित मंदिर में नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना धार्मिक वातावरण के बीच विधि-विधान से पूजन अर्चन उपरांत मां दुर्गा की जयकारों के साथ संपन्न हुई। माता की प्रतिमा के स्थापना उपरांत महापौर ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं पार्षद साथियों के साथ माता की आरती कर माता का आर्शीवाद लिया तथा नगरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार, शशिकांत तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, कमलेश चैधरी, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, पारसनाथ प्रजापति, महेंद्र उपाध्याय, आदित्य मिश्रा, आलोक तिवारी, कामता प्रसाद, गिरिराज पाठक सहित निगम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# बांधा मंदिर में 7 अक्टूबर को होगा शरद महोत्सव

## बहोरीबंद विधायक की रहेगी विशेष उपस्थिति

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 7 अक्टूबर मंगलवार को स्नान दान पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर शरद महोत्सव आयोजित होगा। उक्त अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पांडे के द्वारा प्रदत्त पांच लाख की राशि से निर्मित कार्यों का उनके द्वारा लोकार्पण होगा। सायं 6 बजे स्थानीय बालक बालिकाओं द्वारा पवित्र गोप गोपिका के भाव से नृत्य महाआरती तथा अत्यंत मनभावक गरबा नृत्य होंगे। सायं 7 बजे भगवान श्री राधा कृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी। शरद पूर्णिमा के संबंध की पौराणिक गाथा अनुसार इस रात्रि में भगवान श्री कृष्ण जी ने जगत को आनंदित करने हेतु श्री राधा रानी जू एवं गोपियों के साथ परम महारास रचाया था तथा प्रकृति ने अमृत वर्षा की थी। ऐसे ही अप्रतिम वातावरण में बांधा मंदिर में भगवान के महारास के दर्शन के साथ अमृतरूपी खीर प्रसाद का वितरण होगा। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के आदि ने समस्त श्रद्धालु जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।



# उन्नति की राह, शिक्षा और संस्कृति के साथ

## नवरात्रि पर्व पर गरबा महोत्सव एवं समाज सेवा की मीटिंग सम्पन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्री गहोई वैश्य उन्नति संस्था की नए सत्र की मीटिंग उत्साह और भक्ति के साथ सम्पन्न हुई। इस विशेष अवसर पर गरबा प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी सदस्यों ने माता रानी की पूजा-अर्चना के साथ गरबा कर नवरात्रि की खुशियाँ मनाई। कार्यक्रम में गरबा थीम पर आधारित प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें सभी सदस्य पूरे उत्साह से शामिल हुए। आयोजन की जिम्मेदारी संस्था की सक्रिय सदस्यों में स्वाति छिरौलिया, अन्नू सरावगी, रेखा बिलैया, सीमा लहरिया, दीपा बरसैंया, अपर्णा बिलैया, सुप्रिया बिलैया, मधु तपा और लीना कस्तवार ने बखूबी निभाई।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। अर्चना बिस्वारी, सुनीता कनकने, रजनी कनकने, पूनम त्रिसौलिया, आशु सुहाने और मोहिनी सेठिया को पुरस्कार प्रदान किए गए। ज्योत्सना सुहाने, अंजू टुडहा, मधु सेठ, कविता कनकने, पूजा बहरे, श्वेता बहरे, लवली नौगरहिया और शालिनी मोर जी की उपस्थिति रही।



**शिक्षा सेवा में संस्था की प्रेरणादायक पहलः-** संस्था के गठन दिवस पर लिए गए संकल्प के अनुसार, संस्था द्वारा एक बच्चे की वार्षिक स्कूल फीस का भार उठाने का निर्णय लिया गया था, जिसे संस्था लगातार तीन वर्षों से निभा रही है। गहोई वैश्य समाज के देवेंद्र बहरे की शिक्षा की जिम्मेदारी संस्था ने उठाई है और इस वर्ष भी उनकी 11वीं कक्षा की स्कूल फीस संस्था द्वारा जमा की गई। इसके अतिरिक्त, संस्था के समक्ष एक बिटिया की शिक्षा सहायता हेतु नया प्रस्ताव भी आया है।

इस विषय में सभी सदस्यों ने सकारात्मक चर्चा की और निकट भविष्य में इस बिटिया के उज्जवल भविष्य के लिए संस्था ठोस कदम उठाने जा रही है। हमारा प्रयास केवल उत्सव नहीं, उत्तरदायित्व है- समाज सेवा, शिक्षा का संवर्धन और महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है।



# सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** समीपस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया में प्राचार्य के पद पर रही सुधा सीवी दुवे को मंगलवार 1 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई सुधा दुवे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया मे उत्कृष्ट शिक्षण कार्य किया सरल स्वभाव मृदभांशी होने के कारण क्षेत्रीय स्थानीय जनों से भी निरंतर संपर्क बनाए रखा विदाई समारोह में बड़ी संख्या में शाला परिवार के शिक्षकों के साथ प्राचार्य पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सभी ने उनके द्वारा निरंतर दिए गए शिक्षण कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की विदाई समारोह में शाला परिवार के साथ उपस्थित जनों ने भी साल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री पटेल को विदाई दी समारोह में प्रमुख रूप से पं अनिल शास्त्री, बडे भैया धनश्यामवाग पं चन्द्रभूषण दुबे, मनोज गर्ग, बीईओ रामनरेश त्रिपाठी, जिलापंचायत प्रदीप त्रिपाठी, जीडीराय नरेंद्र सिंघई, रामकुमार सराफ, अजय अहिंसा, मुकेश सराफ, सौरम साहूकार, जीतूराय राममिलन दुबे, प्राचार्य गोपाल यादव, प्रमोद दुबे, बीवी दुवे, संचालन घनेश रैले सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# सेवा पखवाड़ा : सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के प्रति समर्पण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, सेवा, और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में, 2 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर सत्य एवं अहिंसा की शपथ, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की शपथ, और उत्पाद पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और वंदना के साथ हुआ। इसके बाद, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृति को नमन किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उदबोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, और स्वदेशी के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उनके प्रेरक शब्दों ने उपस्थित सभी छात्राओं में उत्साह और जागरूकता का संचार किया, जिससे वे सामाजिक और व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रेरित हुईं। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान और स्ववित्तीय अतिथि विद्वान उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. साधना जैन, डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, बंदना मिश्रा, के.जे. सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. रोशनी पाण्डेय, विनेश यादव, नागेन्द्र यादव, पंकज सेन, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, श्वेता कोरी, रिचा दुबे, डॉ. वंदना चौहान, अंजनेय तिवारी, वर्मा, पूजा सिंह राजपूत, डॉ. प्रतिमा सिंह, प्रियंका सोनी, सृष्टि श्रीवास्तव, रत्नेश कुशवाहा, देववती चक्रवर्ती, मैत्रेयी शुक्ला, डॉ. अनिका वालिया, और डॉ. श्रद्धा वर्मा शामिल थे। छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया। यह आयोजन सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में सफल रहा। ऐसे आयोजन समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश प्रसारित करते हैं, जो छात्राओं और समुदाय के लिए प्रेरणादायक हैं। यह कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी और स्वदेशी के महत्व को रेखांकित करने में एक सार्थक प्रयास रहा।





# जेपीवी डीएवी विद्यालय में हुआ स्वच्छता दिवस का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जेपीवी डीएवी विद्यालय में 02 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश क्षेत्रीय जोन के निदेशक और विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता को जीवन का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि शिक्षा और व्यक्तित्व विकास में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सभी ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता को केवल एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। इस प्रकार, विद्यालय परिवार द्वारा मनाया गया स्वच्छता दिवस विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में एक प्रेरक कदम साबित होगा।

# शुभमन गिल टेस्ट में भी पास

## भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया




**अहमदाबाद ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रनों पर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 162 रन ही बना पायी थी। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 286 रनों की बढ़त थी। ऐसे में उसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया।

वेस्टइंडीज टीम अपनी दूसरी पारी में लंच के बाद 146 रनों पर ही आउट हो गयी। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने 4 विकेट लिए, वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीन जबकि कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार भारतीय टीम ने ये मुकाबला आसानी से जीत लिया।

इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में भी पहली पारी की तरह ही खराब रही। केवल एलिका अथानाजे ही 38 रन तक पहुंच पाये, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

इस मैच में भारतीय टीम के तीन बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रविन्द्र जडेजा ने शतक लगाकर टीम को दूसरे ही दिन 488 रनों तक पहुंचा दिया था।

### श्रेयस होंगे उपकप्तान

शुभमन गिल टेस्ट के बाद अब एकदिवसीय प्रारुप के लिए भी भारतीय टीम के कप्तान बनाये गये हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शुभमन गिल को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया है। शुभमन को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है। रोहित अब एक बल्लेबाज के तौर पर ही टीम में रहेंगे। रोहित के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी टीम में शामिल किया गया है। इस प्रकार रोहित और विराट करीब सात महीने के बाद एक बार फिर खेलते नजर आयेंगे। ये दोनो ही अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरे थे और उसे भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में जीता था। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी टीम में शामिल किया गया है। श्रेयस को एकदिवसीय के लिए उपकप्तान बनाया गया है।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक जीतना है दीपिका का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी।

# रेलवे ने जीता पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब




**नयी दिल्ली।** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महिला) को हराकर पांचवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के खिलाफ कांस्य पदक जीतकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।फाइनल मैच में, रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महिला) को 5-1 से हराया।

नवनीत कौर (नौंवे, 21वें, 54वें) ने शानदार हैट्रिक बनाकर अपनी टीम के ट्रॉफी जीतने के इरादे को पुख्ता किया।सलीमा टेटे (39वें) और संगीता कुमारी (52वें) ने भी एक-एक गोल करके मैच को अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम से और आगे ले गए।वहीं, ज्योति ने (60वें) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (महिला) के लिए आखिरी मिनट में सांत्वना गोल दागा और रजत पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।कांस्य पदक के लिए, भारतीय खेल प्राधिकरण ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को 4-1 से हराकर पदक जीता।वरित्का रावत ने (16वें, 46वें) ने भी अपनी टीम के लिए दो गोल दागे, जबकि उनकी साथी कप्तान ऐश्वर्या चव्हाण ने (39वें) और प्रीनी कंदीर ने (41वें) ने भी एक-एक गोल किया।जवाब में, वैष्णवी विट्ठल फाल्के (44वें) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए एकमात्र गोल करने में सफल रहीं।

# हुसामुद्दीन, भावना शर्मा और पार्थवी ग्रेवाल तीसरे दिन आगे बढ़े



**चेन्नई।** विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (सर्विसेज) ने बड़े मंच पर भारत के सबसे विश्वसनीय खिलाड़ियों में से एक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए, बीएफआई कप एलीट पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपने शुरुआती मुकाबले में सर्विसेज के हर्ष को 5-0 से हराकर शानदार जीत हासिल की।एलीट महिला वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अंडर-22 एशियाई कांस्य पदक विजेता भावना शर्मा (रेलवे) ने 48-51 किग्रा वर्ग में सिमरन (हरियाणा) को कड़े मुकाबले में 3:2 के विभाजित निर्णय से हराया।इस बीच, पार्थवी ग्रेवाल (राजस्थान) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरएससी (रेफरी द्वारा रोका गया मुकाबला) जीत के साथ अपना मुकाबला जीत लिया, जिससे भारतीय मुक्केबाजी में उनकी बढ़ती स्थिति और मजबूत हुई।

# मनीष और वैष्णवी ने एकल जीते खिताब




**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार और महाराष्ट्र की वैष्णवी अदकर ने शनिवार को नई दिल्ली के डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 30वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिए।पुरुष एकल फाइनल में, मनीष सुरेशकुमार ने दबाव में अपनी निरंतरता और संयम का परिचय देते हुए दो घंटे तक चले मुकाबले में कीर्तिवासन सुरेश को 6-4, 6-2 से हराया।दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती सर्विस ब्रेक के बाद स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनीष ने कीर्तिवासन की सर्विस ब्रेक कर 2-1 की बढ़त बना ली और स्कोर 3-1 कर दिया। कीर्तिवासन ने जोरदार वापसी की और अपनी सर्विस ब्रेक करते हुए 4-3 से बढ़त बना ली।हालांकि, मनीष ने इसके बाद अपने खेल में सुधार किया और अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस फिर से ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया।दूसरे सेट में भी इसी लय को बरकरार रखते हुए, तमिलनाडु की खिलाड़ी ने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और दमदार रिटर्न के साथ लंबी रैलियाँ खेलते हुए अपनी लय बरकरार रखी।उन्होंने 6-2 से सेट जीतकर मैच और पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। वैष्णवी ने महिला एकल फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की और आकांक्षा की सर्विस जल्दी ही तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली।

# चावल-चीनी के दामों में आई नरमी



## खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गये जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा।खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गये। चीनी में भी नरमी रही।घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपये घटकर 3,811.35 रुपये प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे।आटे की कीमत सात रुपये बढ़ी और यह 3,318.28 रुपये प्रति क्विंटल बिका।खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। सूरजमुखी तेल 48 रुपये और मूंगफली तेल 343 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।सोया तेल की कीमत 20 रुपये और वनस्पति के दाम 49 रुपये प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मूंग दाल की कीमत 41 रुपये और उड़द दाल की 29 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। तुअर दाल 122 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।चीनी का भाव भी 18 रुपये प्रति क्विंटल घटा।

# जीएसटी रिफॉर्म के बाद सस्ती हुई छोटी और मिड-रेंज कारें

**नई दिल्ली ।** जीएसटी रिफॉर्म 2.0 लागू होने के बाद केंद्र सरकार ने छोटी और मिड-रेंज कारों पर टैक्स घटाकर इन्हें पहले से कहीं ज्यादा किफायती बना दिया है। मारुति बलेनो अब पहले से और सस्ती हो गई है। सिग्मा से लेकर अल्फा एएमटी वेरिएंट तक ग्राहकों को 75,000 से 86,000 रुपये तक का फायदा हो रहा है। वहीं सीएनजी वर्जन में करीब 78,000 रुपये की बचत हो रही है। खास बात यह है कि जितना हाई वेरिएंट, उतनी ज्यादा राहत। ऐसे में टॉप वेरिएंट अल्फा एएमटी अब कम दाम पर उपलब्ध है, जो फीचर्स और स्टाइल चाहने वालों के लिए एक स्मार्ट विकल्प है।



टोयोटा ग्लेंझा पर भी असर साफ दिखाई देता है। इसके वी एएमटी वेरिएंट पर 85,000 रुपये से ज्यादा की राहत मिली है, जबकि बाकी वेरिएंट्स पर 50,000 रुपये तक का फायदा हो रहा है। बलेनो का टेक्निकल ट्विन होने के बावजूद टोयोटा का बैज इसे प्रीमियम फील देता है। जो ग्राहक ब्रांड पर भरोसा करते हैं, उनके लिए ग्लांझा एक अच्छा सौदा बन गई है।

टाटा अल्ट्राज ने तो सबको चौंका दिया। इसके अकॉम्प्लिश्ड एस डीजल वेरिएंट में रुपए 1.12 लाख की बड़ी कटौती हुई है। सीएनजी, पेट्रोल और डीसीटी वर्जन में भी 58,000 से 97,000 रुपये तक की बचत मिल रही है।मजबूत बिल्ड क्वालिटी और सेफ्टी फीचर्स के चलते अल्ट्राज अब बजट और सुरक्षा दोनों के लिहाज से बेहतर डील साबित हो रही है। अगर आप कम बजट में पेट्रोल हैचबैक चाहते हैं तो बलेनो सिग्मा या डेल्टा सही विकल्प है। टोयोटा ब्रांड के साथ भरोसा चाहिए तो ग्लाझा चुन सकते हैं। वहीं सेफ्टी और डिजाइन पर ध्यान देने वालों के लिए अल्ट्राज अब सबसे दमदार वैल्यू ऑफर करती है।

## युवराज के लगाये प्रशिक्षण सत्र से बल्लेबाजी में आया निखार: अभिषेक

**नई दिल्ली।** एशिया कप में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरु युवराज सिंह को दिया दिया है। अभिषेक के अनुसार कोरोना संक्रमण के दौर में जब लॉकडाउन लगा था और सभी खेल मुकाबले रुक गये थे तब युवराज ने उन्हें प्रशिक्षण दिया था जिसका लाभ अब उन्हें मिला है। तब अभ्यास के दौरान युवराज ने कहा था कि तुम जल्द ही भारतीय टीम के लिए मैच जीतोगे। अभिषेक के अनुसार अब उनकी कही बातें सही साबित हो रही हैं। अभिषेक ने एक शो में कहा कि युवराज की देखरेख में जिस प्रकार से उन्होंने अभ्यास किया उससे उनकी बल्लेबाजी तकनीक बेहतर हुई।इसी कारण वह एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने में भी सफल रहे। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, मैं युवराज का बहुत शुक्रगुजार हूं। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सत्र रखा था।

# चांदी ने सोने को पीछे छोड़ा

## 19.4 फीसदी की जोरदार तेजी

**मुंबई।** सितंबर महीने में चांदी ने निवेशकों को खुश करते हुए 19.4 प्रतिशत की तेजी दिखाई है, जो कि सोने की 13.56 प्रतिशत की वृद्धि से कहीं अधिक है। महीने की शुरुआत में चांदी की कीमत 1,26,000 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 30 सितंबर को बढ़कर 1,50,500 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। यह पिछले कई वर्षों में चांदी की सबसे तेज मासिक बढ़ोतरी मानी जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को चांदी 1,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि मंगलवार को यह अपने उच्चतम स्तर 1,50,500 रुपए पर पहुंची। हालांकि चांदी ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन सोने की कीमतों में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। एक सितंबर को सोने की कीमत 1,05,670 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो महीने के अंत तक बढ़कर 1,20,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। यह 13.56 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है, जो निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत है। चांदी की इस तेजी के पीछे मजबूत औद्योगिक मांग और वैश्विक आपूर्ति में कमी प्रमुख कारण हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि चांदी का औद्योगिक उपयोग कुल मांग का लगभग 60-70 प्रतिशत है। इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहनों में चांदी की बढ़ती मांग ने कीमतों को ऊपर धकेला है। 2024 में केवल सौर पैनल के लिए 23.2 करोड़ औंस चांदी की जरूरत होगी। एक जिंस बाजार विशेषज्ञ ने बताया कि लगातार सात वर्षों से बाजार आपूर्ति की कमी का सामना कर रहा है, जो कीमतों में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि चांदी की दोहरी भूमिका निवेश और औद्योगिक धातु ने इसे सोने से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है।



## मॉयल का उत्पादन सितंबर में बढ़कर 1.52 लाख टन

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल का उत्पादन सितंबर में 3.8 प्रतिशत बढ़कर 1.52 लाख टन पर पहुंच गया।इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह कंपनी का सितंबर महीने का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।उसने बताया कि अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग 5,314 मीटर तक पहुंच गई, जो 46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है।यह अपने संसाधन आधार के विस्तार पर कंपनी के गहरे फोकस को दर्शाता है।वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में मिनीरत्न कंपनी का उत्पादन 10.3 प्रतिशत बढ़कर 4.42 लाख टन पर पहुंच गया जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है।इस दौरान बिक्री भी 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.53 लाख टन हो गयी। कंपनी के प्रदर्शन पर मॉयल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने कहा, प्रमुख मानकों में वृद्धि मॉयल की अपनी परिचालन उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



# भारतीय दवा कंपनियों को अमेरिका में टैरिफ से राहत मिलने की संभावना

**मुंबई।** भारतीय दवा कंपनियां अमेरिका की दिग्गज कंपनी फाइजर के नक्शेकदम पर चलकर अमेरिका में दवाओं पर लगने वाले टैरिफ में कटौती के लिए समझौता कर सकती हैं। अमेरिकी सरकार पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा रही है, जिससे भारतीय कंपनियों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों के अनुसार यदि भारतीय कंपनियां अमेरिका में मेडिकेड और मेडिकेयर कार्यक्रमों के तहत दवाओं की कीमतें कम करने पर सहमत होती हैं, तो वे टैरिफ से बच सकती हैं। फाइजर ने अमेरिका में मेडिकेड प्रोग्राम में अपनी दवाओं के दाम अन्य विकसित देशों के स्तर पर कम करने का समझौता किया है, जिससे उसे टैरिफ में राहत मिली है। नुवामा के विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय कंपनी सन फार्मास्युटिकल अगर इसी तरह कोई समझौता करती है या अमेरिका में विनिर्माण शुरू करती है, तो वह भी टैरिफ से बच सकती है। सन फार्मास्युटिकल की प्रमुख दवा इलुम्या का अधिकांश राजस्व मेडिकेयर कार्यक्रम से आता है, जो 65 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों के लिए है। मेडिकेयर संघीय स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है जो बुजुर्गों और कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को कवर करता है, जबकि मेडिकेड संयुक्त राज्य और राज्य सरकारों का कार्यक्रम है जो कम आय वाले परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करता है। मेडिकेयर की पात्रता उम्र और विकलांगता पर आधारित होती है, जबकि मेडिकेड आय और परिवार की स्थिति पर निर्भर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी नई दवाओं के लिए 'सर्वाधिक पसंदीदा देश' (एमएफएन) के तहत दाम तय करने की नीति लागू की है, जिससे अमेरिकी बाजार में दवाओं की कीमतें कम हो सकती हैं।

## सौमित्र श्रीवास्तव ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नयी दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किये गये सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है।अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है।इंडियन ऑयल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।उन्होंने उत्तर एवं पूर्व भारत के रिटेल सेल्स प्रमुख के रूप में काम किया है।उन्होंने नयी दिल्ली और मुंबई में मंडल कार्यालयों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड में बिक्री का नेतृत्व करते हुए व्यापक परिचालन विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

# सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर रही तेजी

## आरबीआई की नीतिगत घोषणाओं ने शेयर बाजार को दिया सहारा




**मुंबई।** अक्टूबर 2025 के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूती दिखाई और बीते सप्ताह की गिरावट से उबरते हुए साप्ताहिक आधार पर बढ़त दर्ज की। बाजार की चाल पर इस सप्ताह घरेलू कारकों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ाना और महंगाई अनुमान में कमी करना निवेशकों के लिए भरोसा बढ़ाने वाला कदम साबित हुआ। इसके अलावा देशभर में मानसून की अच्छी स्थिति, घरेलू संस्थागत निवेशकों की सतत खरीदारी और वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में बेहतर कॉरपोरेट नतीजों की उम्मीद ने बाजार को बल दिया।इस सप्ताह केवल चार कारोबारी सत्र रहे, क्योंकि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और विजयादशमी की छुट्टी थी। सोमवार और मंगलवार को बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स क्रमशः 61 और 97 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी मामूली कमजोरी दर्ज की गई। बुधवार को बाजार ने दमदार वापसी की। सेंसेक्स 715 अंक उछलकर 80,983 पर और निफ्टी 225 अंकों की तेजी के साथ 24,836 पर बंद हुआ। शुक्रवार को भी बाजार में मजबूती बनी रही। सेंसेक्स 226 अंकों की तेजी के साथ 81,207 और निफ्टी 57 अंक चढ़कर 24,894 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंत में सेंसेक्स में कुल मिलाकर 843 अंकों और निफ्टी में 259 अंकों की बढ़त रही। हालांकि विदेशी निवेशकों की बिकवाली अब भी चिंता का विषय है, लेकिन घरेलू संकेतकों की मजबूती निकट भविष्य में बाजार को स्थिरता दे सकती है। निवेशकों को आने वाले सप्ताह में कॉरपोरेट परिणामों और वैश्विक रुझानों पर नजर रखनी चाहिए।

# ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री डॉ यादव

## विशेष ग्राम सभाओं ने 4 हजार से ज्यादा विलेज एक्शन प्लान का अनुमोदन

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय बहुल जिलों में ग्राम सभाओं को अपने गांव के विकास का रोडमैप तैयार करने सक्षम बनाया जा रहा है। राज्य सरकार ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में जनजातीय बहुल गांवों में आदि सेवा पर्व पर दो अक्टूबर को हुई विशेष ग्राम सभाओं ने आपसी विचार-विर्मश कर 4 हजार से ज्यादा विलेज एक्शन प्लान का अनुमोदन किया। शेष ग्राम सभाएं जल्द ही विलेज एक्शन प्लान बनाने की प्रक्रियाएं पूरी करेंगी।

विलेज एक्शन प्लान के लिए 30 जनजातीय बहुल जिलों के लिए अधिकारियों के कार्य दल बनाए गए थे। अधिकारियों की टीम गांव में पहुंची और ग्राम सभाओं में उपस्थित होकर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व के महत्व को समझाया। ग्राम सभाओं ने जनजाति ग्राम विजन 2030 के लिए ग्राम विशेष एक्शन प्लान का अनुमोदन किया। साथ में यह भी संकल्प लिया कि प्रत्येक गांव में एक आदि





सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह सेवा केंद्र एकल खिड़की नागरिक सेवा केंद्र की तरह काम करेगा। इसके माध्यम से स्थानीय लोग आदि सेवा समय, स्वैच्छिक सेवा के अंतर्गत सप्ताह में एक घंटा अपना योगदान करेंगे। सरकारी अधिकारियों को जनजातीय समुदाय की मूल भाषा, बोलियों और संस्कृति से भी जोड़ेंगे।

### भियान का लक्ष्य 3 लाख आदि कर्मयोगियों को प्रशिक्षित करना

उल्लेखनीय की जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। यह देश में जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्र में ग्राम स्तर पर नेतृत्व क्षमता का विकास करना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना और शासन-प्रशासन को और अधिक उत्तरदायी बनाना है। यह अभियान सेवाए संकल्प और समर्पण जैसे मूल्यों पर केन्द्रित है, जो जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के प्रथम चरण में 41 जिलों के 249 विकासखंडों में 14,040 जनजातीय बाहुल्य गांव चिन्हित किए गए हैं। अभियान का लक्ष्य 3 लाख आदि कर्मयोगियों को प्रशिक्षित करना है। इनमें ग्राम स्तर के युवाए महिलाएं, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि शामिल है। अभियान में 18,150 क्लस्टर स्तर के मास्टर ट्रेनर, 41 अशासकीय संगठन, 1250 विकासखंड स्तरीय शासकीय संगठन, 56470 आदि सहयोगी, 2,03,292 आदि साथी, 22,528 आदि विद्यार्थी मिलाकर कुल 3 लाख 3 हजार 233 चेंज लीडर्स तैयार किया जा रहे हैं।

# कफ सिरप में जहर मिला या सिस्टम में ?

### मासूमों की मौत पर बोली महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, कहा मंत्री जांच से पहले ही दे रहे क्लीन चिट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर श्रीमती विभा पटेल ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से 9 मासूम बच्चों की मौत की घटना को प्रदेश के प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र की घोर विफ्लता बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकारी लापरवाही और भ्रष्ट सिस्टम की भयावह सच्चाई है, जिसने बच्चों की ज़िंदगी से खुला खिलवाड़ किया। श्रीमती विभा पटेल ने कहा कृ श्यह सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि बच्चों को दी गई कफसिरप में ब्रेक ऑयल सॉल्वेंट और एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे ज़हरीले केमिकल मिले हुए थे, जो गाड़ियों के कूलेंट और एंटी-फ्रीज़ में इस्तेमाल होते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की कानून व्यवस्था और प्रशासन की पूरी तरह से नाकामी है। स्वास्थ्य विभाग से लेकर स्थानीय प्रशासन तक किसी ने समय रहते नियंत्रण नहीं किया। श्रीमती विभा पटेल ने कहा इतनी बड़ी त्रासदी के बाद भी मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री न तो मृतकों के परिजनों से मिले और न ही किसी तरह की राहत या मुआवज़े की घोषणा की। भाजपा सरकार का यह रवैया न केवल असंवेदनशील बल्कि हठधर्मी और दोषपूर्ण है।

**सच्चाई छिपाने में लगी सरकार** - श्रीमती विभा पटेल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब तमिलनाडु सरकार ने ऐसी ही घटना में 24 घंटे के भीतर जांच पूरी कर ज़हरीली दवा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो मध्य प्रदेश में मंत्री पहले ही दिन सिरप को क्लीन चिट कैसे दे देते हैं? कभी रिपोर्ट का इंतज़ार बताया जाता है, तो कभी पीड़ित परिवारों को ही दोषी ठहराया जाता है। क्या यही संवेदनशील



शासन है? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मामले को दबाने और दोषियों को बचाने में जुटी है। प्रारंभिक जांच में साफ़ हो गया है कि दवा में जहरीले रसायन मिले थे, लेकिन सरकार सच्चाई छिपाने में लगी है। यह सरकार उद्योगपतियों की है, जनता की नहीं। अगर ज़रा-सी भी राजनीतिक इच्छाशक्ति होती, तो अब तक जिम्मेदार अधिकारियों और कंपनी पर हत्या का मुकदमा दर्ज होता, उन्होंने कहा। श्रीमती विभा पटेल ने मांग की कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर आपराधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि श्भाजपा सरकार के पास न संवेदना बची हैए न जवाबदेही। यह त्रासदी प्रदेश की आत्मा पर लगा काला धब्बा है और हम इसे यूं दबने नहीं देंगे।

## आज श्री द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होगी ट्रेन

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा रेलगाडी आज 5 अक्टूबर को जायेगी और 10 अक्टूबर को वापस आयेगी। जिला दमोह हेतु 200 सीटें आबंटित की गई हैं। यात्रा हेतु रेण्डमाईजेशन उपरांत चयनित यात्रियों की सूची जारी कर उन्हें टिकटों का वितरण निकायों के माध्यम से किया जा चुका हैं। इस सबंध में डिप्टी कलेक्टर छोटेगिरी गोस्वामी ने बताया श्री द्वारका की तीर्थ यात्रा हेतु रेलगाडी क्रमांक 00131 भारत गौरव ट्रेन का आगमन दमोह रेल्वे स्टेशन पर 5 अक्टूबर को रात्रि 9:30 बजे होगा तथा 10 मिनिट के हाल्ट उपरांत ट्रेन रात्रि 9:40 बजे प्रस्थान करेगी।

# पूर्वोत्तर के निवेशक मध्यप्रदेश के निवेश अवसरों से होंगे रूबरू

भोपाल।

मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए अनुकूल नीतिया, सुगम प्रक्रिया और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर ने मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल किया है। इसी दिशा में 5 अक्टूबर को गुवाहाटी में आयोजित होने वाला इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश सत्र पूर्वोत्तर भारत के निवेशकों को राज्य में औद्योगिक अवसरों और साझेदारी के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल एवं परिधान, फार्मा और हेल्थकेयर, सीमेंट एवं खनिज, इंजीनियरिंग, पेट्रोकेमिकल्स एवं केमिकल्स, पर्यटन एवं वेलनेसए नवकरणीय ऊर्जा उपकरण, प्लास्टिक्स और पॉलिमर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं से परिचित कराना है। गुवाहाटी फार्मा और सीमेंट उद्योग का प्रमुख केंद्र है, जबकि दिब्रूगढ़ए तिनसुकियाए जोरहाट और शिवसागर जैसे औद्योगिक शहरों के उद्योग प्रतिनिधि सत्र में शामिल होकर प्रदेश में निवेश के अवसर पर चर्चा करेंगे ।

पूर्वोत्तर राज्यों के उद्योग समूह, व्यापार संघ और निवेशक साथ ही कोलकाता और आप पास के औद्योगिक केंद्र के प्रतिनिधि इस सत्र में शामिल होंगे। यह आयोजन न केवल निवेशकों को औद्योगिक अवसरों से जोड़ेगा बल्कि पूर्वोत्तर भारत और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को भी मजबूत करेगा। सत्र में एफआईसीसीआई असम के चेयर और धानुका ग्रुप के एमडी डॉ घनश्याम दास धनुका, फिक्की, असम के को चेयर और बीएमजी इन्फॉर्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जॉयदीप गुप्ता और रॉयल भूटान कौंसल जनरल, गुवाहाटी जिग्मे थिनल्ये नामग्याल सत्र को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों से वन.टू.वन मीटिंग कर मध्यप्रदेश में परियोजनाओं, निवेश योजनाओं और औद्योगिक विकास के अवसरों पर सीधे संवाद करेंगे। यह सत्र राज्य की औद्योगिक क्षमता को विस्तार देने और निवेशकों के भरोसे को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# व्यक्ति को सरल, सहृदय और संवेदनशील बनाती है भाषा : राज्यपाल

## राज्यपाल ने प्रदान किए हिन्दीतर भाषी हिन्दी सेवी सम्मान

भोपाल।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भाषा एक संपूर्ण संस्कृति है। यह भावों की अभिव्यक्ति के साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। व्यक्ति को सरलए सहृदय और संवेदनशील बनाती है। राज्यपाल श्री पटेल मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित हिन्दीतर भाषी हिन्दी सेवी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के लिए प्रचार समिति द्वारा स्थापित पुरस्कारों से लेखकों, प्रशासनिक अधिकारियों, हिन्दी सेवा साधकों और युवा साहित्यकारों को सम्मानित किया और बधाई दीं। समारोह का आयोजन हिन्दी भवन में किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दी की लोकप्रियता भारत के साथ संपूर्ण विश्व में बढ़ी है। मोदी जी जब विश्व मंचों पर



हिंदी में अपनी बात रखते हैं तो सम्पूर्ण विश्व बड़े ध्यान से सुनता है। उन्होंने कहा कि गैर हिन्दी राज्यों और सरकारी नीतियों में भी विगत वर्षों से हिन्दी का प्रसार तेजी से हो रहा है। वर्ष 2023 में फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन में दुनिया भर के 50 देशों का शामिल होना, प्रधानमंत्री जी के इन्हीं प्रयासों का सुखद प्रतिफल है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन.अध्यापन और प्रोत्साहन के लिए विशेष प्रावधान, प्रधानमंत्री जी के संकल्पों की सिद्धि की पहल है। प्रदेश सरकार ने भी हिन्दी विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे तकनीकी, वैज्ञानिक विषयों का हिन्दी में अध्ययन-अध्यापन की अनुकरणीय और सराहनीय पहल की है।

### विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए हिन्दी सेवी सम्मान

राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में हिन्दी सेवी सम्मान प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में साहित्यकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, हिन्दी सेवा साधकों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसी प्रकार समिति द्वारा स्थापित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए । राज्यपाल श्री पटेल ने मां सरस्वती का पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री पटेल का प्रचार समिति ने पुष्प.गुच्छ से स्वागत, शॉल और श्रीफल से अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन प्रचार समिति के संपादक और मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ मनोज श्रीवास्तव ने दिया। श्री रघुनंदन शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। आभार समिति की उपाध्यक्ष डॉ रंजना अरगड़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महेश सक्सेना, सम्मानित लेखकए साहित्यकार और उनके परिजन उपस्थित रहे।



# बच्चों के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार करना सरकार की है प्राथमिकता

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बताया कि डीएमएफमद गौण खनिज से जिले के स्कूलों के सुधार कार्य के लिए इस वर्ष 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 करोड़ रुपये की लागत से सभी विधानसभाओं में समान रूप से स्कूलों की मरम्मत और सुधार कार्य कराए गए थे। इस बार भी प्रथम चरण में 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जबकि आगे 4 से 5 करोड़ की राशि और स्वीकृत की जाएगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए सुरक्षित व व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। कई बार समाचार आते हैं कि स्कूल की छत गिरने से छात्र घायल हो जाते हैं, ऐसे हादसों को रोकने के लिए ही यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ग्राम खिरिया के भ्रमण के दौरान राज्यमंत्री ने स्कूल की मरम्मत कार्य को देखकर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि शिक्षक भी इस काम को पूरी रुचि से करवा रहे हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और किसी प्रकार की गड़बड़ी न पाए।

**हर विधानसभा, तहसील और ब्लॉक में होंगे स्कूल सुधार कार्य**

# प्रदेश के गांव-गांव में चल रहा है दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

## पशुपालकों को दी जा रही है नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना से अधिक करने और उसके माध्यम से पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प को पूरा करने के लिये प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग का अमला गांवों में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिशरू संपर्क कर रहा है और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दे रहा है। साथ ही पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।



अभियान का प्रथम चरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित हुई ग्राम सभाओं से शुरू हुआए जो 9 अक्टूबर तक चलेगा।

### मंत्री श्री पटेल ने पशुपालकों से किया संपर्क

अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री लखन पटेल ने शनिवार को दमोह जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम खिरिया छक्का पहुंचकर पशुपालक किसानों से संपर्क किया और उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और नस्ल सुधार आदि की जानकारी दी। मंत्री श्री पटेल ने पशुपालकों के घर पहुंचकर पशुपालन के संबंध में चर्चा की और अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

साथ ही उन्नत पशुपालन विधियां अपना कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिये कहा। मंत्री श्री पटेल से चर्चा के दौरान ग्राम के पशुपालक धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने नस्ल सुधार के क्षेत्र में कार्य किया है, जिससे दुग्ध उत्पादन में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह उल्लेखनीय कार्य हैए जो अन्य पशुपालकों के लिए प्रेरणा दायक है। उन्होंने किसानों और पशुपालकों से आग्रह किया कि इस अभियान से जुड़कर पशुपालन को बढ़ावा दें और लाभ कमाएं।

## प्राईवेट व्यक्तियों का अपराध रिकार्ड सत्यापन कराने जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाये

**दमोह।** वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती 5 अक्टूबर के उपलक्ष्य में जिला दमोह की तहसील जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर एवं ग्राम चौरई स्थित बड़ा देव मंदिर के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई का आगमन प्रस्तावित है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं समस्त कार्यालय प्रमुखों से सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दोनों हैलीपेड एवं व्हीआईपी रुट मार्ग एवं कार्यक्रम स्थलों पर निर्माण कार्य प्रारंभ है। उक्त निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में प्राईवेट व्यक्ति संलग्न हैं जिनका सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टी से अपराध रिकार्ड सत्यापन कराये जाने हेतु निर्धारित प्रोफार्मा में जानकारी चाही गई है। उन्होंने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दोनो हैलीपेड स्थलों व्हीआईपी रुट मार्ग, कार्यक्रम स्थलों एवं अन्य सभी स्थलों पर संलग्न प्राईवेट व्यक्तियों का अपराध रिकार्ड सत्यापन कराने हेतु निर्धारित फार्मेट में जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।

# अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापित कराने हुई बैठक

दमोह।

बटियागढ, नगर में रानी माता अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापित कराने शासन स्तर से संस्कृति विभाग के माध्यम से प्रस्तावित कराने बना एजेण्डा 3 अक्टूबर को विभिन्न सामजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों की बैठक आयोजित हुई जो बटियागढ ब्लॉक स्थित टेड़ा आम परिसर धाम में रखी गई जिसमें अभा लोधी लोधा राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह ठाकुर, लोधी क्षत्रीय महासभा के दमोह नगर अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री हाकम सिंह ठाकुर, अजाक्स जिला दमोह महासचिव डीसी बैन, बटियागढ ब्लॉक युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ठाकुर, युवा ब्लॉक अध्यक्ष हटा राकेश सिंह, बसिया सरपंच बलवान सिंह ठाकुर, आलोक संघ के बटियागढ ब्लॉक अध्यक्ष केशव सिंह ठाकुर, वरिष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूतपूर्व सैनिक अमर सिंह ठाकुर, लोधी लोधा महासभा महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ठाकुर, युवा महिला



मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष नंदनी सिंह लोधी, मगरोन से सुरेन्द्र सिंह, पर्वत सिंह, अमोल सिंह, रोशन सिंह, गुड्डु सिंह, राशि लोधी, रश्मि लोधी, अरविंद चौरसिया, रोशन लाल, सहित सर्वसमाज के बहुत से बुद्धिजीवि युवा वरिष्ठ जनो ने अपने बिचार रखकर समर्थन किया और बटियागढ ब्लॉक मे रानी अवंतीबाई लोधी का स्टेचो मूर्ति मप्र शासन के संस्कृति विभाग से रखवाने बैठक में लिखित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए एवं अंशदान भी करने सहयोग किया। प्रहलाद सिंह ठाकुर ने 50 हजार, एवं हाकम सिंह ठाकुर ने 1 लाख नकद सहयोग राशि देने का बैठक में बचन दिया।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे बड़ा देव मंदिर का लोकार्पण

**दमोह।** जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चौरई में स्थित बड़ा देव मंदिर का लोकार्पण समारोह 5 अक्टूबर रविवार दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कायक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल के कर कमलों से किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय दुर्गादास उईके, मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपत्तियां उईके, राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग श्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल उपस्थित रहेंगे। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया।

# किसानों का भविष्य बदलने का काम करेगी भावांतर योजना : राज्यमंत्री

### भावांतर के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** सम्पूर्ण प्रदेश में यलो मोजेक से खराब फसलों की राहत राशि प्रदेश में पहली बार किसानों को मुख्यमंत्री ने मुआवजा दिया। यह मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता हैं, इन चीजों को लेकर आज तीसरी बार राहत की राशि डाली हैं। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने स्थानीय पीएमश्री शासकीय ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव महाविद्यालय में भावांतर योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में व्यक्त किये।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा जो भाव का अंतर होगा वही भावांतर होगा। मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया था भावांतर योजना प्रदेश में प्रारंभ की जाये। अगर किसी का अभी कोई सुझाव हो तो बताया जायेए यह महत्वाकांक्षी और किसान हितैषी योजना हैं, यह योजना किसानों का भविष्य बदलने का काम करेगी, योजना बहुत अच्छे से संचालित हो सभी को मिलकर प्रयास करना हैं, यह हम सबकी जिम्मेवारी हैं। पंजीयन अवश्य कराएं ताकि इस योजना का लाभ सभी को मिल सके। उन्होंने कहा मॉडल रेट के सबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की जायेगी, मॉडल रेट जिले में तय हो, इसका प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा तुलाई समय से हो अधिकारी इस बात का ध्यान रखें ताकि किसान अपने घर जल्दी जा सकेगा। पंजीयन कॉउंटर ज्यादा से ज्यादा हो जिस दिन किसान फसल बेचे उसी दिन उसकी इंट्री हो जाये ताकि किसान को दूसरे दिन दुबारा ना आना पड़े, इस बात का भी ध्यान रखा जाये।




### किसानों के जीवन में आएगी खुशहाली

पिछड़ा वर्ग कल्याण अयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा भावांतर योजना से किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी। यदि हमारा किसान खुश रहेगा, तंदुरूस्त रहेगा, अच्छी पैदावार करेगा तो हम सभी संकटों का सामना आसानी से कर सकते है। एक समय था कि अमेरिका ने हमको ऐसा गेंहूँ भेजा था कि पशु तक उसको नहीं खाते थे, ऐसे संकटों से हमारा देश उभरा है और आज हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है, यह हमारी किसानों की मेहनत का ही परिणाम है। उन्होने कहा कि ग्राम स्तर पर इस योजना की निगरानी का कार्य करना पड़ेगा ताकि किसानों का पंजीयन ठीक तरीके से हो जाये। कोई किसान वंचित न रहे यह सारी व्यवस्था करनी पड़ेगी और मंडी में किसानों के लिए सारी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे किसानों को किसी भी तरह से कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर ने कहा भावांतर योजना का व्यापक प्रचार किया जाना बहुत आवश्यक है जिससे किसान इसको लेकर जागरूक हों और इस योजना का लाभ उठा पायें क्योंकि रजिस्ट्रेशन का समय थोड़ा कम है, इसलिए योजना का सोशल मीडिया व अन्य इलेक्ट्रानिक्स माध्यम से प्रचार हम और आप करें।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर एवं सुदंर लाल विश्वकर्मा, अरूण तिवारी, महेश पटेल, हरिश्चद पटेल, श्रीराम पटेल, हेमंत पटेल, नरेन्द्र बजाज, प्रिंस जैन, कमल ठाकुर, व्यापारीगण, किसान बंधु, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, उप संचालक कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे। संचालन विपिन चौबे और आभार प्रदर्शन उप संचालक कृषि ने व्यक्त किया।

# एनएबीएच सर्टिफिकेट नहीं तो 'आयुष्मान' से इलाज भी नहीं

## प्राइवेट अस्पतालों ने सरकार को लिखा पत्र, आईएमए स्टेट जबलपुर ने किया विरोध

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र में आयुष्मान भारत निरामय योजना से जुड़े अस्पतालों को लेकर एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दरअसल सरकार ने आदेश जारी किया है कि अप्रैल 2026 से केवल वही अस्पताल आयुष्मान योजना में बने रहेंगे। जिनके पास राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली प्राधिकरण (एनएबीएच) का फाइनल सर्टिफिकेट होगा। जिन अस्पतालों के पास यह मान्यता नहीं है, वे योजना से बाहर कर दिए जाएंगे। इस सख्ती के बाद भोपाल समेत पूरे प्रदेश के सैकड़ों अस्पतालों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।



### बड़ी संख्या में बाहर हो सकते हैं अस्पताल

जानकारी के मुताबिक पूरे मप्र में 984 सरकारी और 640 प्राइवेट यानी कुल 1,624 अस्पताल आयुष्मान योजना से इम्पैनल हैं। इनमें से सिर्फ 295 अस्पतालों को ही एनएबीएच का फाइनल सर्टिफिकेट मिला है। भोपाल में 29 सरकारी और 194 प्राइवेट अस्पताल इस योजना से जुड़े हैं। लेकिन इनमें से बहुत कम अस्पताल एनएबीएच से मान्यता प्राप्त हैं। इसका सीधा मतलब है कि अप्रैल 2026 के बाद बड़ी संख्या में अस्पताल आयुष्मान से बाहर हो सकते हैं।

### योजना के समय क्यों नहीं मांगा सर्टिफिकेट

मप्र नर्सिंग होम एसोसिएशन और आईएमए स्टेट जबलपुर ने इस आदेश का विरोध किया है। दोनों संगठनों ने 23 सितंबर 2025 को जारी सर्कुलर के खिलाफ आयुष्मान भारत के राज्य कार्यालय को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि जब अस्पतालों को योजना में जोड़ा गया था, तब एंट्री लेवल एनएबीएच या अन्य क्वालिटी सर्टिफिकेट ही पर्याप्त माने गए थे। अब अचानक 6 महीने के भीतर फाइनल लागू करना एग्रीमेंट की शर्तों का उल्लंघन है। क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में भी फाइनल की कोई अनिवार्यता नहीं है। यह एक वॉलंटरी एक्रिडिटेशन है, जिसे मजबूरी बनाना गलत है। जबकि, अभी देश के ज्यादातर राज्यों में फाइनल जरूरी नहीं है। न ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इसे अनिवार्य किया है। ऐसे में मप्र की यह शर्त अलग-थलग और अनुचित है।

### गुणवत्ता, सुरक्षा और सेवाओं की पुष्टि करता है सर्टिफिकेट

एनएबीएच का सर्टिफिकेट अस्पतालों की गुणवत्ता, सुरक्षा और सेवाओं की पुष्टि करता है। इसमें 600 से ज्यादा पैरामीटर की जांच की जाती है। मरीजों की सुरक्षा, सफाई, दवा की उपलब्धता, नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी, इमरजेंसी सुविधाएं, सर्जरी और इलाज की स्टैंडर्ड प्रक्रियाएं इसमें शामिल होती हैं। यह स्वास्थ्य सेवाओं के लिए देश का सबसे उच्च स्तर का सर्टिफिकेट माना जाता है। सरकार का मानना है कि एनएबीएच सर्टिफिकेट मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण इलाज दिलाने का भरोसा देता है। अब निजी अस्पतालों ने सबसे बड़ा सवाल यह उठाया है कि जब प्रदेश के ज्यादातर सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल खुद से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, तो सिर्फ निजी अस्पतालों पर यह शर्त क्यों थोपी जा रही है। उनका कहना है कि यह भेदभावपूर्ण और अनुचित है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी की आयुष्मान योजना का उद्देश्य सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों की साझेदारी से गरीबों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

### छोटे अस्पतालों पर ताले लगने का खतरा

कई छोटे निजी अस्पताल भी आयुष्मान योजना से जुड़े हैं। जो योजना के तहत मरीजों का मुफ्त इलाज करते हैं। लेकिन इसकी प्रक्रिया इतनी महंगी और जटिल है कि छोटे अस्पताल इसे पूरा ही नहीं कर पाएंगे। नतीजा यह होगा कि ये अस्पताल आयुष्मान से बाहर हो जाएंगे। गरीब और आयुष्मान कार्डधारक मरीजों को इलाज के विकल्प बेहद कम हो जाएंगे। सरकारी अस्पतालों पर अचानक भार बढ़ेगा। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को राजधानी और बड़े शहरों में भर्ती होना मुश्किल होगा ।

# अल्पप्रवास पर शहर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष

### पार्टी पदाधिकारियों से की मुलाकात, किया स्वागत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का शनिवार को जबलपुर अल्प प्रवास हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल के साथ सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने स्वागत कर अगवानी की। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर गोंटेगांव में प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि देने गए हुये थे वहां से जबलपुर आगमन हुआ। प्रवास के दौरान अशोक रोहाणी, रविनंदन सिंह, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के निवास पहुंचे और उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं परिजनों से भेंट की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल दोपहर 1 बजे वायु मार्ग से मुंबई रवाना हुये एवं विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर शाम 5 बजे महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन से ग्वालियर रवाना हुये। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे आदि उपस्थित रहे।



# सीएम के आगमन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 6 अक्टूबर को जबलपुर प्रस्तावित प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टार राघवेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित संबंधित अधिकारी पीएमश्री कॉलेज महाकौशल में तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किया जाये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाकौशल कॉलेज प्रांगण में बने अतिरिक्त कॉलेज भवन का लोकार्पण किया जाना प्रस्तोवित है। निरीक्षण के दौरान कैंट विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ी मिली महिला

### कटंगी थाने का मामला, लोगों से कहा किसी ने गोली मारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कटंगी के पास जबलपुर-दमोह मार्ग पर शनिवार सुबह एक महिला सड़क किनारे घायल हालत में मिली। राहगीरों ने उसे तड़पता देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। कटंगी पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। ग्रामीणों के मुताबिक महिला हरी साड़ी पहने हुए थी और उसके पैर व कमर में गंभीर चोटें थीं, जिनसे खून बह रहा था। लोगों ने पास जाकर बात की तो महिला ने बताया कि मुझे किसी ने गोली मार दी है और मेरा मोबाइल छीन लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि महिला पर हमला कहां और क्यों हुआ।

**पहले भी कर चुकी हरकत** - इस मामले में कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि महिला एक ही बात बार-बार कह रही थी कि उसे गोली लग गई है, हालांकि शरीर पर चोट के निशान है, जो गिरने से बने थे। महिला बैतूल जिले के रहने वाली है जिसका नाम अनीता चौकीकर है। मानसिक रूप से कमजोर अनीता पति के साथ सत्संग में शामिल होने कुछ दिन पहले जबलपुर आई थी। शुक्रवार की दोपहर को अचानक ही वह जबलपुर से गायब हो गई थी, इसके बाद पति ने काफी देर तक तलाश की और फिर वह वापस से बैतूल लौट गया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला संभवत भटकते हुए कटंगी रोड तक पहुंच गई थी, उसके पिता से बात हुई है जो कि बैतूल से जबलपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। पिता का कहना है कि इससे पहले भी वह एक दो बार इस तरह की हरकत कर चुकी है।

# अन्नदाता परेशान, अधिकारी नहीं उठाते फोन

## किसानों ने कलेक्टर से मिलकर की शिकायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से भेंट कर किसानों की ओर से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा की गांव, खेत, किसान व कृषि के सभी विभागो से जुड़े अधिकांश अधिकारी, कर्मचारी किसानों व ग्रामीण जनो के फोन नही उठाते, यदि कभी कभार उठा लेते हैं तो उनका व्यवहार अत्यंत रूखा, पिंड छुड़ाने व झिड़की भरा तथा चिड़चिड़ा रहता है, व्हाट्सअप के मैसेज भी संज्ञान में नही लिए जाते, कार्यालयों में उनसे मिलना बहुत दुभर होता है। पहले तो चपरासियो की खुसामद करना पड़ती है, जैसे तैसे अंदर जाने मिलता है तो उससे भिखारियो जैसा व्यवहार किया जाता है, अधिकारी के सामने खड़े रहकर गिड़गिड़ा कर,निराश होकर, अपने स्वाभिमान से समझौता कर लुटा, असहाय व दुखी मन से घर लौट आता है। अन्नदाता की यह स्थिति अत्यंत असहनीय व पीड़ा दायक है। कलेक्टर से मांग की गई की वे कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वे किसानों के साथ मधुर व्यवहार करें तथा अपने कार्यालय में सम्मान पूर्वक उनकी समस्या सुनकर निराकरण कर उन्हें संतुष्ट करें । साथ ही किसानों के फोन उठाएं तथा उन्हें उचित जवाब देवे, किसानों के व्हाट्सएप मैसेज संज्ञान में लिए जाएं। ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में अखबारो में प्रकाशित समाचारों को अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्यवाही करें।

इस दौरान कृषक समाज के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल, रामकिशन पटेल, विवेक पटेल आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केन्द्रीय सामाजिक न्यायज एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार का आज रविवार 5 अक्टूबर की शाम 4 बजे सागर से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार रविवार को रात्रि विश्राम जबलपुर में ही करेंगे तथा सोमवार 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मानस भवन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार मानस भवन के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 12.15 बजे मानस भवन से सर्किट हाउस क्रमांक 1 पहुंचेंगे तथा दोपहर 3.40 बजे डुमना विमानतल से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## आज से नर्मदा महोत्सव की शुरूआत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संगमरमरी सौंदर्य के लिए मशहूर पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में नर्मदा महोत्सव का आयोजन आज 5 और 6 अक्टूबर को होगा। नर्मदा महोत्सव का यह लगातार 22 वें वर्ष आयोजन होगा। पूर्व के वर्षों की तरह नर्मदा महोत्सव का इस बार का आयोजन भी धुआंधार जलप्रपात के समीप मुक्ताकाशी मंच पर होगा। खास शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित किये जा रहे इस दो दिवसीय आयोजन में भजनों की सरिता बहेगी, वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम पर केन्द्रित नृत्या नाटिका भी प्रस्तुीत की जायेगी एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा भरतनाटयम और शास्त्री्य गायन प्रस्तुकत किया जायेगा।

# कोल्ड्रिफ और नेस्त्रो-डीएस सिरप के क्रय-विक्रय पर जबलपुर में लगी रोक

### जबलपुर से सप्लाई हुए कफ सिरप से छिंदवाड़ा में हुई है 11 बच्चों की मौत





जबलपुर (स्वतंत्र मत)। जिले में कफ सिरप कोल्ड्रिफ और नेस्त्रो-डीएस के क्रय-विक्रय, संधारण और वितरण पर आगामी सूचना तक रोक लगा दी गई है।

यह कार्यवाही किडनी में संक्रमण से छिंदवाड़ा जिले में हुई बच्चों की मृत्यु के सामने आये मामलों को देखते हुये की गई है। कोल्ड्रिफ और नेस्त्रो-डीएस सिरप के क्रय विक्रय, संधारण और वितरण पर रोक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा लगाई गई है। इस बारे में कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश में दवा के सभी थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को कोल्ड्रिफ सिरप के बैच नम्बर-एसआर 13 तथा नेस्त्रो-डीएस के बैच नम्बर-एक्यूडी 2559 के क्रय विक्रय, संधारण एवं वितरण को आगामी सूचना तक बंद करने के निर्देश दिये हैं। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी दवा विक्रेता के पास पूर्व से ही ये दवायें संधारित हो तो उन्हें इसकी सूचना तुरंत कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को देने कहा गया है। आदेश की प्रति जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को भी दी गई है तथा सभी दवा विक्रेताओं को इससे अवगत कराने कहा गया है ।

### औषधि विभाग की टीम ने मारा था छापा




औषधि विभाग के अधिकारियों की टीम ने गत दिवस ओमती थाना अंतर्गत कफ सिरप डिस्टिब्यूटर कटारिया फार्मासिटिकल्स पर छापा मारा था । स्वास्थ विभाग की 5 सदस्यों की टीम द्वारा जांच की गई। इस मामले में कटारिया फार्मासिटिकल्स के संचालक ने बताया कि उनके द्वारा चेन्नई की कंपनी से 660 कोल्ड्रिफ कफ सीरप की शीशियां मंगाई गई थी। जिसमें से सिरप की 594 शीशियां छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को जबलपुर से भेजी गई थी। शेष 66 शीशियां बची हुई थी, जिसमें से 16 शीशियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। वहीं बची हुई शीशियों को सील कर दिया गया है। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि उक्त कफ सिरप की सप्लाई जबलपुर में कहीं भी नहीं की गई थी ।

# पद्म भूषण डॉ गोविन्द दास की जयंती तक चलेगा स्वच्छता सेवा सांस्कृतिक साहित्यिक पखवाड़ा

### गांधी जयंती से हुई शुरूआत, शहीद स्मारक ट्रस्ट और हितकारिणी सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से लेकर पद्म भूषण डॉ गोविन्द दास की जयंती 16 अक्टूबर तक पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता सेवा सांस्कृतिक साहित्यिक आदि से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहीद स्मारक ट्रस्ट और हितकारिणी सभा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा हैं । पखवाड़े का शुभारंभ 2 अक्टूबर को पं. नित्य निरंजन खमंरिया द्वारा शहीद स्मारक में राष्ट्रपिता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि और विचार गोष्ठी के माध्यम से किया गया। शनिवार को हितकारिणी महाविद्यालय देवताल गढा में आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश चंद्र पाण्डेय ने गांधीजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापको और छात्र छात्राओं की उपस्थिति में गांधीजी के जीवन दर्शन सत्य और अहिंसा के संदेश पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने भी गांधीजी के विचारों पर भाषण कविता प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। पखवाड़े के अंतर्गत परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया छात्र - छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए सभी को स्वच्छ रहने की प्रेरणा दी एवं महात्मा गांधी की पुस्तक सत्य के प्रयोग के कुछ अंश प्रस्तुत किए। जिससे हम प्रेरित होकर उसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग में ला सकते हैं।

### छात्रों ने लगाए स्वच्छता के नारे

छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में नारे लगाए जिससे महाविद्यालय परिसर नारों से गूंज उठा स्वच्छता ही सेवा है गांधी का सपना स्वच्छ भारत अपना। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश चंद्र पांडे ने सभी को महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प दिलाया और गांधीजी के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया सभी छात्र- छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर को बड़े ही उत्साह पूर्वक साफ किया । कार्यक्रम में हितकारिणी देवताल विद्यालय के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव उपप्रार्चाय राजीव तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय, शेखर खम्परिया सहित महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ संगीता शुक्ला, डॉ पुष्पा शुक्ला, डॉ सरिता शर्मा, प्रो संदीप, प्रो अंकिता, प्रो अंजना सहित समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट में आज दिनांक 4-10-25 को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि कृष्णा भूमिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खैरी भेड़ाघाट का को रात में तेवर ब्रिज के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु रात्रि में जानकीरमण अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जिसके जानकी रमण अस्पताल से परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराये थे । दोपहर में दौरान उपचार के कृष्णा आदिवासी की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.